CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

हल्द्वानी, रविवार 29 जून 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 308 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 3 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द नासूर: धनखड़ पेज 2



नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में फिर शीर्ष पर खेल टाइम्स



मेरा ऐसा रूप जिसे मैंने खुद भी अब तक नहीं देखा था: रश्मिका मंदाना बॉलीवुड



सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दे रहा इजरायल: यूएन पेज 12

## 'कांटा लगा' फेम शेफाली जरीवाला का निधन

**मुंबई।** रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुई एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई। शेफाली जरीवाला



का अंतिम संस्कार शनिवार को किया गया। यह ओशिवारा के उसी श्मशान घाट पर होगा, जहां सिद्धार्थ शुक्ला का भी अंतिम संस्कार किया गया था। अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंची और सबूत जुटाए गए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने पति पराग त्यागी का बयान घर पर लिया। अब तक चार लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। शेफाली के घर के कुक और मेड से भी पूछताछ हुई है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

## लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ हाईवे फिर बंद

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के 31 राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। यूपी-बिहार समेत देश के 27 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र (मध्य), केरल में तेज बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के सोनप्रयाग में शुक्रवार देर रात तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इस वजह से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। रास्ते से मलबे को हटाने का काम जारी है। पुलिस ने यात्रियों को कुछ दूर पहले सुरक्षित स्थान पर ही रोक लिया है। राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है। जैसलमेर, जयपुर, सीकर, अलवर समेत 25 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई।

## छत्तीसगढ़ में 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार को कंपनी नंबर-2 के एक सक्रिय पार्टी सदस्य समेत 13 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इन सभी नक्सलियों पर कुल 23 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन सभी ने आईईडी ब्लास्ट, पुलिस पर फायरिंग, आगजनी जैसी गंभीर घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। नक्सलियों के आत्मसमर्पण कार्यक्रम में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) बीएस नेगी, डा. जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक, बीजापुर, यूलेण्डन यार्क, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मंयक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विनीत साहू, उप पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे। इन सभी आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार ने योजना के तहत 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मौके पर प्रदान की।

# खुलासा: कैप्टन सुमित सभरवाल ने बचाई 2000 जानें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून को एयर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या हजारों में हो सकती थी। हालांकि, कैप्टन सुमित सभरवाल (56) की सूझबूझ की वजह से कई जानें बच गईं।




सूत्रों के अनुसार, कैप्टन सुमित को जब ये अहसास हो गया कि वे विमान क्रैश होने से नहीं रोक सकेंगे तो उन्होंने जानबूझकर विमान को ऐसी जगह गिराया जहां नुकसान कम से कम हो। बोइंग 787 विमान मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर गिरा। यह इलाका कम आबादी वाला था, लेकिन इसके चारों ओर घनी बस्ती और तीन बड़े अस्पताल हैं। विमान 3 सेकंड पहले या बाद में गिरता, तो तबाही बहुत बड़ी होती। क्रैश साइट के दाईं ओर मिलिट्री हॉस्पिटल है। आगे सिविल अस्पताल और थोड़ी दूरी पर गुजरात कैंसर सोसाइटी मेडिकल कॉलेज भी है। दुर्घटना के बाद हादसे की जगह की जांच के दौरान मौजूद एक विमानन अधिकारी ने बताया कि गिरते हुए विमान की ट्रैजेक्टरी के अनुसार यह सीधा 1200 बेड वाले सिविल हॉस्पिटल पर क्रैश होने जा रहा था। शुरुआती जांच से पता चलता है कि पायलट ने इसे कुछ सेकंड पहले ही डाउन कर दिया। इससे, यह मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की छत से फिसलते हुए पेड़ों के बीच गिरा।

> ■ कुछ सेकंड पहले ही डाउन कर दिया था प्लेन, तीन सेकंड की देरी से बहुत बड़ी तबाही होती

# IPS पराग जैन रॉ चीफ बने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने 1989 बैच के पंजाब कैडर के आईपीएस पराग जैन को देश की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया चीफ नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा।

वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जो 30 जून (आज) को रिटायर हो रहे हैं। पराग लंबे समय से रॉ से जुड़े हैं। उन्होंने रॉ के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल के साथ मिलकर काम किया है। वे पाकिस्तान डेस्क को संभाल रहे हैं।



> ■ एक जुलाई से चार्ज संभालेंगे, दो साल का कार्यकाल रहेगा

# पीओके में पाक ने फिर बनाने शुरू किए आतंकी ठिकाने

## घने जंगलों में बना रहा हाईटैक ट्रैनिंग कैम्प, 13 लॉन्चपैड डेवलप करने में दोबारा जुटा

इस्लामाबाद, वार्ता

**पाकिस्तानी** सेना, सीक्रेट एजेंसी आईएसआई और पाक सरकार मिलकर भारत के ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए आतंकी ठिकानों और ट्रेनिंग कैंप्स को फिर से बना रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तानी सेना की मदद से आतंकी संगठन अब लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास घने जंगलों में छोटे और हाई-टेक ट्रेनिंग कैंप बना रहे हैं। इनका मकसद भारतीय सेना की निगरानी और हवाई हमलों से बचना है। ये कैंप्स लुनी, पुटवाल, ताइपु पोस्ट, जमीला पोस्ट, उमरनवाली, चप्रार, फॉरवर्ड कहुटा, छोटा चक और जंगलोरा जैसे इलाकों में बनाए जा रहे हैं। इनमें थर्मल इमेजर, जंगल में निगरानी करने वाले रडार और सैटेलाइट को चकमा देने वाली तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है। पाकिस्तान पीओके में फिर से 13 लॉन्चपैड डेवलप कर रहा है। इनमें केल, शारदी, दुधनियाल, अथमुकाम, जुरा, लीपा वैली, पचिबन चमन, तंदपानी, नैयाली, जानकोट, चकोटी, निकैल और फॉरवर्ड कहुटा शामिल हैं। इसके अलावा, जम्मू सेक्टर की इंटरनेशनल बॉर्डर पर मसरूर बड़ा भाई, चप्रार, लुनी और शकरगढ़ में चार लॉन्चपैड बना रहे हैं। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पीओके में मौजूद कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। आईएसआई अब बड़े आतंकी कैंप्स की जगह छोटे-छोटे कैंप बनाने पर फोकस कर रही है। ताकि किसी हमले में नुकसान को कम किया जा सके। हर कैंप का अपनी सिक्योरिटी सिस्टम होगा, जिसमें खास तरह से ट्रेंड पाकिस्तानी सैनिक तैनात होंगे। ये सैनिक थर्मल सेंसर, लो फ्रीक्वेंसी वाले रडार और एंटी-ड्रोन तकनीक से लैस होंगे। सीक्रेट एजेंसियों ने बहावलपुर में हुई एक सीक्रेट बैठक की जानकारी भी इंटरसेप्ट की है।



> भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में तबाह किए थे | पाक का मकसद भारतीय सेना की निगरानी करना

### राजनीतिक अस्थिरता के बीच धामी का कीर्तिमान

# धामी बने उत्तराखंड में भाजपा के सबसे लंबी पारी वाले सीएम

मोहम्मद शाह नजर

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को प्रदेश में भाजपा के अपने सभी पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल को पीछे छोड़ते हुए सबसे लंबे समय तक पद पर बने रहने का कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। राज्य गठन के बाद वे दूसरे ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं जिन्होंने सबसे लंबा कार्यकाल पूरा किया है। इस सूची में शीर्ष पर अब भी कांग्रेस के दिवंगत दिग्गज नेता पंडित नारायण दत्त तिवारी हैं, जिन्होंने बतौर मुख्यमंत्री पूरा पांच वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किया था।

मुख्यमंत्री धामी ने यह उपलब्धि अपने पूर्ववर्ती भाजपा मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के अचानक पद से हटाए जाने के बाद हासिल की। उल्लेखनीय है कि त्रिवेंद्र सिंह रावत को पार्टी हाईकमान ने उनके कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने से एक सप्ताह पहले ही, 10 मार्च 2021 को, इस्तीफा देने का आदेश दिया था। उस समय ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में विधानसभा का बजट सत्र चल रहा था, और सदन में गरमागरम चर्चा के बीच यह फैसला चौंकाने वाला रहा। त्रिवेंद्र सिंह रावत आज भी कभी-कभी प्रदेश सरकार के विरुद्ध तीखे और असहज बयान देकर अपनी नाराज़गी जाहिर करते हैं। भाजपा के इस अप्रत्याशित फैसले से न केवल जनता बल्कि राजनीतिक विश्लेषक भी हतप्रभ रह गए थे। हाईकमान ने उन्हें पद से हटाने के बाद एक और चौंकाने वाला निर्णय लिया और पौड़ी गढ़वाल से सांसद -शेष पृष्ठ दो पर



अब सिर्फ एनडी तिवारी से पीछे हैं पुष्कर सिंह धामी

# अधिकारों की रक्षा को अदालतों की सक्रियता जरूरी

नागपुर, वार्ता

**देश के** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए न्यायिक सक्रियता जरूरी है। यह बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदला जा सकता।

सीजेआई ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के तीनों अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को उनकी सीमाएं दी गई हैं। तीनों को कानून के अनुसार काम करना होगा। जब संसद कानून या नियम से परे जाती है, तो न्यायपालिका हस्तक्षेप कर सकती है। सीजेआई गवई नागपुर जिला कोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां उन्होंने कुछ किस्से साझा किए। अपने माता-पिता के संघर्षों के बारे में बताया।



# शुभांशु, गाजर का हलवा ले गए थे क्या?

## पीएम मोदी ने अंतरिक्ष गए शुभांशु शुक्ला से की बातचीत

शाह टाइस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्सिओम मिशन 4 पर गए भारतीय एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला से वीडियो कॉल पर बातचीत की। प्राइम मिनिस्टर ऑफिस ने 5.49 बजे बातचीत का वीडियो जारी किया। दोनों के बीच करीब 18 मिनट बातचीत हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा कि हां साथियों के साथ बैठकर खाया। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु दो दिन पहले 28 घंटे के सफर के बाद 26 जून की शाम 4.01 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं। वे एक्सिओम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी।




> ■ पूछा: इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर आपने अपने साथियों को हलवा खिलाया क्या

## शिशु मृत्यु दर में 86 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में 'शून्य टीका' वाले बच्चों का प्रतिशत वर्ष 2023 के 0.11 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2024 में 0.06 प्रतिशत रह गया है, जिसके कारण शिशु मृत्यु दर प्रति लाख 80 दर्ज की गई है। संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की बाल मृत्यु दर अनुमान रिपोर्ट 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की शिशु मृत्यु दर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 80 है, जो वर्ष 1990 के बाद से 48 प्रतिशत की वैश्विक कमी की तुलना में 86 प्रतिशत की गिरावट है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है।
इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं।
इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं।
यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घें-घें-औं-औं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S.(U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S.(U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पुर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पुर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो. : 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

**कोलकाता गैंगरेप केस**

# मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि

कोलकाता, वार्ता

**कोलकाता** के लॉ कॉलेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (सीएनएमसी) में की गई थी।

कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है। गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने एक जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था। वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा कि अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है, तो क्या किया जा सकता है। घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मनोजीत मुख्य आरोपी है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। जबकि जैब और प्रमित कालेज के छात्र हैं।



> ■ पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले, मारपीट की भी पुष्टि

## एएक्स-4 चालक दल ने शोध अध्ययन को की तैयारी शुरू

**चेन्नई।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में चार सदस्यीय चालक दल ने शोध अध्ययन के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। एक्सिओम स्पेस ने 27 जून को एक अपडेट में कहा था कि एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला 'शक्स', मिशन विशेषज्ञ स्लावोज़ 'सुवे', उज्नान्स्की-विस्निवेस्की और मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापू ने आईएसएस पर अपना पहला दिन पूरा किया, जो उड़ान के तीसरे दिन का अंत था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में पहली बार 360 शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला

**लखनऊ।** यूपी में पहली बार सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला किया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई इस पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कुल 360 शिक्षकों के ऑनलाइन तबादले किए गए हैं। तकनीकी खामियों और दस्तावेजी त्रुटियों के चलते 106 शिक्षकों के तबादला आवे. दन निरस्त कर दिए गए। ऑनलाइन तबादले की यह प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी की देखरेख में पूरी की गई। तबादला आदेश विभाग की आधिकारिक वेबसाइट मबंपक. मकजतंदेमितणनचेकबणहवअण पद पर अपलोड कर दिए गए हैं, जिन्हें संबंधित शिक्षक लॉगिन कर देख सकते हैं। यह पहला मौका है जब राज्य में एडेड विद्यालयों के शिक्षकों के लिए ऑनलाइन तबादले की प्रक्रिया अपनाई गई है।

### प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए: सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** प. बंगाल में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने राष्ट्रपति शासन लागू करने और सेना तैनात करने की मांग की है। कोलकाता में सामूहिक बलात्कार मामले में पश्चिम बंगाल के एलओपी और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिक. ारी ने कहा कि राष्ट्रपति शासन या अनुच्छेद 355 लागू किया जाना चाहिए और सेना और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाना चाहिए। जब तक आप ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर नहीं करेंगे, तब तक ऐसा होता रहेगा। पूरी पार्टी बलात्कारियों, भ्रष्ट और राष्ट्र-विरोधी लोगों की है। जिसके कारण प्रदेश में अपराध पनप रहे हैं और सरकार नाकाम है।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने मोदी सरकार पर बोला हमला

# जनता की जेब काटने में लगी सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ लगातार महंगाई बढ़ने से घरेलू बचत घट रही, पिछले तीन साल से यह क्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार हमला करते हुए शनिवार को कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार आवश्यक वस्तुओं के आकाश छूते दामों को रोकने के उपाय करने की बजाय जनता की जेब काटने में लगी है।

खड़गे ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि महंगाई बढ़ने के कारण घरेलू बचत लगातार घट रही है और पिछले तीन साल से यह क्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार भले ही 'अमृत काल' मना रही है लेकिन सच यह है कि लोगों की बचत बंद हो गई है और उसके घरेलू खर्चों पर लगाम लग गई है। उन्होंने कहा कि बचत बंद, घरेलू खर्चों पर लगाम, ये है 'अमृत काल' के परिणाम। बचत बैंक खाते पर ब्याज दर 25 वर्षों में सबसे निचले पायदान पर आ गई और घरेलू बचत 50 वर्षों में सबसे कम तो हुई थी, पिछले तीन वर्षों से लगातार गिरावट देखने को मिली। ऐसा लगता है कि मोदी सरकार ने जनता की जेब काटने का ठेका ले रखा है।

### भाजपा को समानता पसंद नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मूलत: पिछड़ा वर्ग, आरक्षण तथा संविधान विरोधी है, इसलिए मध्य प्रदेश में करीब 50 प्रतिशत आबादी वाले ओबीसी समुदाय को आरक्षण नहीं दे रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रमुख डा. अनिल जयहिंद ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश की आधा आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है और सारे फैसले इस वर्ग को आरक्षण देने के पक्ष में है, इसके बावजूद भाजपा सरकार इस वर्ग के लोगों को उनका अधिकार नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह रुख दिखाता है कि वह न सिर्फ ओबीसी, आरक्षण और संविधान विरोधी है, बल्कि उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता भी पसंद ही नहीं है।

### नरसिम्हा राव को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पीवी नरसिम्हा राव को उनकी 104वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। खड़गे ने कहा कि हम पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी सरकार की दूरगामी आर्थिक उदारीकरण नीतियों ने अभूतपूर्व राष्ट्रीय विकास के युग को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये सुधार मध्यम वर्ग के उत्थान और विस्तार में महत्वपूर्ण थे, जिसने अधिक मजबूत और लचीले भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी।

# संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द नासूर

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का आपातकाल पर बड़ा हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्दों को नासूर करार देते हुए कहा है कि इससे संविधान की आत्मा का अपमान हुआ है।

धनखड़ को शनिवार को उपराष्ट्रपति निवास में आयोजित एक समारोह में कर्नाटक के पूर्व विधायक और लेखक डीएस वीरैया द्वारा संकलित 'अंबेडकर के संदेश' पुस्तक की पहली प्रति भेंट की गई। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति ने संविधान की प्रस्तावना को बदले जाने को गंभीर विषय बताया और कहा कि प्रस्तावना वह आधार है, जिस पर पूरा संविधान टिका है। उन्होंने कहा कि अन्य किसी भी देश के संविधान की प्रस्तावना में इस तरह का बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना अद्वितीय है। भारत को छोड़कर दुनिया के किसी भी देश की संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ है और क्यों? प्रस्तावना अपरिवर्तनीय है। प्रस्तावना आधार है, जिस पर पूरा संविधान टिका है। यह उसकी बीज-रूप है। यह संविधान की आत्मा है। लेकिन भारत की इस प्रस्तावना को 1976 में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत बदल दिया गया और समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्द जोड़ दिए गए।



धनखड़ ने आपातकाल को लोकतंत्र का अंधकारमय दौर बताया और कहा कि इसकी कड़ी से कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपातकाल-भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय दौर था। जब लोग जेलों में थे, मौलिक अधिकार निलंबित थे। उन लोगों के नाम पर हम भारत के लोग जो खुद उस समय दासता में थे, क्या सिर्फ शब्दों का प्रदर्शन किया गया? इसकी शब्दों से परे जाकर निंदा की जानी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने इसकी प्रस्तावना को अत्यंत परिश्रम से सोच विचार कर तैयार किया होगा, लेकिन जब देश के लोगों पर आपातकाल का बंधन था उस समय इसे बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि हमें आत्मलचतन करना चाहिए। डा. अंबेडकर ने अत्यंत परिश्रम से यह कार्य किया। उन्होंने अवश्य ही इस पर गहराई से विचार किया होगा। हमारे संविधान निर्माताओं ने प्रस्तावना को सही और उचित समझ कर जोड़ा था, लेकिन इस आत्मा को ऐसे समय बदला गया जब लोग बंधन में थे। भारत के लोग, जो सर्वोच्च शक्ति का स्रोत हैं, वे जेलों में थे, न्याय प्रणाली तक पहुंच से वंचित थे। धनखड़ ने विभिन्न संविधान पीठों द्वारा संविधान की प्रस्तावना की व्याख्या का भी उल्लेख किया।

# बीजेपी-कांग्रेस दोनों के चरित्र दोहरे: मायावती

■ प्रस्तावना में छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के संविधान की प्रस्तावना पर दिए गए बयान पर अब बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि समय समय पर संविधान में गैर जरूरी परिवर्तन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल भावना प्रस्तवान में दर्शाया गया है, उसमें छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए।

मायावती ने कहा कि दोनों पार्टियों के दिल में कुछ और और जुबान पर कुछ और होता है। मायावती ने कहा कि पार्टियों को अपने संकीर्ण विचार से ऊपर उठकर संविधान से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। मायावती ने कहा कि हमें भी अपनी आवाज को देशभर में उठाना पड़ेगा। इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश के कई राज्यों में भाषा के नाम पर राजनीति ठीक नहीं है, सभी भाषाओं को सम्मान देना चाहिए। सरकार और पार्टियों में टकराव होना ठीक नहीं है। मायावती ने बिहार में वोटर लिस्ट वाले मामले पर भी कहा कि चुनाव आयोग को अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए और पार्टियों को विश्वास में लेना चाहिए।

# भाजपा ने ममता बनर्जी से मांगा इस्तीफा

## कोलकाता लॉ कालेज में छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने कोलकाता के कस्बा लॉ कॉलेज में एक छात्रा के साथ जघन्य सामूहिक बलात्कार की घटना को राज्य सरकार के संरक्षण में हुआ अपराध करार देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफा देने की मांग की है तथा इस घटना की जांच के लिए एक चार सदस्यीय समिति गठित करने की घोषणा की है।

भाजपा के प्रवक्ता डा. संबित पात्रा ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बंगाल में जो रहा है उसको लेकर हम सब बहुत पीड़ा में हैं। बंगाल में महिलाओं के साथ इस प्रकार



के क्रूर व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। हम ममता बनर्जी स्पष्टीकरण नहीं मांग रहे हैं, हम उनसे माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता के लॉ कॉलेज में हुई इस भयावह घटना से पूरा देश दुखी है। आश्चर्य की बात है कि पश्चिम बंगाल किस दिशा में जा रहा है। यह दुखद है कि बंगाल में महिलाओं के खिलाफ इस तरह के जघन्य अपराध बार-बार सामने आ रहे हैं, जबकि यहां एक महिला मुख्यमंत्री हैं। यहां महिलाओं के साथ इतनी क्रूरता क्यों हो रही है। पीड़िता के बयान से पता चलता है कि यह राज्य प्रायोजित क्रूरता है। ऐसा कहने का कारण यह है कि कथित तौर पर कॉलेज यूनियन इसमें शामिल है। वह इसी कॉलेज का छात्र है, कानून की पढ़ाई कर रहा है और साथ ही सत्तारूढ़ पार्टी के छात्र संगठन से भी जुड़ा हुआ है। डॉ. पात्रा ने कहा कि 25 जून के दिन कोलकाता के कस्बा लॉ कॉलेज में लगभग 24-25 वर्षीय हमारी एक बहन, एक छात्रा के साथ जिस प्रकार का एक जघन्य गैंगरेप का केस हुआ है, उसको लेकर आज पूरे भारतवर्ष में एक दुख का माहौल है।

# यूपी के लापरवाह अफसरों पर फिर की सरकार ने कार्रवाई

■ सात अधिकारियों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक लापरवाही पर कड़ा कदम उठाते हुए एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

इस बार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2-0 के परती भूमि विकास विभाग के चार परियोजना प्रबंधकों और तीन अवर अभियंताओं को कर्तव्यहीनता के लिए उनके सेवा अभिलेखों में प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिका. रियों को ऐसे मामलों की बारीकी से निगरानी करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई के बाद भी इन अधिकारियों के आचरण में सुधार न होने पर कठोर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। परती भूमि विकास विभाग के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2-0 के लिए राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जीएस नवीन ने शुक्रवार को यहां बताया कि परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए नियमित विभागीय समीक्षा की जा रही है। हाल ही में परियोजना प्रबंधकों और अवर अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों से पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों का डीपीआर के अनुसार ब्योरा देने को कहा गया था।





सोना रु. 97,784
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 105193
प्रति किलो



### आईआईटी बॉम्बे में अवैध रूप से प्रवेश के मामले में सुरक्षा चूक का खुलासा

**मुंबई।** आईआईटी पवई में अवैध रूप से प्रवेश के मामले में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की जांच टीम ने संस्थान की सुरक्षा टीम की ओर से लापरवाही पर चिंता जताई है और परिसर की सुरक्षा में गंभीर चूक को भी उजागर किया है। गौरतलब है कि इस मामले में कर्नाटक के मंगलुरु के एक निवासी को अवैध रूप से छात्रावास में रहने और आईआईटी मुंबई में व्याख्यान में भाग लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। यह संस्थान भारत का प्रमुख तकनीकी संस्थानों और दुनिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। बिलाल अहमद फैयाज अहमद तेली नामक व्यक्ति ने कथित तौर पर संस्थान के भीतर जासूसी गति. विधियों को अंजाम दिया और 14 दिनों तक अवैध रूप से आईआईटी पवई के अंदर रहा, सुरक्षा कर्मियों की नजर में आए बिना लगभग आठ से 10 बार परिसर में स्वतंत्र रूप से आता जाता रहा। पुलिस को बिलाल के मोबा. इल फोन पर मैसेजिंग और कॉलिंग प्लेटफॉर्म आईएमओ और सिग्नल ऐप मिले हैं।

# एमएसएमई 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रदान कर रहा आजीविका

## वित्त मंत्रालय ने दी जानकारी, विकास यात्रा को गति मिली

**नई दिल्ली।** देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान कर रहे हैं।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिए जा रहे हैं। उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपए तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं, बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है। एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और

MSME
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES

टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम, पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख रुपए तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गई है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपए की गई है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेजी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गई है।

### इस सप्ताह सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही

**नई दिल्ली।** इस सत्ताह सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 21 जून को सोना 98,691 रुपए पर था, जो 28 जून को 95,784 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,907 रुपए कम हुई है। वहीं पिछले शनिवार को चांदी 1,06,775 रुपए पर थी, जो अब 1,05,193 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 1,582 रुपए कम हुई है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,570 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450 रही, जबकि मुंबम्र में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 रही, वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 थी, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,470 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,350 थी।

# दाल दलहन और अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे, तेलों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**

स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से शनिवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मूंग दाल, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस



प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17033 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14102 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**धामी बने...**तीरथ सिंह रावत को प्रदेश की बागडोर सौंप दी। तीरथ सिंह रावत तकनीकी रूप से प्रदेश के 12वें और भाजपा के 5वें मुख्यमंत्री बने। इससे पूर्व वे 2007 में प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रह चुके थे, लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में उनका चयन पार्टी को जल्द ही त्रुटिपूर्ण प्रतीत हुआ। फलस्वरूप, केवल 116 दिनों के भीतर (10 मार्च से 4 जुलाई 2021) पार्टी को दोबारा नेतृत्व बदलना पड़ा। इसके बाद पार्टी ने दो बार के विधायक पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री नियुक्त किया, जिन्हें राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री रहे भगत सिंह कोश्यारी का शिष्य माना जाता है। उत्तराखंड की विषम भौगोलिक स्थितियों और दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों के समग्र विकास के उद्देश्य से 9 नवम्बर 2000 को राज्य का गठन किया गया था। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक और इतिहासकार जयसिंह रावत ने शाह टाइम्स से बातचीत में बताया, अंतरिम सरकार के रूप में भाजपा के नित्यानंद स्वामी ने पहले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली, लेकिन पार्टी के आंतरिक विरोध के चलते वे एक वर्ष भी पूरा नहीं कर पाए और केवल 354 दिनों में उन्हें पद छोड़ना पड़ा। इसके बाद, आरएसएस से जुड़े भगत सिंह कोश्यारी को 30 अक्टूबर 2001 को मुख्यमंत्री बनाया गया, लेकिन वे भी केवल 122 दिन पद पर रहे। 2002 में जब पहली बार राज्य में पूर्ण बहुमत की निर्वाचित सरकार बनी, तो कांग्रेस के पंडित नारायण दत्त तिवारी ने मुख्यमंत्री पद संभाला और तमाम आंतरिक गुटबाज़ी के बावजूद उन्होंने पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा किया, जो अब तक का रिकॉर्ड है। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने कार्यकाल में 3 वर्ष 357 दिन पूरे किए थे, जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को 3 वर्ष 358 दिन का कार्यकाल पूरा करके उन्हें पीछे छोड़ दिया है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा के सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों भुवन चंद्र खंडूरी (दो बार मुख्यमंत्री), रमेश पोखरियाल निशंक और त्रिवेंद्र सिंह रावत को कार्यकाल की दृष्टि से पीछे छोड़ दिया है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने धामी की इस उपलब्धि को उनके नेतृत्व में प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून, भू-कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून और समान नागरिक संहिता जैसे कई जनहितकारी फैसलों का परिणाम बताया है।

# बुलडोजर बन गया अन्याय का प्रतीक: सपा

## बीजेपी गोरखपुर में मेट्रो तक नहीं चला पाई: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सत्ता के बल पर जमीन कब्जा रही है और विपक्षी नेताओं को दबाने के लिए बुलडोजर का दुरुपयोग कर रही है। इसी के साथ तंज कसते हुए उन्होंने सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए।

अखिलेश यादव ने कहा कि विधानसभा में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडे और विधान परिषद में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव गोरखपुर में व्यापारियों से मिलने गए थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी। यूपी विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने आरोप लगाया कि हमने 24 जून को जिला प्रशासन को जानकारी दे दी थी, फिर भी जब हम शिवपुर चौराहे के पास पहुंचे, तो बीजेपी विधायक और मेयर ने रास्ता रोककर हंगामा कराया। पुलिस ने हमारे कार्यकर्ताओं से धक्का-मुक्की की और गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी जहां भी जमीन देखती है, उसे कब्जाने के लिए बुलडोजर का सहारा लेती है। हमारे दोनों विपक्षी नेता वहां पहुंचे, तो उन्हें रोकने के लिए बुलडोजर लगा दिया। समा. जवादी पार्टी विकास के खिलाफ नहीं है, लेकिन सरकार को लोगों को बाजार दर पर मुआवजा देना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर में बीजेपी राज्य सरकार के 9 साल और केंद्र सरकार के 11 साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक मेट्रो नहीं चली। अगर गोरखपुर के लोग मुंह खोल देंगे, तो विरासत गलियारा नहीं, हिरासत गलियारा बन जाएगा। अखलिश ने कहा कि बीजेपी सरकार ने 9 साल में एक भी नया बिजली प्लांट शुरू नहीं किया, जो प्लांट चल रहे हैं, वे समाजवादी सरकार में शुरू किए गए थे। अब सरकार बिजली बेचने की तैयारी में है।

### सरकार बदलने पर ही मिलेगा आजम को न्याय

**लखनऊ।** सपा नेता आजम खान से मिलने के बाद तंजीम फातिमा के दिए गए बयान पर अब सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि उन्हें न्याय तभी मिल सकता है जब ये सरकार बदल जाए, उनके साथ अन्याय हो रहा है। हम सब भगवान और ईश्वर को मानने वाले लोग हैं, सबका भरोसा भगवान और ईश्वर पर है। न्याय सरकार बदल जाए तब मिलेगा या फिर भगवान से मिलेगा। इसके साथ ही सपा मुखिय अखिलेश यादव ने आरएसएस के बयान पर कहा कि जो लोग आरक्षण और संविधान के विरोधी हैं,जब वह सीधे-सीधे आरक्षण को खत्म करने के लिए नहीं बोल सकते हैं, तब वह समाजवादी शब्द हटाने की बात करते हैं। जिन लोगों का दिमाग नफरत और नकारात्मक राजनीति से भरा हुआ है,जो बांटकर समाज में दीवार खड़ी कर राजनीति करना चाहते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रेड अलर्टः उत्तराखंड में अगले 3 दिन भारी से भारी बारिश

## नदियों के किनारे के लोगों को बरतनी होगी दिन रात सावधानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राज्य में अगले तीन दिन मौसम के मद्देनजर भारी से भारी बारिश वाले रहेंगे। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए राज्य के सभी जनपदों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। और लोगों को सतर्कता बरतने व सावधान रहने के लिए कहा है। राज्य के मैदानी जनपदों में भारी से भारी बारिश के कारण जलभराव, नदियों का जल स्तर बढ़ने की संभावना बताई है जिससे नदी नालों के किनारे वाले लोगों को दिक्कतें हो सकती हैं। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह ने मौसम की अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल एवं चंपावत जिलों को रेल अलर्ट में रखा गया है।



- 29 और 30 जून सहित 01 जुलाई तक सावधानी बरतने की जरूरत
- देहरादून, हरिद्वार पौड़ी, ऊधमसिंहनगर नैनीताल, चंपावत में रेड अलर्ट
- मौसम विभाग ने पूरे राज्य में कहीं भारी, कहीं भारी से भारी बारिश बताई

मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह के अनुसार 28 जून से लेकर 01 जुलाई तक राज्य में मौसम का मिजाज कुछ ज्यादा ही बिगड़ा रहेगा। जिसमें 28 जून आज शनिवार को ही मौसम ने राजधानी देहरादून सहित राज्य के कई जिलों में अपना पूरा असर दिखाया और कई स्थानों पर भारी बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार 29 जून (आज रविवार), 30 जून और 01 जुलाई को उत्तरकाशी, टिहरी, पिथौरागढ़ चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा जिलों में बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इनके अलावा देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, चंपावत और बागेश्वर में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए रेड अलर्ट घोषित किया गया है।

मौसम विभाग ने मैदानी जिलों में नदियों के किनारे के लोगों को नदी, नालों, नहरों के चल भराव से होने वाले प्रभावों को लेकर सावधान रहने को कहा है। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन, भू-धंसाव, नदियों के किनारे भू-कटाव, आकाशीय बिजली गिरने जैसे खतरों से आगाह भी किया गया है।

### आपदा प्रबंधन विभाग ने दिए निर्देश

राज्य के कई जिलों में भारी से भारी बारिश की मौसम विभाग चेतावनी और रेड अलर्ट को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी जिलों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश जारी किए हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने भी सभी जिलों से विशेष सतर्कता बरतने और किसी भी आपात स्थिति में कम से कम समय में रिस्पांस देकर बचाव राहत कार्यों के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

## हैवी बारिश अलर्टः सीएम धामी ने की सतर्क रहने की अपील



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के पहाड़ी और कुछ मैदानी क्षेत्रों में अगले 24 घंटे में अत्यधिक वर्षा की संभावना को देखते हुए, आम जनमानस से सतर्क रहने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर लोगों से अनुरोध करते हुए कहा है कि सभी लोग सतर्क रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें।

मुख्यमंत्री धामी ने रविवार 29 जून को उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जा रही उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) - 2025 में शामिल होने जा रहे परीक्षार्थियों से भी मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए समय से पहले अपने परीक्षा केंद्र के लिए प्रस्थान करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुरक्षा और परीक्षा दोनों ही सरकार के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्य सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और स्थानीय प्रशासन को हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को भी बारिश और अतिवृष्टि की संभावना को देखते हुए, स्थानीय प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने को कहा है।

## कांग्रेस ने पूछा, कहां हैं ऑल वैदर रोड ?



शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश में अभी मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हुआ और बरसात की शुरुआत में ही प्रदेश भर में सड़कें भरभरा कर ध्वस्त हो रही हैं तो आने वाले ढाई महीनों की बरसात में उत्तराखंड की सड़कों का क्या होगा इसकी कल्पना करना ही भयावह हो रहा है।

यह बात शनिवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही। धस्माना ने कहा कि चार धाम यात्रा मार्गों का हाल बेहाल है चाहे वो यमुनोत्री हो या गंगोत्री या केदार धाम और या बद्रीधाम चारों धनों के सड़क मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं और आए दिन तीर्थ यात्री व स्थानीय लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा रहे है। धस्माना ने कहा कि आज ही बद्रीनाथ के पास लामबगड़ में राष्ट्रीय राज मार्ग का बड़ा हिस्सा बह गया है। उन्होंने कहा कि यही हाल उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी व पौड़ी जनपद की सड़कों का है। उन्होंने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर तंज करते हुए पूछा कि आल वैदर रोड जिसका ढिंढोरा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सड़क परिवहन मंत्री से लेकर भाजपा के गली मौहल्ले के नेता दिन रात सोते जगते पिछले एक दशक से कर रहे हैं वो आल वैदर में बरसात के तीन चार महीने आते हैं या नहीं। धस्माना ने कहा कि यमुनोत्री धाम केदार धाम व बद्रीनाथ धाम में सड़कों के खस्ता हाल से यात्रियों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई उसका जिम्मेदार कौन हैं। श्री धस्माना ने कहा कि सरकार के सारे दावे जो यात्रियों की सुरक्षा के बारे में किए गए थे वो खोखले साबित हुए हैं।

# रेड अलर्ट के बीच आपदा प्रबंधन विभाग की मॉक ड्रिल

## बाढ़ से निपटने के लिए जनपद पूरी तरह तैयारः विनोद सुमन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मौसम विभाग द्वारा राज्य में अगले तीन दिन भारी बारिश के रेल अलर्ट के बीच ही 30 जून को उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बचाव व राहत कार्यों को लेकर मॉक ड्रिल भी आयोजित की जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर शनिवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों की टेबल टॉक हुई। हालांकि ये मॉक ड्रिल पहले से तय थी लेकिन इसी समय मौसम विभाग का अलर्ट भी जारी हो गया है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर राज्य के मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ का प्रभावी तरीके से सामना करने तथा जल भराव की स्थितियों से कारगर तरीके से निपटने के लिए 30 जून को प्रस्तावित मॉक ड्रिल की तैयारियों को शनिवार को अंतिम रूप दिया। मॉक ड्रिल को लेकर जनपदों की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए शनिवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की गई। इस दौरान जनपदों में जिन परिदृश्यों पर मॉक ड्रिल की जानी है, उन पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई तथा मॉक ड्रिल के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि इस वर्ष मौसम विभाग द्वारा सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। अत्यधिक बारिश होने के कारण राज्य के मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ तथा जलभराव जैसी समस्याओं से प्रभावी तरीके से निपटने, विभिन्न रेखीय विभागों के बीच समन्वय को बेहतर बनाने, उपकरणों तथा संसाधनों का आपदा के समय बेहतर से बेहतर उपयोग करने तथा वास्तविक आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों को प्रभावी तरीके से संचालित करने के लिए इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों तक फूड पैकेट एयर ड्राप करने का भी अभ्यास किया जाएगा।

### ये उच्च अधिकारी रहे मौजूद

यूएसडीएमए के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी-क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी ने मॉक ड्रिल के लिए क्या-क्या तैयारियां करनी हैं, इसके बारे में विस्तार से जनपदों को बताया। इस अवसर पर अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, अपर सचिव विनीत कुमार, संयुक्त सचिव एनएस डुंगरियाल, ड्यूटी ऑफिसर विजय कुमार, अनु सचिव ज्योतिर्मय त्रिपाठी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, एसडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट शुभांक रतूड़ी, संयुक्त सचिव ज्योतिर्मय त्रिपाठी, एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट राजू एस धपोला, अनु सचिव मिनी जोशी, डॉ. बिमलेश जोशी आदि मौजूद रहे।

# पंचायत चुनावः राज्य निर्वाचन आयोग ने नई तिथियों का किया ऐलान

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद नया चुनाव कार्यक्रम किया जारी

- दो चक्रों में चुनाव व 31 जुलाई को आएंगे पंचायत चुनावों के नतीजे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की नई तारीखों का ऐलान करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। पंचायत चुनावों का ये नया कार्यक्रम हाईकोर्ट नैनीताल के आदेशों के अनुपालन में किया गया है।

शुक्रवार को हाईकोर्ट नैनीताल ने पंचायत चुनावों पर लगाई रोक को हटाते हुए राज्य निर्वाचन आयोग को नया कार्यक्रम जारी करने के आदेश दिये दिए थे। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन के अनुसार शनिवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 30 जून को सभी जिला निर्वाचन अधिकारी ( हरिद्वार को छोड़कर) अपने अपने जिलों में पंचायत चुनावों के लिए विस्तृत चुनाव अधिसूचना जारी करेंगे। जिसमें ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, जिला पंचायत सदस्यों और प्रमुखों की संख्या, आरक्षण की स्थिति आदि की विस्तृत विवरण के साथ अधिसूचना जारी करते हुए सार्वजनिक की जाएगी। हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में ये अधिसूचना प्रचार माध्यमों से भी जनता के बीच तक पहुंचाई जाएगी। चुनाव आयोग ने शनिवार को जारी अपनी अधिसूचना में जिला निर्वाचन अधिकारियों को पंचायत चुनावों को संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश भी जारी किए हैं।

### पंचायत चुनावों का नया कार्यक्रम

नामांकन 2 जुलाई से 5 जुलाई तक, नामांकन पत्रों की जांच 7 से 9 जुलाई, नाम वापसी 10 एवं 11 जुलाई को, प्रथम चक्र का चुनाव चिन्ह आवंटन 14 जुलाई , द्वितीय चक्र का चुनाव चिन्ह आवंटन 18 जुलाई, मतदान प्रथम चक्र का 24 जुलाई को, मतदान द्वितीय चक्र का 28 जुलाई को, दोनों चक्रों के चुनाव परिणाम 31 जुलाई को

### पहले चरण (24 जुलाई) के मतदान वाले विकासखंड

1. अल्मोड़ा जनपद के ताकुला, धौलादेवी, ताड़ीखेत, भैंसियाछाना, लमगड़ा, चौखुटिया 2. जनपद ऊधमसिंह नगर के खटीमा, सितारगंज, गदरपुर, बाजपुर 3. जनपद चंपावत के लोहाघाट एवं पाटी 4. जनपद पिथौरागढ़ के धारचूला, डीडीहाट, मुनस्यारी, कनालीछीना 5. जनपद नैनीताल के बेतालघाट, ओखलकांडा, रामगढ़, धारी 6. जनपद बागेश्वर के बागेश्वर, गरुड़, कपकोट 7. जनपद उत्तरकाशी के मोरी, पुरोला, नौगांव 8. जनपद चमोली के देवाल, थराली, ज्योतिर्मठ, नारायणबगड़ 9. जनपद टिहरी के जौनपुर, प्रतापनगर, जाखणीधार, थौलधार, भिलंगना 10. जनपद देहरादून के चकराता, कालसी, विकासनगर 11. जनपद पौड़ी के खिर्सू, पाबौ, थलीसैंण, नैनीडांडा, बीरोंखाल, रिखणीखाल, एकेश्वर, पोखड़ा तथा 12. जनपद रुद्रप्रयाग के ऊखीमठ, जखोली और अगस्त्यमुनि ब्लॉक में मतदान होगा।

### दूसरे चरण (28 जुलाई) के मतदान वाले विकासखंड

1. अल्मोड़ा जनपद के सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, हवालबाग, द्वाराहाट, 2. जनपद ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर, काशीपुर, जसपुर, 3. जनपद चंपावत के चंपावत, बाराकोट, 4. जनपद पिथौरागढ़ के विण, मूनाकोट, बेरीनाग, गंगोलीहाट, 5. जनपद नैनीताल के हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल, कोटाबाग, 7. जनपद उत्तरकाशी के डुण्डा, चिन्यालीसौड़, भटवाड़ी, 8. जनपद चमोली के पोखरी, दशोली, नंदानगर, कर्णप्रयाग, गैरसैंण, 9. जनपद टिहरी के कीर्ति नगर, देवप्रयाग, नरेन्द्रनगर, चंबा, 10. जनपद देहरादून के डोईवाला, रायपुर, सहसपुर, 11. जनपद पौड़ी के यमकेश्वर, जयहरीखाल, दुगड्डा, द्वारीखाल, पौड़ी, कोट, और कल्जीखाल ब्लॉक में मतदान होगा।

## सीएम के सर्वाधिक कार्यकाल को पूरा करने वाले तिवारी के रिकार्ड को तोड़ेंगे धामीः भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि सीएम के सवाधिक कार्यकाल को पूरा करने वाले एनडी तिवारी के रिकार्ड को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तोड़ेंगे और उनके नेतृत्व मे भाजपा फिर जीत की हैट्रिक बनायेगी।



भट्ट ने पंचायत चुनावों की नई तारीखों के ऐलान का स्वागत करते हुए कहा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता का भरोसा जताया है। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी, समर्थित प्रत्याशी पैनल पर विचार शुरू करते हुए शीघ्र फाइनल नामों की घोषणा करेगी। उन्होंने कांग्रेसी बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि चुनाव एक चरण में हों या दो में यह चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन यह निश्चित है कि भाजपा बड़ी जीत की ओर अग्रसर है और यही कांग्रेस की चिंता है। मुख्यमंत्री धामी के 4 वर्ष पूर्ण होने को लेकर पूछे सवाल पर उन्होंने कहा कि वह सबसे अधिक कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री भी बनेंगे और उनके ही नेतृत्व में भाजपा 27 में हैट्रिक भी लगाएगी। सीएम धामी इस दिन हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री, एनडी तिवारी के बाद सर्वाधिक समय तक राज्य के मुख्यमंत्री रहने की सीमा को पार कर रहे हैं। उन्हे लग रहा है कि पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के ऐसे मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं जो एनडी तिवारी से भी ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रहेंगे।

## पंचायत चुनाव को लेकर सरकार की तैयारी पूरी : महाराज

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि उत्त्पराखंड के 12 जनपदों में होने वाले पंचायत चुनाव पर लगी रोक को नैनीताल हाई कोर्ट की ओर से हटाने के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की नई तारीख घोषित कर दी है। चुनाव को लेकर सरकार की पहले से ही पूरी तैयारी है।

महाराज ने कहा है कि उत्त्पराखंड के 12 जनपदों में होने वाले पंचायत चुनाव पर लगी नैनीताल हाई कोर्ट की रोक हटने के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की नई तारीखें घोषित कर दी हैं। नये चुनाव शेड्यूल के तहत 02 जुलाई से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी और 24 व 28 जुलाई 2025 को दो चरणों में मतदान सम्पन्न होगा और चुनाव परिणाम 31 जुलाई 2025 को घोषित कर दिया जाएगा। पंचायतीराज मंत्री महाराज ने कहा कि राज्य में पंचायत चुनाव को लेकर सरकार ने पहले से ही तैयारियां पूरी कर ली थी। पूर्व में घोषित चुनाव तिथियों के बाद हाईकोर्ट में याचिका डाली गयी थी। जिसमें इस याचिका के माध्यम से सरकार द्वारा 9 और 11 जून को जारी नियमावली और परिपत्र को चुनौती दी गई थी।

## पूर्व विधायक सुरेश राठौर 6 साल के लिए भाजपा से निष्काषित



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के पूर्व विधायक ज्वालापुर सुरेश राठौर को पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्काषित कर दिया गया है।

पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि सोशल मीडिया में उनके अमर्यादित आचरण को लेकर वायरल वीडियो का पार्टी संज्ञान लेकर उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किया था। चौहान ने कहा कि उनके द्वारा दिये गए जवाब से संगठन संतुष्ट नही था। उन्हे लगातार पार्टी की मर्यादा एठं सामाजिक आचरण का उल्लंघन दोषी पाया गया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर उन्हे 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्काषित कर दिया गया है।

## हिमाचल प्रदेश से भूसे के कट्टों में गौरीकुंड पहुंची शराब

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** हिमाचल से भूसा लेकर केदारनाथ यात्रा मार्ग के गौरीकुंड पहुंचे ट्रक से पुलिस ने 24 पेटी अवैध शराब बरामद की। चौकी प्रभारी गौरीकुंड सूरज कंडारी की सक्रियता से दो नेपालियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले के बाद से सवाल भी उठने शुरू हो गए हैं कि हिमाचल प्रदेश से उत्तराखण्ड के कई बैरियरों को पार कर ट्रक कैसे केदारनाथ यात्रा पड़ाव के गौरीकुंड पहुंचा।



केदारनाथ धाम यात्रा के नाम पर कुछ लोग ऐसे हैं, जो अपनी शर्म भी बेच खाए हैं और कृकृत्यों में लगे पड़े हैं। ऐसा ही एक मामला रुद्रप्रयाग पुलिस के सामने आया है, जब एक ट्रक वाहन संख्या एचपी 34 ई 4859 गौरीकुण्ड पहुंचा और इसमें खाने-पीने की सामग्री तो नहीं पर शराब जरूर मिली। पुलिस ने आवश्यक छानबीन की तो पाया कि दो नेपाली प्रमोद गंधर्वा पुत्र रुपलाल गाई, निवासी न्यू रोड 11 भेरी, जिला बाँके, नेपाल, हाल पता पतली कुल मनाली हिमाचल प्रदेश और चेतन पुत्र खुम बहादुर, निवासी ग्राम कोहलपुर, थाना- बाँके, वार्ड नं. 02, जिला बांके, हाल पता पतली कुल मनाली हिमाचल प्रदेश, इस ट्रक को लेकर आए हैं और इसमें भूसे के अन्दर शराब छिपाकर रखी है। पुलिस चेकिंग में कुल 24 पेटी यानि 288 बोतल शराब बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि यात्राकाल में अब तक पुलिस स्तर से आबकारी अधिनियम के तहत कुल 21 मुकदमें दर्ज कर 1526 बोतल शराब की बरामदगी की गयी है और 26 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त हुए आठ वाहन सीज किये गये हैं। बरामद की गई शराब की अनुमानित मूल्य करीब 10 लाख रुपए है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी गौरीकुंड सूरज कंडारी, आरक्षी अर्जुन सिंह, आरक्षी विनोद गुंसाई, भवान, रविन्द्र सहित अन्य शामिल थे।

## धामी ने मां के साथ लगाया पेड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अपनी माताजी बिशना देवी के साथ पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री के सुपुत्र दिवाकर ने भी इस अवसर पर पौधा लगाया। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाया जा सके। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि "माँ जीवन की पहली गुरु होती हैं और पर्यावरण हमें जीवन देता है।




माँ और प्रकृति दोनों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देता। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से अपील की कि वे अपनी माताओं के नाम से एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण स्वयं करें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा और अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य विभाग में 9 मृतक आश्रितों को मिली नौकरी

- विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बांटे नियुक्ति पत्र

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत अनुकंपा के आधार पर 9 मृतक आश्रितों को कनिष्ठ सहायक पद पर नौकरी प्रदान की गई है। इन सभी मृतक आश्रितों को विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नियुक्त पत्र वितरित किये। डॉ रावत ने सभी नव नियुक्ति कनिष्ठ सहायकों को भविष्य की शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि वह विभागीय दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे।

सूबे चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज अपने शासकीय आवास पर स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 9 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। विभागीय मंत्री ने कहा कि इन सभी लोगों को शैक्षिक योग्यता के आधार पर मृतक आश्रित कोटे के तहत कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्ति दी गई है। जिसमें सूरज कुमार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय टिहरी में तैनाती दी गई। इसी प्रकार पियूष पनियाल को सीएमओ कार्यालय देहरादून, श्रीमती चन्द्रकला गोस्वामी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र थल, पिथौरागढ़, अंकुर इन्द्रवाण को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगांव, उत्तरकाशी, कामना कुंवर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊखीमठ, रूद्रप्रयाग, सौम्या त्रिपाठी को उप जिला चिकित्सालय हल्द्वानी, प्रीतम सिंह नेगी को स्वास्थ्य महानिदेशालय देहरादून, जमुना पंवार को उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर, और विपिन नेगी को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पौड़ी में तैनाती दी गई। इस अवसर पर महा. निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा, निदेशक डॉ. शिखा जंगपांगी, डॉ. एन.एस. नपच्याल सहित विभागीय अधिकारी व मृतक आश्रित और उनके परिजन मौजूद रहे।

## सड़कों के निर्माण के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस के मानक ठीक किए जाएंः महाराज

शाह टाइमस संवाददाता

**देहरादून।** सड़क निर्माण में वन विभाग की मंजूरी के जो मानक पीएमजीएसवाई में लागू हैं वही लोक निर्माण विभाग में भी लागू किए जाने चाहिएं। जिससे प्रदेश में लोक निर्माण विभाग की सड़कें बगैर किसी रुकावट के आसानी से बन सकें। इसके लिए लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग और वन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से ठोस कदम उठाने के साथ-साथ पर्यटन कि दृष्टि से बंद ट्रैक रुटों को खोलना के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।



उक्त बात प्रदेश के पर्यटन एवं लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को सुभाष रोड़ स्थित अपने कैम्प कार्यालय में लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण के समय वन विभाग को फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए दुगनी सिविल भूमि दी जाती है, जबकि पीएमजीएसवाई में सड़क निर्माण के समय वन विभाग को भूमि क्षतिपूर्ति के रूप में कोई भूमि नहीं दी जाती बल्कि रिजर्व फॉरेस्ट में ही अधिग्रहित भूमि के लिए समतुल्य भूमि का पीएमजीएसवाई द्वारा वनीकरण किया जाता है। जिस कारण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क शीघ्र और आसानी से बन जाती हैं जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा दुगुनी भूमि की अनुपलब्धता होने पर सड़क निर्माण की प्रक्रिया में विलंब होता है। इसलिए सड़क निर्माण में वन विभाग की मंजूरी के जो मानक पीएमजीएसवाई में लागू है वही लोक निर्माण विभाग में भी लागू किए जाएं। जिससे लोक निर्माण विभाग बिना किसी रूकावट के आसानी से सड़कों का निर्माण कर सके। पर्यटन एवं लोक निर्माण मंत्री महाराज ने बैठक के दौरान अधिकारियों को बताया कि उन्होंने इस संबंध में हाल ही में केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव के देहरादून आगमन के समय में हुई मुलाकात के दौरान भी उनके सामने इस समस्या के समाधान के लिए कहा है। लोक निर्माण एवं पर्यटन मंत्री महाराज ने लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्हें यह भी निर्देश दिए कि उत्तराखंड के बुग्यालों में उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा कैंपिंग करने पर रोक लगा दी गई है उसे हटाने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि चमोली में वाण से रूपकुंड और घेस से बगजी ट्रैक दोनों ट्रैक जो कि बद्रीनाथ वन प्रभाग के अंतर्गत आते हैं उनको और नंदा देवी ट्रैक को खोलने के प्रयास करने के साथ साथ चोपता में टेंट लगाने की अनुमति दी जानी चाहिए। बैठक में प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा, सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्ब्याल, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता राजेश शर्मा, इको टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के सीईओ पी.के. पत्रो, मोर्थ के एस.ई. पूरण सिंह, अभिषेक रोहिला और एन. एच. प्रमुख मुकेश परमार आदि अधिकारी मौजूद थे।

# भीषण बारिश ने मचाई तबाही

## सरयू उफान पर, जनपद में तीन दर्जन से अधिक सड़कें बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** शुक्रवार की शाम से शनिवार की सुबह तक समूचे जिले में हुई भीषण बारिश से एक बार फिर तबाही मचा दी है। भीषण बारिश के कारण सीजन में पहली बार जिले के तीन दर्जन से अधिक सड़कें यातायात के लिए ठप हुई। रात भर हुई मूसलधार बारिश से सरयू नदी का जल स्तर घाटों के ऊपर व शवदाह ग्रह तक जा पहुंचा। नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए पुलिस व जिला प्रशासन ने नदी किनारे रह रहे लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से दूसरे स्थानों पर भेजा गया। वही नदी को देखने के लिए सुबह चार बजे से लोग सरयू तट पर पहुंचे। लोगों ने अपने अपने माध्यम से नदी की वीडियो व फोटो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड की। ताकि लोगों को खतरे से आगाह किया जा सके। जिले में बारिश से सबसे अधिक नुकसान कपकोट क्षेत्र में हुआ है। यहां कई जगहों पर लोगों के घरों में पानी घुसने के साथ साथ सड़कों में पहाड़ियों से बोल्डर व मलवा बह आया है। जिला मुख्यालय के कठायतबाड़ा में बने जल संस्थान के पंप हाउस में पानी भर गया है। जिसके चलते पंप ने काम करना बंद किया। आधे नगर में पानी की सप्लाई ठप हो गई है। इसके साथ ही लोगों के घरों में बने कुओं में भी मिट्टी भर गई। दिन भर उसकी सफाई करने में जुटे रहे। लोगों ने जल स्रोतों से पानी ढोकर अपनी प्यास बुझाई। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई है। कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ने जिलाधिकारी आशीष भटगाई, एसपी चंद्रशेखर घोड़के व जिले के अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरान किया।

**जिले में बंद सड़कें**

जिला आपदा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बंद प्रमुख रूप से 35 मुख्य व ग्रामीण सड़कें बंद रहीं। कपकोट कर्मी मोटर मार्ग, भानी हरसिंग्या बगड़, बैसानी पैंसारी, रमाणी कलोनी, खड़लेख भनार, हरसीला सीमा, चचई मोटर मार्ग, पुड़कुनी मोटर मार्ग, शोभाकुंड पोथिंग मोटर मार्ग, सोंग खलीधार मोटर मार्ग, कपकोट पिंडारी ग्लेशियर, बदियाकोट बोरबलडा, बदियाकोट कुंवारी, खड़लेख भनार, बड़ेत मोटर मार्ग, कपकोट कर्मी मोटर मार्ग, मुनार सूपी, भयू गुलेर मोटर मार्ग, रिखाड़ी बाच्छम, खाती मोटर मार्ग, कपकोट पोलिंग, धरमघर माजखेत, धरमघर सनगाड, शामा लीती गोगिना मोटर मार्ग, भयू गड़ेरा, चीराबगड़ पोथिंग, बालीघाट दोफाड़ चौरा आदि शामिल रही।

**आपदा से जिले में हुए नुकसान**

**बागेश्वर।** जिले में हो रही बारिश से मरीज भी परेशान हो गए हैं। जिला अस्पताल में बने चिल्ड्रन वार्ड में पानी टपकने लगा। परेशानी को देखते हुए मरीजों को जनरल वार्ड में शिफ्ट किया गया। लोगों ने अस्पताल प्रबंधन से छत ठीक करने की मांग की है। वहीं जिला मुख्यालय के जीत नगर में सरयू नदी के तेज बहाव के कारण चन्द्र सिंह कुंवर पुत्र लक्ष्मण सिंह कुंवर के घर के पास बनी सुरक्षा दीवार ढह गई। खतरे को महसूस करते हुए परिवार को अन्य दूसरी जगह भेजा गया है। कपकोट के भनार गांव के पाँखूं तोक में नरेंद्र को. रंगा पुत्र गोपाल सिंह के घर का आंगन आपदा की चपेट में आ गया। घर की लगातार बढ़ते दरारों को देखते हुए ग्रामीणों के सहयोग से रात्रि में पूरे परिवार व उनका घरेलू सारा सामान पड़ोसियों के वहां शिफ्ट किया गया। जबकि पड़ोसी जसपाल सिंह का पूरा आंगन भी बैठ गया है। परिजन डरे सहमे हुए है। इसी क्रम में दुगनाकुरी तहसील के ग्राम सभा सुरकाली गांव में रमेश सिंह सुरकाली पुत्र स्व धन सिंह सुरकाली के घर पीछे भूस्खलन हो गया। जिसकी चपेट में आकार उनके पशुओं को बंधने वाला कमरा दब गया। साथ ही पूरे मकान को खतरा बना हुआ है। घटना स्थल आर पहुंचे राजस्व निरीक्षक ने मौका मुआयना कर आख्या जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय को भेजी है। आपदा को भेंट विद्युत लाइन भी चढ़ी है। चौरा के पास हाई पावर विद्युत लाइन टूटकर बिखर गई। जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांव शुक्रवार की रात से अंधेरे में अपना जीवन यापन कर रहे है। इसके इत्र जिला प्रशासन व जिला आपदा कंट्रोल रूम शनिवार देर शाम तक आपदा के आंकड़े जुटाने में लगा रहा।

# पवन अग्रवाल बने चैम्बर के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** केजीसीसीआई की




वार्षिक आम सभा चैम्बर हाऊस में हुई। कार्यक्रम का संचालन चैम्बर के महासचिव आरके गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर चैम्बर की वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ जिसमें पवन अग्रवाल अध्यक्ष, रमेश कुमार मिड्ढा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अंकित बंसल कोषाध्यक्ष, नितिन अग्रवाल महासचिव तथा विकास अग्रवाल, भास्कर शर्मा, अश्वनी छाबड़ा, बीवी श्रीधर, विकास सिंह, राजीव कुमार गोयल, नरेश कुमार घई, संजय कुमार अदलखा, संजय अग्रवाल, आलोक कुमार गोयल, अभिषेक अग्रवाल, दुर्गेश मोहन, शरत गोयल, संजय कुमार सिंह व राजीव जिंदल सदस्य चुने गये। ज्ञातव्य हो कि चैम्बर की कार्यकारिणी का कार्यकाल 1 जुलाई से 30 जून तक होता है। इस दौरान चैम्बर अध्यक्ष अशोक बंसल द्वारा वर्ष 2024-25 में सम्पन्न क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला गया तथा महासचिव आरके गुप्ता द्वारा वर्ष भर के लेखे-जोखे की विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि वर्ष भर में कुल 12 प्रबंधन समिति की बैठकें सम्पन्न हुईं, जिनमें से अधिकांश रूद्रपुर, काशीपुर और सितारगंज में आयोजित की गईं। इन बैठकों में चैम्बर के प्रमुख फैसलों, नीतियों, और उद्योग जगत से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। चैम्बर ने कई बार उत्तराखंड सरकार, पावर कॉर्पोरेशन, श्रम विभाग, पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग, पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड, और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ मीटिंग्स कीं, और मैथनॉल मुद्दे, जीएसटी, श्रम निरीक्षण, पर्यावरण अनुपालन, और उद्योगों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई। नव निर्वाचित अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि वे राज्य में उत्तर प्रदेश के सामान ही एक नई औद्योगिक पॉलिसी के लिए राज्य स्तर के साथ-साथ केन्द्र स्तर पर भी प्रयास करेंगे। इस अवसर पर आलोक कुमार गोयल, विनीत कुमार संगल, चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष योगेश कुमार जिंदल, विजय कुमार जिंदल, विकास जिंदल, राजीव घई, मदन मोहन जिंदल, देवेन्द्र कुमार अग्रवाल, रामकुमार अग्रवाल, एसके मित्तल, नवीन झांजी, तुषार अग्रवाल, एस के हिंजर, जसबीर सिंह गोराया, विशाल गर्ग, विनीत अजीत सरिया, पुष्पेन्द्र मोहन सिंघल, पुनीत सिंघल, पी एस चौहान, मनोज अरोरा, रमेश उपाध्याय, विक्रांत चौधरी, विवेक अग्रवाल, अपूर्व जिंदल एवं अन्य विभिन्न उद्यमी उपस्थित थे।

## एक नजर

### ड्राइवर को झपकी लगने से डिवाइडर पर चढ़कर क्षतिग्रस्त हुआ डंपर

**काशीपुर।** रातभर सरपट दौड़ रहे डंपरों में से एक डंपर ड्राइवर को नींद की झपकी लगने से बेकाबू होकर रोड के बीच में बने डिवाइडर पर चढ़कर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात करीब 3 बजे अमरोहा से रामनगर जा रहे एक डंपर के ड्राइवर को नींद की झपकी लगने के चलते डंपर अचानक बेकाबू होकर स्टेशन रोड स्थित राधेश्याम बिल्डिंग के सामने डिवाइडर पर चढ़ गया। गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डंपर को रास्ते से हटाकर टांडा उज्जैन पुलिस चौकी के निकट खड़ा कर दिया गया है।

### खालसा फाउंडेशन की मुहिम लाई रंग

**काशीपुर।** खालसा फाउंडेशन हमेशा से सामाजिक हित के लिए संकल्पित रहा है। फाउंडेशन के जगमोहन बंटी ने बताया कि बात पिछले साल की है हमारी टीम ने वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए 1100 पौधे नगर में विभिन्न स्थानों पर लगाने का संकल्प लिया था, परंतु यह संकल्प पूरा कैसे होगा पता नहीं था, खालसा फाउंडेशन के सभी मित्रों का साथ मिला, विशेष तौर पर बाबा सुरेन्द्र सिंह जी कार सेवा दिल्ली, एमएनए विवेक राय नगर निगम काशीपुर, एसपी अभय प्रताप, दिलप्रीत सेठी आदि का सहयोग खालसा फाउंडेशन को मिला और हम 1100 पौधे लगाने में कामयाब हो गए। उन्होंने बताया कि पिछले सालों से हमारे द्वारा लगाए पौधों में से अब 60 प्रतिशत पेड़ का आकार ले चुके हैं। इस उपलब्धि पर खालसा फाउंडेशन के जगमोहन बंटी ने सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

### देवकी महरा को मिलेगा साहित्य सम्मान

**हल्द्वानी।** कुमाऊंनी भाषा और साहित्य के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित मथुरादत्त मठपाल की जयंती के अवसर पर 29 जून को आयोजित कार्यक्रम में देवकी महरा को इस वर्ष का मथुरादत्त मठपाल स्मृति साहित्य सम्मान दिया जायेगा। आयोजक मंडल सदस्य नवेंदु मठपाल ने बताया कि मथुरादत्त मठपाल ने कुमाऊंनी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए दुदबोलि पत्रिका का संपादन किया था। कुमाउनी के कई भाषा सम्मेलन आयोजित किए। कुमाऊंनी साहित्य को प्रकाश में लाने का महत्वपूर्ण काम किया। दुदबोलि परिवार हर साल उनकी जयंती पर एक साहित्यिक आयोजन करता है। इस मौके पर कुमाऊंनी साहित्य के लिए अपना योगदान देने वाले साहित्यकारों को मथुरादत्त मठपाल स्मृति साहित्य सम्मान प्रदान किया जाता है। इस वर्ष का सम्मान कुमाऊंनी की सुपरिचित कवियत्री देवकी महरा को दिया जा रहा है। इस मौके पर देवकी मेहरा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर भी चर्चा होगी। यह कार्यक्रम दुदबोलि और क्रिएटिव उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। इस मौके पर कुमाऊंनी के प्रसिद्ध कवि गोपालदत्त भट्ट पर केंद्रित दुदबोलि का अंक भी लोकार्पित होगा।

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन शनिवार को 358 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत उनके नेतृत्व में आंदोलन के तहत शनिवार को भगवती बैंक्विट हाल पिथौरागढ़ में हुए कार्यक्रम में पिथौरागढ़ निवासी गिरीश चंद्र जोशी के पुत्र योगेश व डाकटर आकांक्षा ने अपनी पुत्री के नामकरण संस्कार के अवसर पर दिनेश गुरु रानी की पहल एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पुत्री याति खुशबू की उपस्थिति में नामकरणपौध लगाया। योगेश व आकांक्षा ने कहा कि वह अब पुत्री खुशबू के हर जन्मदिन पर पौधारोपण करेंगे। और इस पौधे की देखभाल पुत्री खुशबू समझकर करेंगे। पौधा घर आंगन में खुशबू से महकेगा। नामकरण संस्कार समारोह में उपस्थित गिरीश जोशी, हरीश जोशी, योगेश जोशी, देवेश जोशी, राजेंद्र प्रसाद गुरुरानी तथा राजेश्वरी जोशी ने कार्यक्रम की सराहना की।

### अंतिम चरण में ग्रीष्म पर्यटन सीज़न

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में इन दिनों ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन अपने अंतिम चरण में है। वीकेंड के चलते शनिवार को नगर में अन्य दिनों की तुलना में पर्यटकों की काफी भीड़ नजर आयी। दोपहर बाद बारिश होने से पर्यटकों को जरुर परेशानी हुई लेकिन बारिश थमने के बाद फिर नगर में मेले जैसा माहौल नजर आने लगा। दूसरी ओर पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की अधिकता से इन दिनों नैनीताल समेत सभी दर्शनीय स्थलों में जाम की वजह से पर्यटकों समेत स्थानीय लोगों को काफी फजीहत उठानी पड़ रही है। नगर में पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही की वजह से इन दिनों पर्यटन कारोबार से जुड़े सभी कारोबारी भी खुश नजर आ रहे हैं। नगर के साथ ही समीपवर्ती भवाली, कैंची, सातताल, भवाली, नौकुचियाताल, घोड़ाखाल, गागर समेत अन्य दर्शनीय स्थलों में पर्यटकों की भीड़ भाड़ से रौनक बनी है। कारोबारियों का कहना है कि यह वीकेंड के बाद पर्यटकों की आमद कम हो जाएगी क्यों कि अब जुलाई माह से बरसात का सीजन शुरु हो जाता है।

# खराब संचार सेवाओं पर डीएम नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी बागेश्वर आशीष भटगाई ने पंद्रहपाली और आसपास के गांवों में लगातार खराब संचार सेवाओं की मिल रही शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि संचार सेवा मूलभूत आवश्यकताओं में शामिल है, और विशेषकर वर्तमान मानसून की परिस्थिति में इसकी सुलभता अत्यंत आवश्यक हो जाती है। स्थानीय नागरिकों द्वारा उठाई गई समस्याओं को देखते हुए जिलाधिकारी ने भारत नेट के प्रधान महाप्रबंधक सुमित गुप्ता से दूरभाष पर वार्ता की और क्षेत्र में संचार व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस पर सुमित गुप्ता ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि अगले दो दिनों के भीतर पंद्रहपाली क्षेत्र में संचार सेवाएं सामान्य कर दी जाएंगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संचार विभाग को निर्देशित किया कि सुधार कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए क्षेत्रवासियों को वास्तविक स्थिति की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि संचार सेवाएं न केवल सामान्य जीवन के लिए, बल्कि आपातकालीन स्थिति में त्वरित सूचना प्रेषण हेतु भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, और प्रशासन इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। **इधर,** जिलाधिकारी बागेश्वर आशीष भटगाई ने शनिवार को जिला मुख्यालय के समीप संचालित 15-बेड वाले नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपचाराधीन व्यक्तियों से संवाद किया और उनकी जरूरतों व अनुभवों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने केंद्र में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छता, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा सहयोग एवं परामर्श सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने रसोईघर एवं सामान्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र स्टाफ के नियमित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित और सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे केंद्रों का उद्देश्य केवल उपचार ही नहीं, बल्कि पुनर्वास के माध्यम से सामाजिक पुनर्स्थापन भी है, और इसके लिए सेवा की गुणवत्ता बनाए रखना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# अपहरण के दोनों आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नाबालिग लड़की को बरामद कर पुलिस ने अपहरण के आरोपी कैफे संचालक सहित दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विदित हो कि तहसील स्वार जिला रामपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने काशीपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी लगभग 17 साल की नाबालिग पुत्री दिनांक 24.06.2025 की शाम के लगभग 5.30 बजे के आस-पास अपनी बहन व बुआ की बेटी के साथ काशीपुर स्थित नानी के घर से बाजार गयी थी जो शाम के लगभग 8 बजे तक भी घर वापस नहीं आयी। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि जब उन्होंने अपनी पुत्री व बहन की बेटी से से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री को बाजार से रिहान पुत्र सरताज हुसैन व आले नबी पुत्र रहमत नबी अपने साथ डॉक्टर लाईन स्थित एक कैफे में ले गये थे, उक्त कैफे का मालिक आले नबी ही है। जब वे लोग अपनी बेटी को ढूंढने के लिये उक्त कॉम्पलैक्स मे गये तो वहां मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि उनकी पुत्री को रिहान व आले नबी अपने साथ ले गये हैं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने आले नबी से पूछा तो वह टालमटोल व गुम. राह कर रहा है। उन्हें पूरा यकीन है कि उनकी पुत्री को रिहान ही बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है, जिसमे उसका पूरा साथ आले नबी ने दिया है। उन्होंने रिहान व आले नबी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उनकी पुत्री को बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिहान व आले नबी के खिलाफ बीएनएस की धारा 317(2), 87 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक रिहान व आले नबी को गिरफ्तार कर पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर लिया है।

# मंडी समिति के महामंत्री ने सफाई दी

## पूरन सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बताया निराधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सब्जी मंडी में किसानों की उपज के लिए निर्मित नीलामी चबूतरे व अधिनियम के उल्लंघन और किसानों के हितों की अनदेखी करने को लेकर सीएम पोर्टल पर व सीएम को भेजे शिकायती पत्र के मामले में मंडी समिति के महामंत्री ने प्रेसवार्ता कर सभी आरोपों को निराधार बताया है।

मण्डी समिति गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उत्तराखंड मंडी समिति संघ के महामंत्री पूरन सिंह ने कहा कि सब्जी मण्डी में नीलामी चबूतरे से ही किराया वसूल हो रहा है, तो अब इसकी शिकायत क्यों हो रही है? कहा कि सहायक लेखाधिकारी का पदोन्नति चैनल मण्डी सचिव पद नहीं हैं किन्तु मण्डी समिति के सचिव पद का दायित्व सहायक लेखाधिक. ारी का सौंपा गया है। इस सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि उत्तराखण्ड गठन से लगातार सचिव पद का दायित्व अनेक लोगों को सौंपा गया जैसे लेखाधिकारी मण्डी परिषद को मण्डी समिति, हल्द्वानी, कैशियर/लेखाकार को मण्डी समिति, मंगलौर गन्ना विभाग से प्रतिनियुक्ति पर आये सुपरवाईजर को मण्डी समिति, ऋषिकेश, कोटद्वार एवं चमोली, कम्प्यूटर आपरेटर को मण्डी समिति, चमोली का सचिव प्रभार दिया गया है। जैसा कि पत्र में बताया गया है कि मंडी समितियों की विधि में है कि सचिव के लिए दो वर्ष का कृषि डिप्लोमा या कृषि से इंटरमीडिट के साथ भारत सरकार की ओर से संचा. लित मंडी सचिव प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। इस सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि उत्तराखण्ड की मण्डी समितियों में कार्यरत किसी सचिव के पास यह योग्यता नहीं है, तो क्या सभी सचिव पद योग्य नहीं हैं? सचिव पद पर रहे कार्मिकों के पास भी संदर्भित योग्यता और प्रशिक्षण नहीं था। मण्डी सचिव पद पर तैनाती का अधिकार प्रबन्ध निदेशक/ महाप्रबन्धक, विपणन बोर्ड को है और उनके द्वारा ही सभी समितियों में नियमानुसार सचिव पद पर तैनाती की जाती है। कहा कि जिनकी नजर में यह कार्य अगर गैरकानूनी है, तो उन्हें कानून की शरण में जाना चाहिए।

# रेलिंग से गिरकर युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल कोतवाली के सामने रेलिंग पर सोया युवक पलटकर डीएसए की गली में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने युवक को उठाकर राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार भवाली निवासी मनीष सिंह बिष्ट शनिवार को कोतवाली के समीप रेलिंग पर लेटा था। इस दौरान वह पलटकर डीएसए की गली में गिर गया। गली में लोगे का कबाड़ रखा होने के चलते युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान राहग. ीरों ने उसको उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के बाद उसको छुटटी दे दी है। मामले में जिला अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टमटा ने बताया कि युवक के चेहरे पर चोट आई है। उसका बेहतर उपचार देकर उसको छुट्टी दे दी है।

# प्रो. अतुल जोशी की व प्रो. सावित्री जंतवाल की पुस्तकों का विमोचन

## शिक्षण संस्था की आत्मा होती हैं पुस्तकें: राज्यपाल गुरमीत सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** उत्तराखंड के राज्यपाल एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुला. धिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह ने शुक्रवार को राजभवन नैनीताल में कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी द्वारा लिखित पुस्तक कुमाऊँ विश्वविद्यालय: इतिहास एवं विकास तथा इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. सावित्री कैड़ा जंतवाल द्वारा लिखित पुस्तक स्वातंत्योतर उत्तराखंड में महिलाओं की भूमिका (उत्तराखंड आंदोलन के विशेष संदर्भ में) का विमोचन किया। इस महत्वपूर्ण मौके पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. रावत ने राज्यपाल को अवगत कराया कि जन आंदोलनों की पृष्ठभूमि में वर्ष 1973 में स्थापित कुमाऊँ विश्वविद्यालय की विकास यात्रा इसकी बौद्धिक परंपराएँ, सामाजिक सरोकारों से जुड़े आंदोलन तथा अकादमिक, सांस्कृतिक, शोधपरक एवं प्रशास. निक उपलबधियां इन सभी को एक समग्र पुस्तक के रूप में दस्तावेजी स्वरूप देना एक लंबे समय से अनुभव की जा रही आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि आपकी (राज्यपाल) प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से साकार हुई यह पुस्तक न केवल विश्वविद्यालय के गौरवशाली अतीत की प्रमाणिक साक्षी है बल्कि भविष्य की शैक्षिक दिशा निर्धारण में भी एक प्रेरक एवं उपयोगी संदर्भ ग्रंथ सिद्ध होगी। पुस्तकों का विमोचन करते हुए उत्तराखंड के राज्यपाल एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह ने कहा कि पुस्तकें किसी भी शिक्षण संस्था की आत्मा होती हैं, वे केवल घटनाओं का संकलन नहीं बल्कि विचारों मूल्यों और भावनाओं की जीवंत ऊर्जा होती हैं जो न केवल वर्तमान को दिशा देती हैं बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रकाश. पुंज का कार्य करती हैं। कुमाऊँ विश्वविद्यालय की यह ऐतिहासिक यात्राएं संघर्षों एवं उपलबधियों से भरी हुई है जो आज इन दोनों पुस्तकों के माध्यम से अकादमिक रूप से संरक्षित की गई है। यह एक सराहनीय प्रयास है।

राज्यपाल ने इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. सावित्री कैड़ा जंतवाल द्वारा उत्तराखंड आंदोलन में महिलाओं की भूमिका पर लिखी गई पुस्तक को सराहते हुए कहा कि यह ग्रंथ न केवल महिला चेतना का दस्तावेज है बल्कि यह उस दृष्टिकोण को भी उजागर करता है। कहा कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, खेल. कूद साहित्य और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किए हैं जिनकी राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है। यह विश्वविद्यालय आज उत्तराखंड की बौद्धिक शक्ति का स्तंभ बनकर उभरा है और आने वाले समय में यह और ऊँचाइयों को छुएगा। अंत में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने राज्यपाल को उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक, अनुसंधान तथा सामाजिक प्रतिबद्धताओं को और अधिक सशक्त करेगा।

### विवि की अकादमिक विरासत का दस्तावेज़



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने राज्यपाल को बताया कि कुमाऊँ विश्व. विद्यालय: इतिहास एवं विकास नामक पुस्तक तीन खंडों में विभक्त है-कुमाऊँ विश्वविद्यालय की स्थापना की पृष्ठभूमि एवं आंदोलन का इतिहास, स्थापना एवं विकास तथा वर्तमान एवं भविष्य। इसके अतिरिक्त परिशिष्ट में महत्वपूर्ण शासनाद. श, मानचित्र, ऐतिहासिक चित्रावली तथा समाचार पत्रों की सुर्खियाँ, कुलपतियों के कार्यकाल की उपलबधियां, डीएसबी कॉलेज तथा अल्मोड़ा कॉलेज के प्राचार्यों का योगदान, 184 कार्यपरिषद की बैठकों के निर्णय और 371 दीक्षांत समारोहों का वर्णन किया गया है। यह 371 पृष्ठों की पुस्तक विश्वविद्यालय की अकादमिक विरासत का गहन दस्तावेज है।

### राज्य आंदोलन में महिलाओं की भूमिका का वर्णन



**नैनीताल।** इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. सावित्री कैड़ा जंतवाल द्वारा लिखित पुस्तक स्वातंत्योतर उत्तराखंड में महिलाओं की भूमिका (उत्तराखंड आंदोलन के विशेष संदर्भ में) में उत्तराखंड आंदोलन के विशेष संदर्भ में राज्य की महिलाओं की भूमिका का गंभीर समाजशास्त्रीय एवं ऐतिहासिक विश्लेषण किया गया है। स्वतंत्रता के बाद के सामाजिक व राजनीतिक परिवर्तनों में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता को रेखांकित करते हुए यह पुस्तक आंदोलन के भीतर महिला शक्ति की स्वरूपगत एवं सरोकारी छवियों को उजागर करती है। यह शोधपरक ग्रंथ उत्तराखंड की महिला चेतना के सशक्त दस्तावेज के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करता है।

# अरमान पराशर ने बढ़ाया जनपद का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल के पूर्व छात्र अरमान पराशर ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित



इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुक. शन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) की प्रवेश परीक्षा में देशभर में 625वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय तथा क्षेत्र और जनपद का गौरव बढ़ाया है। कालेज प्रबंधन के मुताबिक अरमान मूलत: बिहार राज्य के बैकुंठपुर प्रखंड स्थित हकाम गाँव के निवासी हैं। वे सुखबीर प्रसाद सिंह (शिक्षक) एवं सत्यवती देवी के पुत्र हैं। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में दो लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें से अरमान ने बिना किसी कोचि. चंग के केवल आत्म अध्ययन (सेल्फ स्टडी) के बल पर यह स्थान प्राप्त किया। अरमान का सपना है कि वे एक परमाणु वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करें। उन्होंने अपनी सफलता से यह सिद्ध कर दिया कि कठिन परिश्रमए दृढ़ निश्चय और स्व.अध्ययन के माध्यम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने अरमान की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार एक व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला है जहां अरमान पराशर जैसे प्रतिभाशाली छात्र निखर कर समाज और देश के विकास में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल ने भी अरमान को इस शानदार उपलबधि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। समस्त विद्यालय परिवार ने अरमान की इस स्फलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा आशा व्यक्त की है कि वे भविष्य में देश के वैज्ञानिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# पर्यावरण के लिए पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में शनिवार को एलुमनी सेल तथा विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय तथा वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीओ 79 बटालियन एनसीसी कर्नल राजेश कौशिक तथा डीएसबी परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने कार्यक्रम में शिरकत की। पौधारोपण कार्यक्रम का संच. ालन निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग प्रो. ललित तिवारी ने किया। एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में पदम, तेजपत्ता, देवदार तथा भीमल के पौधे पैसे में लगाए गए। इस अवसर पर कर्नल कौशिक ने कहा कि पौधे लगाना जीवन का श्रेष्ठ कार्य है तथा ये हमारा कर्तव्य है। प्रो. संजय पंत ने कहा कि पौधे लगाना पुण्य का कार्य है वहीं प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जीवन को बनाए रखने तथा प्रकृति की सेवा का बेहतर अवसर है। अत: जन्म दिन पर पौधे लगाए। जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि पर्यावरण जीवन का आधार है। पद्म के पेड़ का धार्मिक महत्व अत्यधिक है इसे बहुत पवित्र माना जाता है और उत्तराखंड में इसे कभी काटा नहीं जाता, विशेष अवसरों पर इसकी पत्तियों और टहनियों का उपयोग धार्मिक कार्यों में किया जाता है। इस पेड़ को भगवान विष्णु और शिव से जोड़ा गया है। तेजपत्ता पाचन क्रिया को बेहतर बनाने और गैस, कबज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। देवदार जिसे देवदारु भी कहते है एक शंकुधारी पेड़ है जो हिमालय में पाया जाता है। इसे देवताओं का पेड़ भी माना जाता है जबकि भीमल उत्तराखंड के पहाडी इलाकों में पाया जाता है, यह एक बहुपयोगी पेड़ है जिसकी पत्तियां जानवरों के चारे के रूप में इस्तेमाल होती हैं और इसकी छाल से मजबूत रस्सी बनती है। बता दें पौधरोपण कार्यक्रम दो दिवंगत विभूतियो क्रमश: स्वर्गीय प्रो. डी. डी पंत तथा स्वर्गीय प्रो. यशपाल सिंह पांगती को समर्पित रहा। अंत में कर्नल कौशिक, प्रो.संजय पंत तथा प्रो. हरीश बिष्ट को पौधों के लायर भेंट किए गए। कार्यक्रम डा. नवीन पांडे, एनबी पालीवाल, लता, विशाल बिष्ट, कुंदन, लीला, मोहित, नेहा, मानसी सूबेदार महेश चंद्र तथा नायब सूबेदार खत्री शामिल रहे।

# गुप्त नवरात्रि में मां बगलामुखी साधना में लीन सत्य साधक गुरुजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** जय मां पीतांबरी साधना एवं दिव्य योग ट्रस्ट के संस्थापक सत्य साधक गुरुजी (विजेंद्र पांडे) श्रावस्ती जिले में राप्ती नदी तट पर गुप्त नवरात्रि के अवसर पर मां बगलामुखी की साधना में लीन हैं। आषाढ़ गुप्त नवरात्रि की साधना 26 जून से शुरू हुई है, जो 4 जुलाई तक चलेगी। 4 जुलाई को विशेष हवन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। गुरुजी ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा की दस महाविद्याओं की गुप्त पूजा का विशेष महत्व है, जिससे साधक को सिद्धियों की प्राप्ति होती है। मां बगलामुखी को अष्टम महाविद्या और ब्रह्मास्त्र स्वरूप माना गया है, जिनकी साधना से शत्रु बाधाओं का नाश होता है और वाक् शक्ति की प्राप्ति होती है। गुरुजी ने बताया कि शांति, धन-धान्य, विजय और शत्रु नाश हेतु मां बगलामुखी की उपासना महत्वपूर्ण है, जिससे साधक भोग और मोक्ष दोनों प्राप्त कर सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से साधना के दौरान नियम, संयम और श्रद्धा बनाए रखने की अपील की है।

# पुलिस की पिटाई से आहत भाजपा नेता के बेटे ने जान दी

## आक्रोशित ग्रामीण और विधायक भगत चौकी के सामने धरने पर बैठे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कालाढूंगी।** शुक्रवार की शाम कोटाबाग निवासी भाजपा के नेता बिशन नगरकोटी के पुत्र कमल

### पुलिस चौकी लाइन हाजिर, सीओ रामनगर को सौंपी गई जांच

नगरकोटी द्वारा जहर का सेवन कर आत्महत्या कर लेने से आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि उसने कोटाबाग पुलिस के द्वारा की गई पिटाई के बाद आत्महत्या की है। शनिवार को कोटाबाग के तमाम ग्रामीणों ने आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर पुलिस चौकी के सामने ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को कमल नगरकोटी का किसी से आपसी विवाद हो गया था, जिसके बाद उन्हें पुलिया चौकी ले आई, आरोप है कि कमल ने जब अपना वाहन देने को कहा तो कांस्टेबल परमजीत सिंह द्वारा उसको बेरहमी के साथ पीटा गया। इस बात से क्षुब्ध होकर कमल ने चौकी के पास ही जहर का सेवन कर लिया, जिसको उसके पिता द्वारा हल्द्वानी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से कोटाबाग में पुलिस के विरुद्ध आक्रोश फैल गया। धरना स्थल पर क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत,






हल्द्वानी मेयर गजराज बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख कोटाबाग रवि कन्याल, भाजपा प्रवक्ता विकास भगत सहित तमाम भाजपा एवं कांग्रेस नेता भी पहुंच गए, ग्रामीणों का कहना था कि घटना के बाद पुलिस द्वारा चौकी के सीसीटीवी कैमरे भी हटा दिए गए, जो कहीं न कहीं पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रही है। उनका कहना था कि चौकी प्रभारी एवं उक्त पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की जाए और सभी पुलिस कर्मियों को तत्काल यहां से हटाया जाए और मामले की जांच करते हुए चौकी प्रभारी एवं उक्त पुलिस कर्मी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया जाए। मौके पर सीओ सुमित पांडे, कालाढूंगी थानाध्यक्ष विजय मेहता, काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी, बैलपड़ाव चौकी प्रभारी कृष्ण गिरी सहित तमाम पुलिस कर्मी एवं आईआरबी जवान पहुंच गए थे। मौके पर मौजूद विधायक बंशीधर भगत ने मौके से ही एसएसपी से वार्ता कर कार्रवाई की मांग की। विधायक ने कहा जब तक ग्रामीण संतुष्ट नहीं होंगे वो यहां से नहीं जायेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र द्वारा बताया गया कि कोटाबाग चौकी के सभी स्टाफ को हटा दिया गया है। मामले की जांच सीओ रामनगर को सौंपी गई है, दोषी पाए जाने वाले पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# कठिन विषयों को रोचक व सरल ढंग से पढ़ाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ममता एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 16 दिनों का समर एक्टिविटी कैंप आयोजित किया। इस कैंप में विशेष रूप से कठिन माने जाने वाले विषय अंग्रेजी, गणित और विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करते हुए बच्चों को सरल और रोचक तरीके से पढ़ाया गया ताकि वे इन विषयों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कैंप में केवल शैक्षणिक ही नहीं बल्कि मानसिक और शारीरिक विकास के लिए भी योग व डांस की कक्षाएं आयोजित की गई। इन गति. विधियों का उद्देश्य बच्चों में आत्मबल व आत्मविश्वास बढ़ाना था। सोसाइटी की अध्यक्ष ममता बिष्ट ने बताया कि हमने ये सभी कक्षाएं बच्चों के हित में रखी थी ताकि वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। अब जुलाई से फिर से सप्ताह में दो बार नियमित कक्षाएं शुरू किये जाएंगे। यह समर कैंप बच्चों के लिए न केवल शैक्षणिक बल्कि प्रेरणादायक अनुभव रहा जिससे उन्हें आगे बढ़ने की नई दिशा मिली। आयोजन को सफल बनाने में लीला रावत, मीना नेगी, पूजा नेगी, रुचि देवल्या, अंजू बडाली का सहयोग रहा।

# सावन माह में सड़कों किनारे मीट की दुकानें बंद करने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी सावन माह को देखते हुए एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल ने कुमाऊं आयुक्त एवं मुख्यमंत्री सचिव दीपक रावत को सड़क किनारे मीट, मछली की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन भेजा है। प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि सावन में कांवड़ यात्रा और व्रत के चलते सड़क किनारे मांस-मछली की दुक. नें आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों के लिए असु. विधा का कारण बनती हैं। कई बार मांस सड़क पर फेंकने की घटनाएं भी सामने आती हैं, जिससे स्वच्छता और धार्मिक भावना आहत होती है। संगठन ने सावन माह में हल्द्वानी में मीट की दुकानें पूरी तरह बंद कराने की मांग की है ताकि क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे और कोई अप्रिय घटना न हो। ज्ञापन देने वालों में जीतू सागर, मोहम्मद नबी, बीसी पंत, रोहित दिवाकर, शशि गुप्ता, लक्ष्मी नारायण सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# गोलापार स्टेडियम में जिला स्तरीय तैराकी चैम्पियनशिप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ट्राइक्लब के तत्वावधान में गोलापार स्टेडियम में जिला स्तरीय तैराकी चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें 11 से अधिक श्रेणियों में 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लालकुआं विधायक मोहन बिष्ट ने किया। समापन अवसर पर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने उपस्थित होकर प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान दीपक दानी, संजय रावत, आलोक त्रिपाठी, मनोज वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने किया शिकायतों का समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने शनिवार को आयोजित जनसुनवाई में अंतिम पंक्ति तक पहुंचते हुए प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्याएं सुनीं और अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

जनसुनवाई में पारिवारिक विवाद, पैतृक संपत्ति में नाम दर्ज कराने, अतिक्रमण, आर्थिक सहायता और चेक बाउंस जैसी समस्याएं प्राप्त हुईं। इनमें से अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित थीं। आयुक्त दीपक रावत ने भूमि विवाद की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए आमजन से अपील की कि भूमि क्रय करने से पहले उसकी पूरी जांच अवश्य कर लें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित कर लें कि जिस भूमि की खरीद की जा रही है, उस पर कोई ऋण या भूमि सीलिंग अधिनियम की कोई अड़चन तो नहीं है। साथ ही उन्होंने भूमि क्रय के बाद चाहरदीवारी और भवन निर्माण कराने की सलाह दी ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के कब्जे से बचा जा सके। आयुक्त ने हल्द्वानी में आवारा पशुओं की समस्या पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जो पशु स्वामी अपने पशुओं को आवारा छोड़ते हैं, उनका चिन्हीकरण कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



# विकसित भारत के स्वदेशी आर्थिक मॉडल पर दिया जोर

## यूओयू में यूपी-उत्तराखंड आर्थिक संघ सम्मेलन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय में उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड आर्थिक संघ (यूपीयूएईए) के राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन विक. सित भारत 2047 की परिकल्पना और स्वदेशी आर्थिक मॉडल पर गहन मंथन हुआ। इलाहाबाद विश्व. विद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. एमके अग्रवाल ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम पश्चिमी नीतियों की नकल छोड़कर अपने ऐतिहासिक अनुभव, सांस्कृतिक विरासत और संसाधनों के अनुरूप स्वयं का आर्थिक मॉडल विकसित करें। उन्होंने आत्मनिर्भरता, रोजगार सृजन, स्वदेशी उत्पादन, सतत विकास और सामाजिक समावेशिता पर आधारित मॉडल पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। सम्मेलन में समानांतर पैनल चर्चाओं में पारिस्थितिकीय स्थिरता, आजी. विका सुरक्षा, वित्तीय स्थिरता, भारतीय ज्ञान प्रणाली और यूपी-उत्तराखंड के सतत विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुई। देशभर से आए विशेषज्ञों, प्रोफेसरों और शोधार्थियों ने सत्रों में भाग लिया, जिनमें प्रो. गीता सिंह (दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रो. डिंपल विज, प्रो. संधीर शर्मा, प्रो. एडीएन वाजपेयी, प्रो. मनमोहन कृष्ण, प्रो. शांति कुमार, प्रो. अनीता चौधरी, प्रो. राजेंद्र ममगाईं, अजय गुप्ता (सीईओ, सेंचुरी पल्प एंड पेपर) समेत कई विशेषज्ञ शामिल रहे। दोपहर में प्रो. एसके मिश्रा स्मृति व्याख्यान में प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल ने विकसित भारत की अवधारणा पर व्याख्यान दिया। इसके बाद तकनीकी सत्रों में 30 शोध पत्रों का वाचन हुआ। इस दौरान प्रो. मंजीरी अग्रवाल (संयोजक), प्रो. विनोद श्रीवास्तव (महासचिव यूपीयूईए), प्रो. सनातन नायक, डा. शैलेन्द्र कुमार, डा. विकास प्रधान, प्रो. भारती पांडे, प्रो. एसपी सिंह, डा. स्वाति टम्टा, प्रो. मनोज अग्रवाल समेत उत्तराखंड मुक्त विवि और अन्य संस्थानों के प्रोफेसर मौजूद रहे। शाम को यूपीयूईए की जनरल बॉडी मीटिंग और कवि सम्मेलन में सामा. जिक-आर्थिक मुद्दों को रचनात्मक अभिव्यक्ति दी गई। सम्मेलन में देशभर से 100 से अधिक शोधार्थी, शिक्षक और विशेषज्ञ शामिल हुए।

# मजदूर विरोधी नीतियों पर भरी हुंकार, चेतावनी

## बीमा कर्मचारी संघ के बैनर तले 9 जुलाई को एक दिवसीय आम हड़ताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीमा कर्मचारी संघ हल्द्वानी डिवीजन की कार्यकारिणी की सभा में निर्णय लिया गया कि आगामी 9 जुलाई को देश के करोड़ों मजदूर, कर्मचारी सरकार की महंगाई, बेरा. `जगारी और निजीकरण को बढ़ावा देने वाली मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिन की आम हड़ताल कर आवाज बुलंद की जाएगी। महामंत्री डीके पाण्डे ने कहा कि सरकार श्रम कानूनों को समाप्त चार श्रम संहिताओं को लागू करना चाहती है। श्रम संहिताओं में श्रमिकों के अधिकारों को अत्यंत कमजोर कर दिया गया है, देश का श्रमिक वर्ग पूरी ताकत के साथ इसका विरोध करेगा




और इन्हें लागू नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि सरकार एलआईसी जैसी आदर्श संस्था को भी निजीकरण के मार्ग पर धकेल रही है और निजी बीमा कंपनियों को प्रोत्साहन दे रही है। बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश को सीमा मुक्त का निर्णय देश की अर्थव्यवस्था के लिये घातक होगा। इससे देश की घरेलू बचतों का प्रवाह विदेश की ओर होगा। इसके अतिरिक्त सभी सरकारी विभागों में लाखों पद खाली पड़े है लेकिन सरकार नई नियुक्तियां नहीं कर रही है। एलआईसी में भी तृतीय व चतुर्थ श्रेणी में हजारों रिक्तियां हैं उन्हें शीघ्र भरा जाये, सामान्य बीमा की सरकारी कंपनियों का विलय किया जाये, पुरानी पेंशन को बहाल किया जाये, बीमा प्रीमियम से जीएसटी वापस लिया जाए, लेबर कोड रद्द किए जाएं। उन्होंने कहा कि देशभर के बीमा कर्मचारी करोड़ों मजदूरों, कर्मचारियों के साथ आगामी 9 जुलाई को हड़ताल करेंगे। इस हड़ताल में पूरे देश में 30 करोड़ कामगार हड़ताल पर रहेंगे। सभा में नैनीताल, रानीखेत, रामनगर, काशीपुर, खटीमा, सितारग. ंज, रुद्रपुर, रामपुर, बिलासपुर, हल्द्वानी शाखा प्रथम आदि शाखाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभा में एआईआईईए के प्लेटिनम जुबली वर्ष के लोगो का अनावरण भी किया गया। सभा की अध्यक्षता मनोज गुप्ता व संचालन राकेश शर्मा ने किया। इस दौरान हेमंत कुमार, पंकज त्रिपाठी, हरी सिंह सागर, संजय गोयल, बलवंत बोरा, शिवराज सिंह, दीवान सिंह, विजय सिंह अधिकारी, मुकुल सनवाल, संजय शाह, राजेंद्र बिष्ट, मनोज वर्मा, अशोक कश्यप, जेपी पंत, हिमांशु जोशी, भगवान दास आदि मौजूद रहे।

### हत्थे चढ़े तीन वारंटी

**हल्द्वानी।** नैनीताल पुलिस ने वारंट तामील कराने और अपराधियों पर शिकंजा कसने की कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में लालकुआं पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में आकाश कश्यप उर्फ गोलू, निवासी राजपुरा हल्द्वानी, जो एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे (धारा 8/21) में वांछित था। इसके खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल से गैर-जमानती वारंट जारी हुआ था। वहीं, डिगर सिंह कोरंगा, निवासी बिंदुखत्ता लालकुआं, जो आबकारी अधिनियम (धारा 60) के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी द्वारा जारी वारंट में वांछित था जबकि सोनू सिंह, निवासी बजरी कंपनी, राजीव नगर, लालकुआं, जो चोरी के केस (धारा 379/411 आईपीसी) में प्रथम सिविल जज हल्द्वानी द्वारा जारी वारंट में वांछित था, शामिल हैं।

### पिस्टल लहराना पड़ा महंगा

**हल्द्वानी।** सार्वजनिक स्थल पर हथियार जैसी वस्तु लहराकर जनसुरक्षा से खिलवाड़ करना तीन युवकों को महंगा पड़ गया। काठगोदाम पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों युवकों को पकड़कर उनकी स्कूटी सीज कर दी। मामला काठगोदाम क्षेत्र के चांदमारी का है, जहां तीन युवक एक स्कूटी पर सवार होकर पिस्टल लहराते हुए देखे गए। मामले की सूचना मिलते ही काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई कर संदिग्ध स्कूटी को रोक. कर तीनों युवकों को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि युवक खिलौने की पिस्टल लहराते हुए इलाके में घूम रहे थे। पब्लिक प्लेस पर इस प्रकार हथियार जैसी वस्तु लहराने से शांति भंग होने और दहशत फैलने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने स्कूटी को सीज कर दी।

# पुस्तकालय महोत्सव में पोस्टर मेकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत संचालित राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी में वार्षिक पुस्तकालय महोत्सव-2025 के अंतर्गत शनिवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम लाइब्रेरी-ज्ञान एवं कल्पना में आपका प्रवेश द्वार रही।



राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्राचार्य प्रो. अरुण जोशी ने बताया कि छात्र-छात्राओं की कल्पनाशीलता और तार्किकता के विकास के लिए लाइब्रेरी गतिविधियां बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके अनुभवों और सोच को रचनात्मक पेंटिंग्स के रूप में प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पना के आधार पर विभिन्न आकर्षक और विचारोत्तेजक पेंटिंग्स तैयार कीं। नर्सिंग कॉलेज के प्रशास. निक भवन की गैलरी में सभी पेंटिंग्स को संरक्षित कर प्रदर्शित किया गया है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, 30 जून सोमवार को निर्णायक मंडल द्वारा सभी पेंटिंग्स का निरीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डा. शबिस्ता अहमद नाज़, लाइब्रेरियन शुभम बधानी, रंजना उपाध्याय, खष्टी जोशी, तारा राणा और मनजोत सिंह भी उपस्थित रहे।

# पदोन्नति आदेश 10 माह दबाया, आरटीआई से खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पांच साल पहले दबाए गए एक पदोन्नति आदेश का आरटीआई से खुलासा होने पर सेवानिवृत्त अधिकारी को शासन ने आदेश जारी होने की तिथि से नोशनल पदोन्नति दे दी है। यह मामला कर्मचारियों से जुड़े प्रकरणों में हैरतअंगेज माना जा रहा है। उत्तराखंड कार्मिक एकता मंच के संस्थापक रमेश चंद्र पांडे ने बताया कि सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात बलवीर सिंह की जिला लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नति के लिए नवंबर 2019 में डीपीसी हुई थी। आदेश 28 फरवरी 2020 को जारी हुए, लेकिन निद. `शालय में 5 जून 2020 को पहुंचे और दस माह तक दबे रहे। बलवीर सिंह ने दिसंबर 2020 में आरटीआई के जरिए जानकारी मांगी, जिसके बाद 30 दिसंबर 2020 को आदेश प्राप्त कर उन्होंने उसी दिन कार्यभार ग्रहण किया। मामला सामने आने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के आदेश पर जांच हुई। जांच में लापरवाही सामने आने पर पौड़ी गढ़वाल के दो वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और निदेशालय के दो अधिकारियों समेत चार कर्मचारियों को निलंबित किया गया था। बलवीर सिंह 30 अप्रैल 2024 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अब शासन ने अपर सचिव हिमांशु खुराना के हस्ताक्षर से 26 जून 2025 को आदेश जारी कर विशेष परिस्थिति में 28 फरवरी 2020 से बलवीर सिंह को नोशनल पदोन्नति का लाभ देने की स्वीकृति दे दी है। पांडे ने इसे सही कदम बताया, लेकिन जिम्मेदारों पर कार्रवाई न होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

# समाज नहीं, परिवार से होती है महिला सशक्तिकरण की शुरुआत

## एमबीपीजी और 24 यूके गर्ल्स एनसीसी बटालियन द्वारा वेबिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी और 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में वूमेन इम्प्रूविंग सोशल इंडिकेटर विषय पर एक दिवसीय वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी के उद्बोधन से हुआ। प्राचार्य प्रो. बनकोटी ने महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं शिक्षा और आत्मनिर्भरता से खुद को सक्षम बना सकती हैं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता और महाविद्यालय की चीफ प्राक्टर डा. कविता बिष्ट ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण उनके परिवार से शुरू होता है। जब परिवार में महिलाओं को निर्णय लेने का अवसर और स्वस्थ वातावरण मिलता है, तभी वे सशक्त बनती हैं। दूसरी मुख्य वक्ता डा. दीपा सिंह ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए बताया कि महिलाएं अब रक्षा, चिकित्सा, शिक्षा और अंतरिक्ष तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उन्होंने छात्राओं को एनसीसी और एनएसएस जैसी गति. विधियों में भाग लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में 24 यूके गर्ल्स बटालियन के कर्नल मनोज कुमार कांडपाल ने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण जैसे संकेतकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे समाज में समग्र विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डा. ज्योति टम्टा ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और राजनीतिक भागीदारी में आगे बढ़ना सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल उनका बल्कि पूरे समाज का विकास संभव होता है। कार्यक्रम में डा. कामिका चौधरी, डा. दिनेश जायसवाल और डा. कृष्ण भारती सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक, एनसीसी अधिकारी, कैडेट्स और अन्य कॉलेजों के शिक्षक उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन पर मॉकड्रिल कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानसून के दौरान संभावित बाढ़ आपदा से निपटने और पूर्व तैयारियों की जांच के लिए उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग 30 जून को राज्य के पांच जिलों नैनीताल, चंपावत, उधम सिंह नगर, हरिद्वार और देहरादून में मॉक ड्रिल आयोजित करेगा। सचिव आपदा प्रबंधन विभाग विनोद कुमार सुमन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन पांचों जिलों के अधिकारियों से संवाद कर तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार संभावित बाढ़ प्रभावित जिलों में मॉक ड्रिल कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है। इससे विभागों में आपसी समन्वय सुदृढ़ होगा और वास्तविक आपदा की स्थिति में राहत-बचाव कार्यों को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। आपदा सचिव ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग आपदा परिदृश्य (सिनेरियो) बनाकर जिलों की तैयारियों का परीक्षण किया जाएगा। ताकि आपदा की वास्तविक स्थिति में राहत-बचाव कार्य बिना किसी बाधा के संचालित किए जा सकें। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने अवगत कराया कि जिले में मॉक ड्रिल की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 30 जून को नैनीताल जिले में हल्द्वानी तहसील अंतर्गत देवखड़ी नाला, चोरगलिया क्षेत्र अंतर्गत सूर्यानाला, लालकुआं रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्र, रामनगर पम्मापुरी क्षेत्र और ग्राम चुकम में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इन स्थानों पर राहत और बचाव कार्यों की तैनाती के लिए स्टेजिंग एरिया भी निर्धारित किए गए हैं। देवखड़ी नाला, लालकुआं और सूर्यानाला क्षेत्र का स्टेजिंग एरिया तहसील परिसर हल्द्वानी रहेगा, जबकि रामनगर पम्मापुरी क्षेत्र का पीएनजीपी डिग्री कॉलेज रामनगर तथा ग्राम चुकम का जीआईसी मो. हान स्टेजिंग एरिया होगा।

### वन आरक्षियों को प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वन प्रशिक्षण संस्थान (एफटीआई) हल्द्वानी में वन आरक्षियों के प्रशिक्षण का दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित हुआ, जिसमें 122 प्रशिक्षुओं ने भाग लेकर प्रशिक्षण पूर्ण किया। समारोह में मुख्य अतिथि उत्तराखंड वन विकास निगम के प्रमुख वन संरक्षक जीएस पांडेय ने प्रशिक्षण पूरा कर रहे वन आरक्षियों को बधाई देते हुए कहा कि जंगलों की सुरक्षा और वन्य जीव संरक्षण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की जिम्मेदारियों को निभाते समय ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा को प्राथमिकता दें। समारोह में एफटीआई निदेशक तेजस्विनी पांडेय, उप निदेशक यूसी तिवारी, मयंक मेहता, आशीर्वाद कटियार, सुधीर कुमार सहित संस्थान के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# फांसी से लटका मिला युवती का शव

■ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस मौके पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गत सायं ट्रांजिट कैम्प की कृष्णा कालोनी में सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करने वाली युवती का संदिग्ध अवस्था में घर में फांसी से शव लटका पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती को फंदे से उतारकर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने नेहा की हत्या कर उसे फांसी पर लटका देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।



जानकारी के अनुसार ग्राम मटकापुर, थाना भुता, जिला बरेली निवासी खेतीबाड़ी करने वाले खुशीराम की पत्नी गुड्डी देवी अपनी पुत्री 18 वर्षीय नेहा के साथ यहां कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में करीब एक वर्ष से किरायेदार के रूप रहती है। उक्त दोनों सिडकुल की फैक्ट्री में काम करते थे । जबकि दो पुत्र पिता खुशीराम के साथ खेती में हाथ बंटाते हैं। बताया जाता है कि नेहा का स्वास्थ्य गत दिवस खराब था। वह प्रातः फैक्ट्री तो चली गई लेकिन जल्द ही घर वापस लौट आई। सायंकाल उसकी मां ड्यूटी समाप्त कर जब घर में आई तों उसने कमरे में नेहा को फांसी के फंदे पर लटका देखा। यह देख उसने चीख पुकार शुरू कर दी। शोर की आवाज सुनकर आसपड़ोस के कई लोग वहां आ गये। मामले की जानकारी मिलते ही ट्रांजिट कैम्प थानाध्यक्ष मोहन चन्द्र पाण्डेय सहित उप निरीक्षक महेश कांडपाल, उप निरीक्षक नेहा ध्यानी, महिला कांस्टेबल आकांक्षा व कांस्टेबल जगमोहन गौड़ भी मौके पर आ गये और उन्होंने नेहा को फांसी के फदे से नीचे उतारकर जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद परिजनों से नेहा के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी ली। बाद में पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले की सूचना मिलने पर मृतका के पिता व भाई भी यहां आ गये और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। वहीं परिजनों के आरोपों की भी जांच कराई जायेगी।

## खेत से मोटर चुराते तीन को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खेत से मोटर चुराते हुए तीन लोगों को ग्रामीणों ने मौके पर ही दबोच लिया। ग्रामीणों ने तीनों को सत्रहमील पुलिस सुपुर्द कर दिया। वहीं से पूछताछ कर रही है।

ग्राम सुनपहर निवासी बब्बू चीमा पुत्र त्रिलोक सिंह के खेत में दोपहर के समय तीन लोगों को सिंचाई मोटर खोलते हुए आसपास के मजदूरों ने देखा मामला संदिग्ध दिखाई देने पर मामले की सूचना खेत स्वामी बब्बू चीमा को दी। मौके पर पहुंचे खेत स्वामी ने ग्रामीणों की सहायता से मोटर सहित तीनों को दबोच लिया और सत्रहमील पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया। वहीं चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने बताया कि ग्रामीणों ने खेत से सिंचाई मोटर चुराते हुए तीन लोगों को पकड़ा है। तीनों से पूछताछ चल रही। आगे की कार्यवाहीं जांच के बाद की जाएगी।

# भाजपा नेता पर चलाई गोली, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह चीमा पर बीती रात अज्ञात हमलावर ने उनके ही घर में घुसकर गोली चला दी। हमले में चीमा गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तत्काल उपचार के लिए काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामसभा मोतियापुर के ग्राम आबाद नगर निवासी जसवीर सिंह चीमा रात करीब 2:15 बजे अपने परिवार के साथ घर पर सो रहे थे। उनकी पत्नी के अनुसार, अचानक एक अज्ञात व्यक्ति घर में घुसा और जसवीर सिंह पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली लगने के बाद



घायल चीमा की चीख-पुकार सुनकर हमलावर फरार हो गया। ग्राम में फायरिंग की आवाज सुनकर कई ग्रामीण मौके पर आ पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

परिवार द्वारा तत्काल उन्हें गदरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जसवीर सिंह चीमा का प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया। परिजनों ने फिलहाल उन्हें काशीपुर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया हैं। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष जसवीर चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही हमलावर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित परिवार द्वारा थाने में तहरीर नहीं दी गई थी। घटना के बाद से क्षेत्र में राजनी. तिक हलचल तेज हो गई है और स्थानीय लोगों में भी भय का माहौल है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। साथ ही घटना स्थल के आसपास और ग्राम में आने जाने वाला मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि घटना के पीछे कोई रंजिश हो सकती है।

# दहेज हत्यारोपी पति सहित तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** करीब एक वर्ष पूर्व ग्राम भूरारानी में महिला की हुई मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के पति, ससुर व सास को गिरफ्तार कर लिया। उक्त तीनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप है। पुलिस उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है।




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भूरारानी निवासी दीपक कुमार पुत्र देवेन्द्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन निशा का विवाह 8 जुलाई 2022 को गांव के ही निवासी गोविंद साहनी पुत्र नथुनी साहनी के साथ हुआ। शादी मे हेसियत के मुताबिक दहेज दिया था।

विवाह पश्चात बहन ने एक पुत्री को जन्म दिया। इसके बाद ससुरा. लियों द्वारा बहन का उत्पीड़न बढ़ गया।

कई बार ससुराल वालों को समझाया। वह बहन को घर से निकालने की धमकी देते थे। उसने बताया कि 27 अप्रैल 2025 को उसे यह सूचना मिली कि बहन निशा की तबियत खराब हो गई। सूचना पर वह वहां पहुंचा तो बहन मृत अवस्था में पड़ी थी, शरीर में चोट के निशान थे।

दीपक ने बहन के ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित का आरोप लगाया। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस ने पति के अलावा ससुर नथुनी साहनी, सास के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि मामले में मृतका के पति, ससुर, सास को गिरफ्तार किया है। तीनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# हल्दी पावर सब स्टेशन का होगा कायाकल्प

■ छः करोड़ बीस लाख रुपये हुए मंजूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** हल्दी सब स्टेशन का होगा कायाकल्प एक करोड़ बीस लाख रुपये की बीसीबी मशीन (बेक्यूम सर्किट ब्रेकर मशीन ) जिससे विद्युत सप्लाई की जाती है। उन्हें लगाने का कार्य प्रगति पर है मशीनों की तकनीकी खराबी से उपभोक्ताओं को निजात मिलेगी।




उपखंड विद्युत अधिकारी अंबिका यादव ने बताया कि जल्द ही सब स्टेशन में 5 एमबीए की जगह क्षमता वृद्धि बढ़कर 12,50 का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा, जिससे विभिन्न ग्राम सभाओं सरपुड़ा बग्गा रघुलिया वनगवां हल्दी पोलीगंज पटरिया जमौर मझोला आदि बिजली उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज छुटकारा मिलेगा। वहीं सहायक अवर अभियंता विनोद जोशी ने बताया पांच करोड़ की लागत से16 किलोमीटर एचटी विद्युत लाइन की तारे भी बदली जाएंगी, जिसमे ग्राम हल्दी क्षेत्र की चार किलोमीटर सुरई वन क्षेत्र 4 किलोमीटर 8 किलोमीटर पोलीगंज चंदेली आदि क्षेत्र की नंगी एचटी तारे हटाकर कबर कंडक्टर तारों का लाइन बिछाई जाएंगी जिसका अप्रूवल मिल चुका जल्द कार्य शुरू हो जाएगा, जिससे करीब लगभग डेढ़ हजार बिजली उपभोक्ताओं को तकनीकी खराबी इंसुलेटर फूकना दुर्घटनाओं आदि से छुटकारा मिलेगा। इधर बीसीबी मशीन लगाने का कार्य प्रगति पर है जिससे विद्युत सप्लाई बाधित हो रही है जल्द विद्युत व्यवस्था से सुचारु कर दी जाएगी।

# असम गुरुद्वारा से आने वाली शोभायात्रा का होगा भव्य स्वागत

■ 350 वर्षीय शहीदी शताब्दी को समर्पित आसाम गुरुद्वारा से आनंदपुर पंजाब तक निकलेगी शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** 350 वर्षीय शहीदी शताब्दी को समर्पित एक महान नगर कीर्तन जो आसाम गुरुद्वारा से आनंदपुर पंजाब तक जाएगी, इस शोभा यात्रा के भव्य स्वागत, ट्रैफिक एवं प्रबंधन को लेकर खटीमा गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की एक बैठक का आयोजन शनिवार को गुरुद्वारा सिंह सभा में किया गया।

श्री गुरु तेग बहादुर साहिब भाई सती दास, भाई मती दास तथा भाई दियाला नवंबर 2025 में आ रही 350 वर्षीय शहीदी शताब्दी को समर्पित एक महान नगर कीर्तन शोभायात्रा जो आसाम गुरुद्वारा श्री तेज बहादुर साहिब धुबड़ी साहिब से सिख पंथ की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी श्री अमृतसर साहिब के नेतृत्व में श्री आनंदपुर साहिब पंजाब तक निक. ली जाएगी।

यह शोभायात्रा उत्तर प्रदेश के बनारस, प्रयागराज, कानपुर से होती हुई लखनऊ जाएगी, इसके उपरांत सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत तथा खटीमा होते हुए श्री नानकमत्ता साहिब में विश्राम करेगी।

तत्पश्चात यह यात्रा बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गढ़मुक्तेश्वर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस तथा मथुरा होते हुए आगरा जाएगी। इसी के दृष्टिगत खटीमा गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार हरभजन सिंह खिंडा के नेतृत्व में गुरुद्वारा के समस्त सदस्यों एवं प्रमुख समाजसे. वियों की मौजूदगी में नगर कीर्तन के स्वागत, ट्रैफिक एवं समस्त प्रबंधन हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया।

उपस्थित सभी महानुभावों ने समस्त प्रबंधन करने का आश्वासन दिया।

# शिक्षक संगठन ने मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

■ मांगें पूरी न होने पर उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने संगठन के अध्यक्ष कमल सिंह सामंत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित विद्यालय शिक्षा विभाग में त्रिस्तरीय शिक्षक व्यवस्था (पीआरटी, टीजीटी एवं पीजीटी) लागू न करने से संबंधित एक ज्ञापन एसडीएम तुषार सैनी की अनुपस्थिति में उनके स्टेनों मनीष पंत के माध्यम से शनिवार को मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त व्यवस्था लागू न करने से प्रारंभिक शिक्षकों में रोष व्याप्त है।



सौंपे गए ज्ञापन के मुताबिक उक्त व्यवस्था लागू न करने से सहायक अध्यापक प्राथमिक की तीन पदोन्नति के अवसर समाप्त हो जाएंगे, प्राथमिक शिक्षक के पास पूरे सेवा काल में प्रधानाध्यापक प्राथमिक पद पर पदोन्नति का एकमात्र विकल्प रह जाएगा। प्रधानाध्यापक प्राथमिक के पद पर पदोन्नति के उपरांत प्राथमिक शिक्षकों की पदोन्नति के समस्त अवसर समाप्त हो जाएंगे, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के माध्यमिक विद्यालयों में विलीनीकरण से शिक्षा का अधिकार में निहित प्रावधान 11-14 वय वर्ग के बच्चों को प्रत्येक 3 किलोमीटर की दूरी पर शिक्षा प्रदान करने हेतु विद्यालय स्थापित कर अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के लिए नियमों का उल्लंघन होगा, जिसमें प्रदेश में 11-14 वय वर्ग के बालक बालिकाओं के ड्रॉप आउट रेट में भारी वृद्धि होगी तथा बाल हित प्रभावित होंगे, विल. ीनीकरण से वर्तमान में स्थापित विद्यालय भवन निष्प्रयोज्य हो जाएंगे, जिससे राज्य सरकार की खरबों की राशि से निर्मित संपत्ति का भारी नुकसान होगा। विल. ीनीकरण से प्रदेश में लगभग 20000 प्रारंभिक शिक्षकों के पद मृत संवर्ग घोषित हो जाएंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं के लगभग 20000 पदों पर रोजगार के अवसर समाप्त हो जाएंगे, किसी भी शिक्षक कार्मिक की नियुक्ति के समय सेवा नियमावली में निहित सेवा शर्तों के अधीन नियुक्ति की गई है, उसके विपरीत बिना संबंधित शिक्षक कार्मिक की सहमति के किसी अन्य नियमावली के अंतर्गत समायोजित किया जाना नियम विरुद्ध है, जबकि अद्यतन संबंधित शिक्षकों की सेवा शर्तों, वर्तमान में विद्यमान पदोन्नति अवसरों, वरिष्ठता एवं सेवा शर्तों के निर्धारण किए बिना इस प्रकार का ड्राफ्ट गैर कानूनी होगा, जिससे भविष्य में भारी मात्रा में न्यायालयी विवाद उत्पन्न होंगे जिससे सरकार को भारी वित्तीय हानि उठानी पड़ेगी। वहीं संगठन के कार्यकर्ताओं ने उपरोक्त त्रिस्तरीय शिक्षक व्यवस्था पर विचार न किए जाने तथा शिक्षा ढांचा पूर्ववत रखने की गुहार सरकार से लगाई।

इसके साथ ही संगठन ने चेता. वनी दिया कि यदि उक्त मांगें नहीं मानी गई तो संगठन छात्र एवं शिक्षक हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में दिनेश बगोटी, हरीश भट्ट, महेश रौतेला, गौरी शंकर जोशी, नवीन पोखरिया, भुवन उप्रेती, राक. ेश राणा, नवीन राना, लक्ष्मण नेगी, रमेश रावत, राजेंद्र चंद्र जोशी, नितिन चौहान, पूरन बिष्ट, अर्जुन खोलिया तथा राजेंद्र पाठक आदि शामिल रहे।

# अनामिका बिष्ट अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** 15 वर्षीय कराटे खिलाड़ी इस वर्ष कोलंबो में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। अना. मिका ने फोर्थ केअलओ नेशनल कराटे प्रतियोगिता में इस वर्ष 47 केजी भार में ब्रांज मेडल पर कब्जा किया है । अब वह चार से सात जुलाई तक श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।



शिवानी बिष्ट एवं हरीश बिष्ट की पुत्री का कराटे के प्रति शुरू से ही काफी रुझान रहा है तथा उसकी प्रतिभा को कराटे कोच दीपक अधिकारी द्वारा तराशा जाता रहा है। जिसमें जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन बिष्ट लगातार मार्गदर्शन देते रहे। आज मुख्य विकास अधिकारी डा. जीएस खाती ने मनीषा को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिभाओं की चमक को कभी धूमिल नहीं किया जा सकता है। चंपावत जिले में हर क्षेत्र में प्रतिभाएं छुपी हुई है।

उन्होंने अनामिका को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे दमखम एवं आत्मविश्वास से खेल कर भारत का मान व सम्मान बढ़ाने की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कराटे कोच दीपक अधिकारी एवं जिला के क्रीड़ा अधिकारी चंदन बिष्ट भी मौजूद थे।

# छह लाख की एमडीएम ड्रग के साथ दो तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में एएनटीएफ और रुद्रपुर पुलिस की नशे के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की। करीब 06 लाख रुपये की एमडीएम ड्रग के साथ दो नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

एमडीएम जिसे 'एक्स्टसी' या 'मौली' के नाम से भी जाना जाता है, एक शक्तिशाली सिंथेटिक ड्रग है। यह उत्तेजक और मतिभ्रम दोनों के रूप में कार्य करती है । यह केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है, जिससे उत्साह, ऊर्जा में वृद्धि, सहानुभूति और समय व धारणा में विकृति जैसे प्रभाव उत्पन्न होते हैं। इसे अक्सर रेव पार्टियों और क्लबों में 'पार्टी ड्रग' के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। एमडीएम का अत्यधिक सेवन हृदय संबंधी समस्याओं, अतिताप, गुर्दे की विफलता और यहां तक कि मृत्यु का कारण भी बन सकता है। आरो. पियों से एक अवैध पिस्टल और तस्करी मोटरसाइकिल भी बरामद। बगवाड़ा मंडी के पास सघन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बड़े ट्रकों की पार्किंग से दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया, जिनकी पहचान आक. ाश दीप, निवासी तिकोनिया खीरी, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश और अर्पित सिंह , निवासी आइडिया कॉलोनी, लालपुर, किच्छा, ऊधम सिंह नगर के रूप में हुई । तलाशी के दौरान, उनके पास से 16 ग्राम मेथामफेटामाइन (एमडीएम) बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 5.50 लाख है। इसके साथ ही, पुलिस ने एक अवैध पिस्टल, दो मोबाइल फोन और एक टीवीएस स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल भी जब्त की। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, निरीक्षक राजेश पाण्डेय, एएनटीएफ प्रभारी, एसएसआई नवीन बुधानी, उपनिरीक्षक कौशल भाकुनी, सुरेंद्र रिंगवाल, कांस. विनोद खत्री, ललित मोहन, महिला कांस्टेबल कंचन चौधरी आदि थे।

# हॉकी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रहा पिथौरागढ़

■ जनपद आगमन पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** हल्द्वानी में आयोजित राज्यस्तरीय आमंत्रण अण्डर-17 हॉकी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रही पिथौरागढ़ की टीम के जनपद आगमन पर स्पोर्टस स्टेडियम में किया गया स्वागत

जिला खेल कार्यालय, हल्द्वानी, नैनीताल द्वारा अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर मिनी स्टेडियम, हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय आमंत्रण अण्डर-17 हॉकी प्रतियोगिता में पिथौरागढ़ जनपद की टीम दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में पहला मैच पिथौरागढ़ व देहरादून के मध्य खेला गया, जिसमें पिथौरागढ़ की टीम 02-01 से विजेता रही। क्वाटर फाईनल में पिथौरागढ़ का मुकाबला हल्द्वानी से हुआ। मैच के दौरान दोनों टीमें बराबरी पर रही। मैच का निर्णय पेनाल्टी स्ट्रोक के माध्यम से हुआ, जिसमें पिथौरागढ़ की टीम ने अपना दबदबा बनाकर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। सेमीफाईनल में पिथौरागढ़ का मुकाबला पौड़ी से हुआ। जिसमें पिथौरागढ़ के कवीन्द्र ने 02, सौरभ टम्टा ने 02 एवं कृष्ण कुमार ने 01 गोल कर टीम को फाईनल में प्रवेश सुनिश्चित करवाया। फाईनल मुकाबला पिथौरागढ़ व हरिद्वार में मध्य खेल गया। जिसमें पिथौरागढ़ की टीम



02-01 से पराजित होकर प्रतियोगिता में उपविजेता बनी।

जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट व जनपद के खेल प्रेमियों ने उपविजेता टीम के जनपद आगमन पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्वागत किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने कहा इस तरह की जीत से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है तथा भविष्य में खेलों में जीत की प्रेरणा मिलती है। हॉकी टीम के समस्त खिलाड़ी जनपद में लीलाव. ती जोशी व निखिलेश भण्डारी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। यहां भूपाल सिंह चूफाल, चन्द्रमोहन सिंह बिष्ट, हेमन्त खोलिया, अशोक ठकुराठी, दिनेश वल्दिया, उमेश महर, पंकज मेहता, चिरंजीवी पाण्डे, गौरव पंत, कै. देवी चंद, जर्नादन सिंह वल्दिया, राजेन्द्र सिंह जेठी, प्रकाश जंग थापा, निखिल महर, सुनीता मेहता, मुकुल पाठक, चन्द्र सिंह धामी, यतीश ओझा, जगत सिंह महरा, गौरव चन्द्र जोशी, पंकज भट्ट आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

**संबन्ध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री बैशाली जो मेरी किसी भी आज्ञा का पलन नहीं करती है, मुझे तरह-तरह से सताती/दुखी करती है। परिवार में लड़ाई झगड़ा करती है। मेरी पुत्री ने अपनी मर्जी से विवाह कर लिया है, मै अपनी पुत्री के कृत्यों से परेशान होकर उसे अपनी हर प्रकार की चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरी पुत्री बैशाली का मेरी किसी भी प्रकार की चल-अचल सम्पत्ति से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध वास्ता व सरोकार नहीं होगा। मेरी पुत्री बैशाली अपनी हर प्रकार के अच्छे-बुरे कार्यों तथा हर प्रकार के लेन-देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होगी। उसके द्वारा किये गये किसी भी अच्छे-बुरे तथा लेन-देन से मेरा या मेरे अन्य परिवार के किसी सदस्य का कोई वास्ता व सरो. कार नहीं होगा।

**महेन्द्र पुत्र श्री राम लाल निवासी-रम्पुरा, वार्ड नं.-23, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर**

**संबन्ध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र गोपाल मण्डल और उसकी पत्नी सुमन के अपमानजकन कृत्यों व दुव्यवहारों से परेशान होकर उनसे अपने व अपने परिवार के सभी संबन्ध विच्छेद कर गोपाल मण्डल को अपनी समस्त अच अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। गोपाल मण्डल के किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा या मेरे किसी भी परिवारजनों, रिश्तेदारों से कोई लेना देना नहीं होगा। जो भी व्यक्ति गोपाल मण्डल और उसकी पत्नी सुमन से लेन देन या संबन्ध रखेगा वह खुद जिम्मेदार होगा।

**सुषेन मण्डल मण्डल पुत्र श्री गौरांग मण्डल व माला मण्डल पत्नी सुषेन मण्डल निवासी- वार्ड नं.-3, संजय नगर खेड़ा, थाना ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर**

## एक नजर

### आठ माह से नहीं मिला पानी, सीएम पोर्टल पर की शिकायत दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जल जीवन मिशन के तहत हुए कनेक्शन से आठ माह तक पानी नहीं मिला। जिसकी शिकायत सीएम पोर्टल पर की गयी। शिकायत की सुनवाई पर 24 घंटे में पानी देने का आश्वासन मिला।

टेड़ाघाट (खटीमा) निवासी पंडित मनोरथ तिवारी के आवास पर चंदेली लाईन से आठ माह पूर्व जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन हुआ था। तमाम प्रयास के बाद भी पंडित तिवारी के घर पानी नहीं पहुंचने से परेशान कनेक्शन धारक तिवारी ने सीएम पोर्टल 1905 पर शिकायत दर्ज की। लगातार पोर्टल पर फोन करने पर पोर्टल से मैंम ने सारी जानकारी हासिल की। जवाब में बताया कि 24 घंटे के अंदर संबंधित विभाग के अधिकारी को तलब कर जवाब मांगा जाएगा।

### प्रतिबंधित कछुए का मांस बरामद, आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** वन विभाग की टीम ने शुक्रवार रात मुखबिर की सूचना पर किशनपुर में प्रतिबंधित कछुए का मांस बरामद किया है। आरोपी विभाग की टीम को देखकर फरार हो गया।

किशनपुर रेंजर घनश्याम चनियाल ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि चन्दन सिंह तत्राडी पुत्र जसपाल सिंह तत्राडी निवासी ग्राम गोविन्दनगर, पाड़ागांव शक्तिफार्म के पोल्ट्री फार्म में एक संदिग्ध व्यक्ति कछुए का मांस काटकर बेच रहा है। विभाग की टीम ने पोल्ट्री फार्म में छापेमारी की। वहां राहुल सरदार पुत्र अमल सरदार निवासी ग्राम गोविन्द नगर धारदार हथियार से कुछ काटते दिखा। टीम को देखकर वह भाग गया।

मौके प्लास्टिक के तसले में कुछुए के मांस के टुकड़े, मांस काटने का धारदार हथियार और बाइक मिली। रेंजर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाइक को सीज कर दिया है। कछुए के मांस के टुकड़ों को डीएनए परीक्षण के लिए भेजा गया है। टीम में उप वन क्षेत्राधिकारी गणेश सिंह धर्मशक्तू, वन दरोगा नवीन सिंह मेहरा, विजय कुमार राम, दीपू सिंह, कैलाश सिंह, किशन दत्त तिवारी शामिल रहे।

### बाघ ने आवारा बछड़े का किया शिकार, क्षेत्र में दहशत फैली, वन विभाग ने गश्त बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम ढाकी में बाघ ने आवारा बछड़े का किया शिकार घटना के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गयी आपको बताते चलें आजकल सीमांत ग्राम सभाओं में बाघ की चहलकदमी लगातार बनी हुई है

शनिवार दोपहर के समय ग्राम दाह ढाकी में बाघ ने आवारा बछड़े को निवाला बना डाला और बछड़े को खींच कर पॉपुलर के खेत में ले गया



पूरा घटनाक्रम खेतों में काम कर रहे मजदूरों ने देखा तो कांप गए जैसे तैसे भाग कर घरों में दुबक गए जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी घटना के बाद और बाघ देर शाम तक घटनास्थल पर डेरा जमाए हुए है जिससे ग्रामीण सहमे हुए घरों में छिपे बैठे है क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने घटना की सूचना खटीमा वन क्षेत्र अधिकारी जीवन चंद्र उप्रेती को दी वन विभाग टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची व मौके पर वनकर्मियों को तैनात कर दिया ग्रामीणों से सतर्कता बरसाने की अपील की और अकेले दुखेल खेतों में न जाने की हिदायत दी सीमांकन क्षेत्र होने के नाते अप वन विभाग टीम भी मौके पर मौजूद है इस दौरान मौके पर वन दरोगा धन सिंह अधिकारी यूपी वन दरोगा सोनी सिंह गुरजंट सिंह दलजीत सिंह शरण सिंह गिल कराज सिंह गिल जॉन मसीह बिट्टू भुल्लर गुरमेल भुल्लर आदि थे।

### त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव की फिर शुरू हुई तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 23 तारीख त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। अब दो पारियों में होने वाले चुनाव के मतदान 24 व 28 जुलाई को होंगे जबकि 31 जुलाई को मतगणना की जाएगी। आयोग के अनुसार प्रथम चरण में 2 जुलाई से 5 जुलाई तक नामांकन प्रक्रिया होगी, 7 जुलाई से 9 जुलाई नामांकन पत्रों की जांच, 10 से 11 जुलाई पूर्वान्ह तक नाम वापसी, इसी प्रकार प्रथम चरण के 14 जुलाई को चुनाव चिन्ह वितरित किए जाएंगे। जबकि दूसरे चरण के 18 जुलाई को वितरित किए जाएंगे।जिला प्रशासन चुनाव की तैयारी में जुट गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा शुक्रवार की रात को अधिकारियों की बैठक आयोजित कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चारों विकास खण्डो में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदान कर्मियों को आवश्यक जानकारियां एवं दिशा निर्देश दिए गए।




### तीन परीक्षा केंद्रों में होगी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** रविवार को दो पालियों में सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहली पाली की सुबह 10 से 12 तथा दूसरी पाली की अपराह्न 2 से 4 बजे तक होगी। परीक्षाओं के लिए स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं मल्लिकार्जुन स्कूल परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में 807 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है तथा प्रत्येक केंद्र में मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी जयवर्धन शर्मा ने स्वच्छ,पारदर्शी वातावरण में परीक्षाएं संचालित करने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं तथा परीक्षा केंद्रों के बाहर कड़ी सुरक्षा भी की जाएगी। आज शर्मा ने परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

# केदारनाथ-बद्रीनाथ में तेजी से चल रहा पुनर्निर्माण: गर्ब्याल

## श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता में रख रही सरकार, पर्यटन सचिव ने की विकास कार्यों की समीक्षा



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पर्यटन सचिव धीरज सिंह गर्ब्याल ने केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण व विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। यह समीक्षा वर्ष 2013 की आपदा के बाद से चल रहे दीर्घकालिक कार्यों की प्रगति को लेकर की गई।

सचिव गर्ब्याल ने दोनों धामों में पूर्ण हो चुके कार्यों और प्रगति पर चल रही परियोजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मंदाकिनी नदी पर सुरक्षा दीवार (प्रोटेक्शन वॉल), मंदिर के पीछे की पहाड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सरस्वती आस्था पथ जैसे कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इसके अलावा सेंटरल स्ट्रीट का चौड़ीकरण भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया है, जिसकी चौड़ाई 10 फीट से बढ़ाकर 50 फीट की गई है।

गर्ब्याल ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर देते हुए अस्पताल और पुलिस कार्यालय जैसी आवश्यक सुविधाओं को तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मंदाकिनी नदी के किनारे लकड़ी की शेड (वॉकवे कवर्ड शेड) बनाए जाने के निर्देश भी दिए गए ताकि दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं को बर्फबारी या ठंड से राहत मिल सके।



### संगम घाट पर शुरू हुई संध्या आरती

सचिव ने जानकारी दी कि संगम घाट पर अब संध्या आरती की शुरुआत हो चुकी है। साथ ही मंदिर परिसर में वॉटर एटीएम भी क्रियाशील हैं, जिससे श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल आसानी से उपलब्ध हो रहा है।

पर्यटन सचिव ने प्रवचन हॉल की शीघ्र मरम्मत, बंक बेड सुविधा बढ़ाने, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से टिकाऊ रूप में विक. सित करने और पुरानी ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही यात्रा मार्ग में निर्माण मलबे को छोटे हिस्सों में विभाजित कर शीघ्र हटाने के भी निर्देश दिए गए।

### पुलिस मैस का सदुपयोग करने का सुझाव

सचिव गर्ब्याल ने धाम में कार्यरत अन्य विभागीय कर्मचारियों के लिए भी पुलिस मैस को उपयोग में लाने का सुझाव दिया है, जिससे सभी कार्मिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं और श्रद्धालुओं की यात्रा में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि समस्त कार्य पर्यावरणीय संतुलन और सांस्कृतिक विरासत को ध्यान में रखते हुए सम्पन्न किए जाएं।

# एमडीडीए ने ध्वस्त की अवैध प्लॉटिंग

**■ संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों पर प्राधिकरण की टीम ने की कार्रवाई**



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत में अवैध रूप से की जा रही प्लॉटिंग पर संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

ललित किशन मोहन व कृष्ण हेमलता द्वारा प्रेमनगर निकट नामेश्वर शिव कालोनी देहरादून में लगभग 2.5 बीघा में प्लॉटिंग के लिए चिन्हीकरण का कार्य करते हुए की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में सहायक अभियन्ता अभिषेक भारद्वाज,अवर अभियन्ता अभिजीत थलवाल,सुपरवाईजर सुरेश और पुलिस फोर्स मौजूद रही।उल्लेखनीय है कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देशों पर पूरी तरह अमल करते हुए उसके क्षेत्र में की जा रही प्लॉटिंग व अवैध निर्माणों आदि पर ध्वस्तीकरण व सिलिंग की कार्यवाही की जा रही है। प्राधिकरण की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में अब तक सैकड़ो मामलों में कार्रवाई हो चुकी है। यह अभियान लंबे समय से लगातार चल रहा है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा भारत: धामी



शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक बड़ी वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है। इस दौरान देश में लगभग 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। ये बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को एक समाचार पत्र द्वारा संवाद कार्यक्रम में कही।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्य तेजी से हुए हैं। दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड बनने के बाद दिल्ली से देहरादून की यात्रा ढाई घण्टे में पूर्ण हो जायेगी। ऑल वेदर रोड के काम तेजी से हुए हैं। राज्य के सीमांत क्षेत्रों तक सड़कों का विस्तार हुआ है।

अब राज्य में रिवर्स पलायन हो रहा है। तीर्थाटन और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में अनेक कार्य हुए हैं। उत्तराखण्ड निवेशकों का पसंदीदा राज्य बना है।

निवेशक सम्मेलन के आयोजन बाद से लगभग एक लाख करोड़ के कार्यों की ग्राउडिंग शुरू हो चुकी है। इस अवसर पर कवि एवं गीतकार प्रसून जोशी, पर्यावरणविद अनिल जोशी और अन्य महानुभाव उपस्थित थे।

# ओएनजीसी ने की ऑल इंडिया ऑइल सेक्टर मीट आयोजित

**■ मुख्यमंत्री हुए कार्यक्रम में शामिल, बोले ग्रीन एनर्जी को दे रहे बढ़ावा, ग्रीन हाइड्रोजन के साथ सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा: धामी**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ओएनजीसी कम्युनिटी सेंटर में आयोजित ऑल इण्डिया ऑइल सैक्टर मीट कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार इकॉनमी, इकोलॉजी और टेक्नोलॉजी में समन्वय के साथ ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। राज्य में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया रहा है।

प्रदेश में टिहरी, कोटेश्वर, पीपलकोटी, लखवाड़, विष्णुगाड़ जैसी जल विद्युत परियोजनाएं उत्तराखंड को ऊर्जा हब में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राज्य में जियो थर्मल के क्षेत्र में अनेकों संभावना है, जिस पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ हिरान्मय पंड्या, अनुपम, गोपाल जोशी, नीरज शर्मा, पवन कुमार, देवेंद्र बिष्ट, सुमित सिंघल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा प्राकृतिक संसाधन किसी भी राष्ट्र को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ईंधन, राष्ट्र के विकास के साथ ही हमारी दैनिक आवश्यकताओं को भी पूरा करता है। देश में कच्चे तेल का कुल उत्पादन का 70 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस उत्पादन का 84 प्रतिशत योगदान देकर ओएनजीसी भारत की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प हमारे सामने रखा है। देश 2047 में विक. सित भारत बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए पेट्रोलियम भंडार की स्थापना की गई है। ग्रीन हाइड्रोजन के साथ सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ऊर्जा के कई वैकल्पिक स्रोतों पर कार्य किया जा रहा है। इन सभी प्रयासों ने भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में सक्षम बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेल एवं प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में अनेक कार्य किए गए हैं। वन नेशन, वन ग्रिड के अंतर्गत गैस पाइप लाइन का विस्तार किया जा रहा है। गैस वितरण प्रणाली को विस्तार देकर पहले से सुविधाजनक बनाया गया है। बायो सीएनजी प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं।

# राज्यपाल ने किया आइस फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप-2025 का उद्घाटन

**■ शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप का किया समापन खिलाड़ियों ने किया आइस स्केटिंग का विशेष प्रदर्शन**



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को देहरादून में 20वीं नेशनल शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग चौंपियनशिप का समापन और आइस फिगर स्केटिंग नेशनल चौंपियनशिप- 2025 का शुभारंभ किया। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम के हिमाद्री आइस रिंक में आयोजित इस समारोह के दौरान खिलाडियों ने आइस स्केटिंग का विशेष प्रदर्शन किया जिसने उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

देशभर से आए खिलाड़ियों का उत्तराखण्ड में स्वागत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन न केवल उत्तराखण्ड बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने से आए खिलाड़ियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि यह चौंपियनशिप भारत में शीतकालीन खेलों के प्रति बढ़ती रुचि का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि भारत के एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आइस स्केटिंग रिंक का पुनर्निर्माण एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिससे न केवल आइस स्केटिंग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उत्तराखण्ड को "खेल भूमि" के रूप में भी नई पहचान मिलेगी।

राज्य में खेल अवस्थापना, प्रशिक्षण सुविधाएं, खेल छात्रवृत्तियां और नई खेल नीति के अंतर्गत रोजगार के अवसर तेजी से विकसित किए जा रहे हैं। इस समारोह में विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण, कोच, प्रतिभागी खिलाड़ी आदि उपस्थित थे।

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सम्मानित

**देहरादून ।** श्री फिंगर्स एंटरटेनमेंट लिमिटेड की और से एक्सीलेंसी आइकॉनिक अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन शनिवार को देहरादून के एक होटल में किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल भी मौजूद रहे। बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल और अभिनेता तुषार कपूर ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया। ईशा देओल ने कहा, की इस मंच का हिस्सा बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। वहीं तुषार कपूर ने कहा, आज का भारत नई सोच और साहसिक कदमों से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल पूनम चंद, लोकेश दत्तल आदि शामिल रहे।

# मलिन बस्तियों को मालिकाना हक दिलाएगी कांग्रेस: गोगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** महानगर कांग्रेस की ओर से मलिन बस्ती न्याय यात्रा महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में निकली गई। शनिवार को मलिन बस्ती न्याय यात्रा चन्द्र रोड से शुरू होकर करनपुर बस्ती से होते हुए खटीक मोहल्ला होते हुए डीएल रोड से आर्य नगर रिस्पना पुल पर आकर समाप्त हुई।

यात्रा को संबोधित करते हुए डॉ गोगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही वो पार्टी है जो सभी वर्गों को का ख्याल रखती है सबको साथ लेकर चलती है चाहे वो व्यक्ति किसी भी जाति धर्म का हो समुदाय का हो या किसी भी तबके का हो। जब पूरा विपक्ष इंदिरा के खिलाफ खड़ा था तब उन्होंने देश की जनता को संबोधित करते हुए ये कहा था कि वो इंदिरा को हटाने की बात कर रहे हैं हम गरीबी हटाने की बात कर रहे हैं तब आपको करना है कि आपको किस को चुनना है। कई मलिन बस्तियों ऐसी हैं जो इंदिरा जी के नाम पर बसी हुई है आज ये मलिन बस्तियां भाजपा के लिए बोझ हैं पहले इन्हें मलिन बस्तियों को भाजपा वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती रही। 2016 में कांग्रेस पार्टी ने इन मलिन बस्तियों को मालिकाना हक दिलाने का प्रयास किया था दुर्भाग्यवश 2017 में कांग्रेस की सरकार नहीं बनी तब से यह मुद्दा भाजपा ने ठंडे बस्ते में डालने का कार्य कर दिया है भाजपा की मंशा कभी भी सही नहीं थी यही वजह रही हर बार अध्यादेश लाकर इन बस्तियों को ग्रेस पीरियड प्रदान किया गया परंतु कभी भी समाधान नहीं निकाला, इस बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार हजारों घरों को बेघर करने का प्रयास कर रही है जिसमें कांग्रेस पार्टी सफल नहीं होने देगी ।

पद यात्रा में मदनलाल प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग , डॉ. प्रदीप जोशी,सुनीता प्रकाश,सुनील जैसवाल पार्षद रॉबिन त्यागी, अर्जुन, धर्मपाल घगत, करण घगत,विपुल नौटियाल,ललित बद्री, आदर्श सूद, अशोक कुमार,विजेंद्र चौहान, जमाल, अशोक, नदीम, मोनिका राजौरी, नीतीश, संजय गौतम , गगन आदि मौजूद रहे।

# गढ़ी कैंट सीवर योजना में एसटीपी निर्माण के लिए जारी की जाए अनापत्ति : जोशी

**■ मसूरी में गढ़वाल सभा भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन किए जाने के सम्बन्ध में अधिकारियों संग की मेहरबानी बैठक**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून के न्यू कैंट रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय में पर्यटन विभाग एवं पेयजल निगम के माध्यम से मसूरी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यो की समीक्षा की। जिसमें प्रमुख रुप से गढ़ी कैंट सीवर योजना में एसटीपी निर्माण के लिए अनापत्ति, मसूरी में गढ़वाल सभा भवन के लिए भूमि आवंटन जैसे प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

काबीना मंत्री ने कहा कि गढ़ी कैंट सीवर योजना मसूरी विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है और एसटीपी निर्माण के लिए अनापत्ति जारी की जाए ताकि योजना का धरातल पर कार्य प्रारम्भ हो सके।

इसी प्रकार, मसूरी में गढ़वाल सभा भवन निर्माण के लिए दो करोड़ की धनराशि दिये जाने की घोषणा के क्रम में कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को भूमि तलाशने के निर्देश दिये। गढ़वाल सभा के प्रतिनिधियों की मांग के अनुरुप सीएम धामी की घोषणा व वित्तीय सहयोग के तौर पर एमडीडीए द्वारा भवन निर्माण करवाया जाऐगा। अधिकारियों को दोनों प्रकरणों पर तत्काल सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

बैठक में पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल, पेयजल निगम के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह चौहान, एसई मिशा सिन्हा, मसूरी नगरपालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, मनमोहन सिंह मल्ल, विष्णु प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सहकारिता मंत्री डॉ.धन सिंह ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा



**30 जून को भारत मंडपम, नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की होगी मंथन बैठक**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** केंद्रीय सहकारिता एवं गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आगामी 30 जून को भारत मंडपम, नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की मंथन बैठक होगी। जिसकी तैयारियों को लेकर सहका. रिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने विभागीय समीक्षा बैठक ली।

डॉ रावत ने शनिवार को शासकीय आवास पर आयोजित बैठक में सहकारिता विभाग के उत्कृष्ट सफल मॉडल योजनाओं और उपलब्धियां की जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली।

डॉ रावत ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सहक. ारिता मंत्रियों एवं सहकारिता विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव भाग लेंगे। यह मंच सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रगति की समीक्षा, विचारों के आदान-प्रदान और भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने का अवसर प्रदान करेगा।

मंथन बैठक में उत्तराखंड राज्य की तरफ से सचिव सहकारिता डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम, निबंधक सहकारिता मेहरबान सिंह बिष्ट अपर निबंधक सहकारिता आनंद शुक्ल सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत के साथ 29 जून को दिल्ली रवाना होंगे।

सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया मंथन बैठक देश भर में और राज्यों में सहकारिता के क्षेत्र में कैसे सहकार से समृद्धि आए इसको लेकर मंथन किया जाएगा। इस मंथन सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सहकारिता मंत्रालय की अब तक की पहलों और योजनाओं की समग्र समीक्षा करना, अब तक हुई प्रगति का मूल्यांकन करना, और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से अनुभवों, श्रेष्ठ प्रक्रियाओं और रचनात्मक सुझावों का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। यह मंथन बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण को सामूहिक प्रयासों के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए साझा समझ और समन्वित रणनीति विकसित करने की दिशा में कार्य करेगी।मंथन बैठक में 2 लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों , डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की जाएगी, जो ग्रामीण सेवा वितरण को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए अहम है। समीक्षा बैठक में सचिव सहकारिता सहकारिता डॉ बीवीआरसी परुषोत्तम, निबंधक सहकारिता मेहरबान सिंह बिष्ट अपर निबंधक ईरा उप्रेती आनंद शुक्ल, संयुक्त निबंधक नीरज बेलवाल मंगला त्रिपाठी, उप निबंधक रमिंद्री मंद. रवाल मौजूद रहे।

# सैनिक कल्याण मंत्री ने की सैन्यधाम के निर्माण कार्यों की समीक्षा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को सैनिक कल्याण विभाग की समीक्षा की। देहरादून के न्यू कैंट रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय में

सैन्यधाम निर्माण की प्रगति को लेकर सैनिक कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी परियोजना है और इसे शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने सैनिक विश्राम गृहों में जीर्णोद्धार और मरम्मत के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देश दिये। मंत्री ने बताया कि 30 जून को सैन्यधाम का निरीक्षण किया जाऐगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी परियोजना है और इसे शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण करने की कार्यवाही की जाए।

बैठक में सैनिक कल्याण निद. ेशक बिग्रेडियर (सेनि) अमृतलाल, उपनल के एमडी बिग्रेडियर (सेनि) जेएनएस बिष्ट, संयुक्त सचिव सुनील सिंह, उपनिदेशक विंग कमाण्डर (सेनि) निधि बधानी, उपनिदेशक कर्नल (सेनि) योगेन्द्र कुमार, पेयजल निगम से संजय यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सूचना विभाग कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण

# अपने कर्तव्यों का निष्ठा व ईमानदारी से करे निर्वहन : बंशीधर तिवारी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड सूचना कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को रिंग रोड स्थित सूचना भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महा. निदेशक सूचना बंशीधर तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

बंशीधर तिवारी द्वारा नवनिर्वाचित संघ के पदाधिकारियों का शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सूचना महा. निदेशक तिवारी ने कहा कि कार्मिक हितों का शीघ्र समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सूचना विभाग का कार्य सरकार की नीतियों व योजनाओं का जनहित में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करना है। सभी कार्मिक अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करे। संघ द्वारा रखी गई मांगों का शीघ्र समाधान किया जायेगा। कार्मिकों के लिए विशेष रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे।

इस अवसर पर अपर निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी ने संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विगत समय में भी संघ द्वारा रखी गई मांगों का प्राथमिकता पर समाधान किया गया है।

संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष कैलाश रावत ने कहा कि संघ का प्रयास होगा कि कार्मिकों के हितों को शीघ्र समाधान कराया जा सके। इसके लिए अधिकारियों से निरंतर संवाद किया जायेगा। संघ के महामंत्री अंकित कुमार ने कहा कि संघ का उद्देश्य रहेगा कि कार्मिकों के हितां का शीघ्र समाधान हो।

### ये अधिकारी हुए शामिल

इस अवसर पर संयुक्त निदेशक के.एस.चौहान, डॉ. नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ वित्त अधिकारी शशि सिंह, उप निदेशक, मनोज कुमार श्रीवास्तव, रवि बिजारनिया सहायक निदेशक एल.पी.भट्ट, पूर्व अध्यक्ष रणजीत सिंह बुदियाल, पूर्व महामंत्री के.एस.पंवार एवं सुरेश चन्द्र भट्ट सहित समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### इन्होंने ग्रहण की शपथ

कार्यक्रम में अध्यक्ष पद पर कैलाश रावत, उपाध्यक्ष पद पर संयुक्त रूप से प्रशांत रावत, संजय कुमार, महामंत्री पद पर अंकित कुमार, संयुक्त मंत्री पद पर पारुल, कोषाध्यक्ष पद पर राकेश कुमार धीवान, संगठन मंत्री पद पर सत्येंद्र बिजल्वाण, संयोजक-ऑडिटर पद पर अरुण कुमार, प्रचार मंत्री पद पर बहादुर सिंह कन्याल, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बालम सिंह नगरकोटी, पप्पू चौहान, आरती गुणवंत, चन्द्र बल्लभ, माधुरी सेमल्टी, भरत रावत, गोपाल बिष्ट, विजय रावत द्वारा शपथ ग्रहण की गई।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 1.53 लाख बच्चों की जांच

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत 2024-25 में 1,53,768 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 13,540 बच्चे विभिन्न बीमारियों से ग्रसित पाए गए। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरीश चंद्र पंत ने दी। डा. पंत ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम वर्ष 2013 से संचालित है, जिसके तहत शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच आंगनबाड़ी केंद्रों में वर्ष में दो बार और सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों में वर्ष में एक बार की जाती है। जिले में 15 सचल दल कार्यरत हैं, जिसमें प्रत्येक दल में एक पुरुष और एक महिला चिकित्सा अधिकारी, एक फार्मासिस्ट और एक स्टाफ नर्स शामिल हैं। ये दल जन्मजात विकृति, मानसिक विकास में रुकावट और दिव्यांगता से संबंधित 29 बीमारियों की पहचान कर उपचार के लिए अभिभावकों को परामर्श देते हैं और उच्च संस्थानों में रेफर करते हैं। पिछले वर्ष 1,367 स्कूलों में 75,255 बच्चों और 1,416 आंगनबाड़ी केंद्रों में 78,513 बच्चों का परीक्षण किया गया। इनमें से 13,540 बच्चे विभिन्न बीमारियों से ग्रसित पाए गए, जिनमें से 2,933 बच्चों को प्राथमिक, सामुदायिक और जिला अस्पतालों में भेजा गया। वहीं गंभीर रोगों जैसे न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, कटे होंठ और तालू, जन्मजात मोतियाबिंद, मुड़े पैर, जन्मजात हृदय रोग और सुनने में अक्षमता से ग्रसित 479 बच्चों को डीईआईसी महिला अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया। इनमें से 168 बच्चों को श्रीराम मूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली, ग्राफिक एरा अस्पताल देहरादून, एम्स ऋषिकेश, श्री सत्य साई अस्पताल पलवल (हरियाणा) और सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में उपचार के लिए भेजा गया। अब तक 101 बच्चों का सर्जरी और इलाज सफलतापूर्वक कर उन्हें स्वस्थ जीवन दिया गया है, जबकि अन्य बच्चों का उपचार जारी है। डा. पंत ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत सभी सेवाएं निशुल्क प्रदान की जाती हैं, जिससे गरीब परिवारों पर उपचार का आर्थिक बोझ कम होता है। कार्यक्रम के अंतर्गत आशा कार्यकर्ताओं और डिलीवरी प्वाइंट पर तैनात चिकित्सकों व स्टाफ नर्सों को नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि अधिक से अधिक बच्चों तक सेवाओं का लाभ पहुंच सके।



## बाइक से हेलमेट चोरी करते युवक सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल बाजार के गेट के सामने खड़ी बाइक से हेलमेट चोरी करते हुए सीसीटीवी में युवक नजर आ रहा है। पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार तल्लीताल में बाजार के समीप पार्क बाइक से बीते रोज लटका हुआ हेलमेट चोरी का मामला सामने आ चुका है। शिकायत के बाद जब शनिवार को पुलिस ने सीसी टीवी कैमरों की जांच की। जिसमें एक युवक बाइक से हेलमेट लेकर भवाली रोड को भागता नजर आ रहा है। जबकि दूसरे कैमरे में युवक एक बाइक में बैठकर भवाली को भागता नजर आया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। मामले में तल्लीताल थाने के एसओ रमेश बोरा ने बताया कि जल्द ही हेलमेट चोर को पकड़ लिया जाएगा।

# जानलेवा हमले का आरोपी दोषमुक्त

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** न्यायिक मजिस्ट्रेट/अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन रुचिका गोयल की अदालत ने सगे भाई व उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला करने के एक आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना तल्लीताल में आरोपी महेश पाण्डे पुत्र स्व. सदानन्द पाण्डे के विरुद्ध उसके भाई गोविन्द पांडे ने आईपीसी की 324, 504 तथा 506 के अंतर्गत 13 दिसंबर 2020 को मुकदमा दर्ज कराया जिसमें कहा गया कि घटना के समय वह नाईसेला पोस्ट बेल, जिला नैनीताल का रहने वाला है। उसके भाई महेश पाण्डे ने उसके व उसकी पत्नी हेमा पाण्डे के साथ धारदार हथियार से वार किया जिससे उसके दायें हाथ की अंगुली व हथेली में काफी गहरे घाव हो गये जिसमें चार पांच टांके भी लगे हैं। आरोप लगाया था कि उसका भाई महेश उसके हिस्से की भूमि व मकान को हड़पना चाहता है और उसके साथ मारपीटए गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देता है जिससे प्रार्थी के परिवार को महेश पांडे से जानमाल का खतरा बना हुआ है। इस मामले की न्यायिक मजिस्ट्रेट के अदालत में हुई सुनवाई के दौरान पेश गवाहों के बयानों तथा पुलिस रिकॉर्ड व दोनों पक्षों की दलीलों के बाद कोर्ट ने आरोपी को सन्देह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया। अभियुकत की ओर से अधिवकता प्रमोद कुमार तिवारी ने पैरवी की जबकि सहायक अभियोजन अधिकारी सुमित कन्याल रहे।

## एक नजर...

### गुलदार पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने के निर्देश

**हल्द्वानी।** सांसद अजय भट्ट ने रानीबाग बायपास के पास रानीबाग चुंगी पर निवासी सरस्वती तिवारी पर गुलदार के हमले का प्रयास किए जाने का मामला तत्काल संज्ञान में लिया है। इसके पश्चात अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित करते हुए वन विभाग को गश्त बढ़ाए जाने और पिंजरा लगाने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार शाम को जैसे ही सांसद अजय भट्ट को जानकारी मिली कि रानीबाग चुंगी क्षेत्र में गुलदार द्वारा घर के आगे खड़ी महिला सरस्वती तिवारी पर गुलदार द्वारा हमले का प्रयास किया गया है। तो श्री भट्ट ने तत्काल कमिश्नर दीपक रावत और डीएफओ चंद्रशेखर जोशी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा से दूरभाष पर वार्ता करते हुए क्षेत्र में वन विभाग की गश्त बढ़ाते हुए पिंजरा लगाने के निर्देश दिए हैं। श्री भट्ट ने बताया कि ग्रामीणों ने जानकारी दी है कि इससे पहले भी क्षेत्र में गुलदार की हरकत देखी गई है फिलहाल महिला सुरक्षित है। लेकिन क्षेत्र में गुलदार की दहशत व्याप्त है।

### सिविल प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा आज

**नैनीताल।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार द्वारा आयोजित उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन रविवार 29 जून 2025 को जनपद नैनीताल के अंतर्गत हल्द्वानी के 26 परीक्षा केद्रों तथा रामनगर के तीन परीक्षा केद्रों, कुल 29 परीक्षा केद्रों में संपन्न होगी। जिसमें 12131 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा को पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण पूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु शनिवार को अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में नगर निगम हल्द्वानी सभागार में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में परीक्षा को संपन्न कराए जाने हेतु तैनात कुल 29 सेक्टर व 5 जोनल मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्हें परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अपर जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। बैठक में लोकसेवा आयोग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने परीक्षा संचालन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

### नदी व नाले के किनारे रहने वाले लोगों को किया अलर्ट

**देहरादून।** मौसम विभाग द्वारा जारी भारी बारिश के अलर्ट के चलते पुलिस द्वारा नदी व नाले के किनारे रहने वाले लोगों को अलर्ट किया जा रहा है।वही लाउड हेलर के माध्यम से बारिश के दौरान नदी नालों के किनारे न जाने की चेतावनी दी जा रही है। देहरादून व पहाड़ी जनपदों में देर रात्रि हुई भारी बारिश एवं मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए भारी बारिश के अलर्ट के चलते नदी- नालों में जलस्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए दून पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में नदी के किनारे रहने वाले लोगों को लाउड हेलरों के माध्यम से सतर्क किया जा रहा है, साथ ही बारिश के दौरान नदी नालों के किनारे न जाने तथा जलस्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है।

### यूकेडी कार्यकर्ता सुशीला नेगी के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**विकासनगर।** उत्तराखंड राज्य आंदोलन की निष्ठावान सेनानी और उत्तराखंड क्रांति दल की कर्मठ कार्यकर्ता, बाबूगढ़ (विकासनगर) निवासी. सुशीला नेगी का स्वर्गवास होने पर शनिवार को डाकपत्थर रोड स्थित कार्यालय में एक शोक सभा का राखी गई।

वह विगत कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं, और 27 जून, 2025 को अचानक हृदय गति रुकने के कारण 67 वर्ष की आयु में उनका आकस्मिक निधन हो गया। शोक सभा में दल के केंद्रीय संरक्षक सुरेंद्र कुकरेती, भूपेंद्र सिंह नेगी, भूपेंद्र बिष्ट, अमर देव जोशी, दरवान सिंह रावत, जयकृष्ण सेमवाल, देवी प्रसाद डंगवाल, चन्दन सिंह सजवाण, पूरण प्रसाद भट्ट, अमरावती नेगी, रेखा असवाल, मायाराम मंमगाई, बीना पंवार, सरोज मलासी, नरेंद्र कुकरेती, अनिता चमोली, विनोद रावत, सुशीला कपर्वाण, चंद्रशेखर गॉड, उषा जोशी, बीना उनियाल आदि मौजूद रहे।

# शर्तों के साथ हड़ताल वापसी का ऐलान

## पालिकाध्यक्ष व ईओ के बीच विवाद का भी पटाक्षेप



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** क्षेत्रीय विधायक सरिता आर्या तथा जिलाधिकारी प्रतिनिधि एसडीएम नवाजिश खलीक की मध्यस्थता में शनिवार को नैनीताल पालिका सभागार में हुई बैठक में पालिकाध्यक्ष व ईओ को बीच हुए विवाद समेत कर्मचारियों के आंदोलन से उपजे हालात को सुलझा लिया गया है।

दूसरी ओर कर्मचारियों ने कुछ शर्तों के साथ हड़ताल वापस लेने के ऐलान किया। बता दें कि निकाय व सफाई कर्मचारियों आंदोलन का ऐलान की सूचना पर शनिवार को विधायक सरिता आर्या व एसडीएम नवाजिश खलीक पालिका सभागार पहुंचे। उन्होंने पहले पालिका कर्मचारियों से वार्ता की। इसके बाद वह सभागार पहुंचे जहां सभासद पहले से ही मौजूद थे। विधायक के पूछने पर अधिकांश सभासदों ने पालिका के प्रतिकूल हालात पर चिंता जताई। कहा कि ऐसे हालात में वह अपने वार्ड का विकास कैसे कर पाएंगे यही हालात रहे तो बोर्ड पांच वर्ष कैसे चल पाएगी। कुछ देर बाद पालिकाध्यक्ष भी वहां पहुंची। पालिकाध्यक्ष ने हड़ताल के लिए ईओ को जिमेदार ठहरा दिया। बैठक में मौजूद कार्मिक समेत बहुसंयक सभासदों के ईओ के पक्ष में बात रखने पर पालिकाध्यक्ष नाराज भी हुईं। उन्होंने इस्तीफे की धमकी दे दी। नाराज कर्मचारी नारेबाजी करते हुए चले गए, बाद में फिर हुई वार्ता के बाद शर्तों के साथ समझौता हुआ। मामले में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि पालिका के पारिवारिक सदस्यों के बीच कुछ बातों को लेकर मतभेद हो गए थे जिन्हें परिवार के बीच हुई वार्ता के बाद सुलझा भी लिया गया है। कर्मचारी नेता त्रिलोचन टांक ने कहा कि विभिन्न देयकों तथा बरसाती की मांग को लेकर कर्मचारियों ने आंदोलन किया था जिसे नगर व पालिका हित में वापस ले लिया गया है। वार्ता में ईओ रोहिताश शर्मा, भाजपा नेता मनोज जोशी, मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की समेत मोहित आर्य, सभासद गजाला कमाल, सपना बिष्ट, मनोज साह जगाती, भगवत सिंह रावत,पूरन सिंह बिष्ट, शीतल कटियार, काजल आर्य, गायत्री उप्रेती, लता दफौटी, समेत देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के महासचिव सोनू सहदेव, निकाय कर्मचारी महासंघ के सचिव रितेश कपिल समेत दोनों सभी संघों के कर्मचारी मौजूद थे।

# 'अकल बड़ी या शेर' का मंचन आज से

## प्रशिक्षकों की देखरेख में बाल कलाकारों ने किया पूर्वाभ्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में बाल नाट्य कार्यशाला के दौरान कार्यशाला निर्देशक अनिल कुमार के नेतृत्व में ललित मोहन थपलियाल द्वारा लिखित नाटक अकल बड़ी या शेर का मंचन सीआर एसटी इंटर कॉलेज में रविवार (आज) सायं 7 बजे से किया जा रहा है।

इसी क्रम में बाल कलाकारों ने प्रशिक्षकों के नेतृत्व में शनिवार को दिनभर नाटक का पूर्वाभयास भी किया। बता दें कि नाटक में गीत हेमंत बिष्ट के हैं एवं मूल संगीत संगीत जगमोहन जोशी मंटू का है। संगीत प्रस्तुति निर्देशन में नवीन बेगाना द्वारा योगदान दिया गया है जबकि वादन में संजय कुमार, यश, अमन महाजन तथा कोरस में हर्षित गोसाई, सिमरन, अवर्णिका जोशी, हर्ष, आकाश, दिया, पारस जोशी द्वारा तथा सहायक निर्देशक के रूप मे मनोज कुमार द्वारा योगदान दिया गया है। बाल कलाकारों में शेर की भूमिका में हर्ष यादव जबकि राहगीर की भूमिका में संस्कार पांडे सहित हिरण मान्या भंडारी, बंदर निष्कर्ष कुमार, लोमड़ी विदिशा जोशी, खरगोश सिमरन वहीं चिडिया के रूप में नवीका, चित्रांगना, कायरा, पीहू, बवान्या बंगारी, दिशानी कार्की रिमझिम वाणी, वैष्णवी गोसाई तथा कौवा के पात्रों में रुद्र, आयुषी, शौर्य, गीतिका, तेजस व अंजलि द्वारा योगदान दिया जा रहा है। नाटक को मूर्त रूप में लाने में जहूर आलम, भास्कर बिष्ट, मनोज कुमार, मानी बंगारी, मदन मेहरा, कौशल साह, मिथिलेश पांडे, डा. हिमांशु पांडे, डा. मोहित सनवाल, रफत आलम, दीपक सहदेव, संजय कुमार व अदिति खुराना आदि द्वारा सहयोग दिया जा रहा है साथ ही शारदा संघ, सीआरएसटी इंटर कॉलेज, सीआरएसटी प्रायमरी विंग का विशेष योगदान रहा।



# कार लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, एक बदमाश गिरफ्तार

**देहरादून।** लिफ्ट लेकर कर में बैठने वाले बदमाश ने कार चालक के साथ पहले प्यार भरी बातें की फिर अंगूर की बेटी के साथ रिश्ता जुड़वा कर कार वे नगदी को लूट कर फरार हुए बदमाश को रानी पोखरी पुलिस ने तीसरी आंख एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर घटना के कुछ ही घंटे बाद गिरफ्तार कर लूट की इस घटना का खुलासा कर बदमाश को जेल भेजा। रानी पोखरी पुलिस की इस कार्यवाही के बाद आलाधिकारियों ने भी उनकी पीठ थपथपाई।

27 जून 2025 को पीड़ित आयुश नेगी पुत्र रघुवीर सिंह निवासी झूलाबगड नन्दप्रयागघ जिला चमोली अपनी स्विफ्ट कार मे सवार होकर चमोली के लिए घर से निकला था। बताया गया कि इसी बीच रास्ते में उसे एक अज्ञात व्यक्ति मिला और उसने एम्स ऋषिकेश तक छोडने के लिये कार मे लिफ्ट माँगी जिसके चलते कार चालक ने उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया। कार में सवार हुए अज्ञात व्यक्ति ने चालक को अपनी मीठी-मीठी बातों में उलझा लिया और रानी पोखरी क्षेत्र में आकर पहले उसे शराब पिलाई और फिर जब कार चालक नशे में हो गया तो उसकी कार व अन्य कीमती सामान को लूट कर मौके से फरार हो गया।जिसके बाद पीड़ित ने रानी पोखरी थाने में आकर घटना की जानकारी दी।रानी पोखरी थाना अध्यक्ष वीकेंर चौधरी ने लूट की इस घटना को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात बदमाश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया और सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर लूट की घटना के कुछ घंटे बाद ही घटना का खुलासा करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की कार व अन्य समाज सामान की बरामद की। पकड़े गए बदमाश गौतम सैलानी पुत्र सुदेश सैलानी निवासी मौहल्ला रामपुर, हरिद्वार रोड नजीबाबाद, थाना नजीबाबाद, जनपद बिजनौर के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर उसे जेल भेजा।

## शराब बेचने वाले तीन व्यक्ति गिरफ्तार

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस द्वारा 1 व्यक्ति को 5 लीटर कच्ची शराब व 2 व्यक्ति को 102 पाउच टैट्रा पैक देशी शराब के साथ किया गिरफ्तार। पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता, द्वितीय नलकूप उपखण्ड, काशीपुर

पत्रांक :– 284 / स0अ0द्वि0 / निविदा / 2025–26 दिनांक 28 / 06 / 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या :– 06 / स0अ0द्वि0 / 2025–26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यो की मुहरबन्द निविदायें दिनॉक 15.07.2025 अपरान्ह 01:30 बजे तक सिंचाई विभाग में सिविल श्रेणी 'डी' या उच्चतर पंजीकृत ठेकदारों से आंमत्रित की जाती है, जो उसी दिन 02:00 बजे अपरान्ह सहायक अभियन्ता कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने से पूर्व पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.07.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय, नलकूप उपखण्ड काशीपुर से प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्य संबंधी विवरण निविदा खोलने से पूर्व में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सायं 3.30 बजे तक कार्यालय में देखा जा सकता है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र एवं राष्ट्रीकृत बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, बाजपुर के नाम बंधक होगी, मान्य होगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का एवं कार्य की मात्रा कम या ज्यादा करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प जिस पर रू0–1.00 का रेवेन्यू टिकट लगा हो, दरों की वैधता हेतु तीन माह तक अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा आमंत्रण की तिथि से पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर ले। अपरिहार्य स्थिति में राजकीय अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Providing Labour & Sweeper for Sub Division Office, Chowkidars for Misserwala Store & Electrician for Jaspur (East & West) and Kashipur Section under the head 2701 M&R | 5.50 | 11000.00 | 06 माह | 1000.00 + जी0एस0टी0 |
| 2 | Renovation of Sub Division II Kashipur Office, Block Kashipur (U.S. Nagar) under the head 2701 M&R | 5.50 | 11000.00 | 02 माह | 1000.00 + जी0एस0टी0 |
| 3. | Lowering/Lifting of Submersible Pumpset upto 35 H.P. at Jaspur and Kashipur Section Block – Jaspur/Kashipur under the head 2701 M&R | 3.00 | 6000.00 | 06 माह | 500.00 + जी0एस0टी0 |

सहायक अभियन्ता द्वितीय
नलकूप उपखण्ड काशीपुर


# नकली दवा बेचने वाले को एसटीएफ ने पकड़ा

## असली नाम बदलकर कई राज्यों में नकली दवाइयों को करता था सप्लाई

**देहरादून।** बड़ी दवाई कम्पनियों के ब्रांड नाम से नकली दवाई तैयार कर भारत के कई राज्यों में बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एसटीएफ ने नकली दवाई बनाने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया। बताया गया है कि आरोपी उत्तराखण्ड, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल, चण्डीगड आदि विभिन्न राज्यों में नकली दवाईयां तैयार कराकर मार्किट में असली नाम छुपाकर काम करता था।




एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिष्ठित दवाई कम्पनियों के रैपर के नकली आउटर बॉक्स, लेबल एंव क्यूआर कोड भारी मात्रा के साथ एक व्यक्ति संतोष कुमार को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। जिस सम्बन्ध में एसटीएफ टीम द्वारा थाना सेलाकुई देहरादून पर मुकदमा दर्ज कराया। पकड़े गए आरोपों से बातचीत में पता चला है कि नकली आउटर बॉक्स, लेबल एंव क्यूआर कोड में अक्षय नाम के कहने पर छापकर उसको ट्रांसपोर्ट के माध्यम से भिवाडी राजस्थान अक्षय के दिये पते पर भेज देता था। एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया की पूर्व में गिरफ्तार आरोपी संतोष कुमार द्वारा उपलब्ध कराये गये उक्त मोबाईल नम्बर समाचार पत्रों/सोशल मीडिया में संतोष के पकडे जाने की खबर प्रकाशित होने के समय से ही बन्द हो गये थे, जिस कारण अक्षय को ढूंडना एसटीएफ के लिए एक चुनौती बन गया।एसटीएफ टीम ने अक्षय के सम्बन्ध में मैनुअली पुलिसिंग एंव तकनीकि जानकारी एकत्र की गयी, तो पता लगाया कि वह व्यक्ति अक्षय नहीं बल्कि नवीन बसंल पुत्र महावीर प्रसाद बसंल निवासी आशियाना ग्रीन मिवाडी राजस्थान है और उक्त मोबाईल नम्बर वहीं इस्तेमाल कर रहा है।


## कार्यालय–नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज (उधमसिंहनगर)

पत्रांक:–1923/अ0नि0सू0/2025–26 दिनांक:–28 जून, 2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् महुआखेड़ागंज जनपद उधमसिंहनगर, क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित कार्यो की निविदा दिनांक 08/07/2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक शीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3:00 बजे गठित निविदा समिति एवं उपस्थित ठेकेदारों की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 07/07/2025 तक अपराहन 5:00 बजे तक नकद धनराशि जमा कर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ धरोहर राशि रु0 20000.0 की एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के नाम बंधक करना आवश्यक होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज को होगा। निविदा की शेष शर्ते/नियम निविदा प्रपत्रों पर देखे जा सकते है तथा अन्य जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद् महुआखेड़ागंज से किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | धरोहर धनराशि (रु0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य +18%GST अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply and Installation of Steel Structure Passenger Shed for Nagar Palika Parishad Mahuakheraganj | 02 | 28000.0 | 1400+GST | 30 दिन |
| 2 | Steel Water Tanker Complete | 02 | 26000.0 | 1300+GST | 30 दिन |

किसी अपरिहार्य कारणवंश निर्धारित तिथि को राजकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा अगली तिथि/कार्य दिवस को विक्रय एवं खोली जायेगी।

**निविदा की शर्तेः–**

1. प्रत्येक निविदा के साथ 100/–रु0 का नोन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर व एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित देना अनिवार्य है।
2. कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका के निर्माण कक्ष से प्राप्त की जा सकती है। निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार कार्य स्थल का भली–भाँति निरीक्षण/परिक्षण स्वंय कर ले, बाद में स्थल पर किसी भी विवाद हेतु ठेकेदार स्वंय जिम्मेदार होगा।
3. कार्य का भुगतान पालिका में प्राप्त धनराशि के उपरान्त ही किया जायेगा, जो ठेकेदार को स्वीकार होगा।
4. कार्य की निविदा के साथ कार्य की लागत का 02 प्रति0 जमानत धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं 08 प्रति0 की धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में निविदादाता को अनुबन्ध गठित करते समय जमानत धनराशि के तौर पर जमा करना अनिवार्य होगा।
5. शेष शर्ते कार्यालय दिवस में देखी एवं पढ़ी जा सकती हैं तथा शेष निविदायें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न होगी।

(सतीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी

(रिजवान अहमद)
अध्यक्ष


# कुमाऊं में डकैती, लूट, अपहरण, बलात्कार सहित गंभीर अपराधों में भारी बढ़ोतरी

## 5 माह में 2362 अपराध दर्ज, 2024 में हुए थे 2176 अपराध, 1840 अभियुक्त गिरफ्तारी से दूर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कुमाऊं में दर्ज भारतीय दण्ड संहिता/बीएनएस के अपराधों में 2024 की अपेक्षा भारी बढ़ोत्तरी हुई है। जहां वर्ष 2024 में 2176 अपराध दर्ज हुए थे वहीं 2025 में 2362 अपराध दर्ज हुए हैं। डकैती, लूट, अपहरण, बलात्कार सहित गंभीर अपराधों में पिछले वर्षों की अपेक्षा बढ़ोत्तरी हुई है। दर्ज मामलों के 48 प्रतिशत कार्यवाही तथा 1840 अभियुक्त गिरफ्तारी को शेष है। सूचना अधिकार के तहत नदीम उद्दीन एडवोकेट ने पुलिस महानिरीक्षक, कुमाऊं क्षेत्र, नैनीताल के लोक सूचना अधिकारी से दर्ज अपराधों व उन पर कार्यवाही के विवरणों की सूचना चाही थी। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/प्रधान लिपिक द्वारा सम्बन्धित विवरणों की सत्यापित फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी है। उपलब्ध 01 जनवरी 2025 से 31 मई 2025 तक 5 माह के भादवि (आईपीएस/बीएनएस) में वास्तविक मामलों के अनावरण/ गिरफ्तारी/ बरामदगी विवरण के अनुसार 2025 में 5 माह की अवधि में कुल 2362 अपराध पंजीकृत हुए हैं, जबकि 2024 में इस अवधि में 2176 अपराध ही दर्ज हुए थे। वहीं वाहन लूट, गृहभेदन, वाहन चोरी, चोरी, हत्या हेतु अपहरण के दर्ज अपराधों में वर्ष 2024 की इस अवधि की अपेक्षा कमी हुई है। नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार कुल 2362 दर्ज अपराधों में 33 को खारिज कर दिया गया है। शेष 2369 अपराधों में से 1876 का अनावरण कर दिया गया है। इसमें केवल 573 मामलों में अभियुक्त को दोषी मानते हुए चार्जशीट लगाकर न्यायालय में मुकदमें की कार्यवाही को प्रेषित की गयी जबकि 187 मामलों को फाइनल रिपोर्ट लगाकर बंद कर दिया गया तथा 1569 मामलों में अभी विवेचना जारी है। अभियुक्तों से सम्बन्धित नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार कुल 4265 अभियुक्तों में से 268 गलत (निर्दोष) पाये गये, शेष 3997 अभियुक्तों में से 1049 को गिरफ्तारी के स्थान पर धारा 41ए का नोटिस देकर विवेचना करने की कार्यवाही की गयी, 42 अभियुक्त हाजिर हुये, 55 को फाइनल रिपोर्ट लगाकर निर्दोष माना गया, 55 अभियुक्तों ने गिरफ्तारी पर स्टे ले रखा है, 924 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये हैं। इस प्रकार कुल 52 प्रतिशत 2070 अभियुक्तों के सम्बन्ध में कार्यवाही की गयी तथा 1840 की गिरफ्तार होना शेष है। लूटी/चोरी गयी सम्पत्ति के विवरण के अनुसार वर्ष 2025 में 31 मई तक कुमाऊं में 3 करोड़ 62 लाख 86 हजार 310 रू. की सम्पत्ति लूटी/चोरी की गयी जिसमें से 49 प्रतिशत 1 करोड़ 79 लाख 46 हजार 155 रुपये की सम्पत्ति बरामद कर ली गयी।

### लक्सर-रायसी के पास दर्दनाक सड़क हादसा, डॉक्टर से दवाई लेकर लौट रहे

# दंपति को टैंकर ने कुचला, मौके पर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** बिजनौर के रहने वाले दंपति की बाइक को रायसी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टैंकर ने बिजनौर रुड़की से दवा लेकर लौट रहे बिजनौर के दंपति बाइक सवार को टक्कर मार दी और उसे कुचल दिया जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और पांच बच्चों के सर से उनके मां-बाप का साया छिन गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लक्सर-रायसी मार्ग पर सड़क पर एक तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और कुचलता हुआ निकल गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बिजनौर जिले के आलम सराय गांव निवासी 45 वर्षीय इश्तकार अपनी पत्नी यासीन (40) के साथ रुड़की दवा लेने आए थे। लौटते वक्त रायसी के पास उनकी बाइक को एक टैंकर ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर गए और टैंकर का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर



शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार में पसरा मातम, चूल्हे तक नहीं जले। इस हादसे ने न सिर्फ एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि

❖बिजनौर निवासी पति-पत्नी रुड़की से लौट रहे थे वापस अपने घर

गांव के हर दिल को दहला दिया। इश्तकार और यासीन अपने पांच बच्चों को कहकर निकले थे कि जल्दी लौटेंगे और उनके लिए खाने का सामान भी लाएंगे, लेकिन लौटे तो उनकी मौत की खबर आई। दंपति की मौत की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। लोगों के घरों में चूल्हे तक नहीं जले। बच्चों की आंखों में सिर्फ आंसू और इंतजार मृतक के परिवार में अब पांच मासूम बच्चे रह गए हैं। अदनान, अफसान, सायना, अलीशा और अक्षा। जब पत्रकारों ने परिवार से बात की तो बच्चों ने रोते हुए कहा कि अब्बा-अम्मी ने कहा था कुछ खाने की चीज लाएंगे, लेकिन अब सिर्फ उनकी यादें रह गईं। ग्रामीणों और रिश्तेदारों का तांता लगा हुआ है, लेकिन कोई भी शब्द बच्चों के दर्द को कम नहीं कर पा रहा है।

## पिकअप की टक्कर से डेढ़ वर्ष के बच्चे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र में मैक्स पिकअप गाड़ी की टक्कर से हुई डेढ़ साल के बच्चे की मौत के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ तेजगति व लापरवाही से वाहन चलने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करदी है।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के प्लुनी निवासी जब्बार हसन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की शाम को वह अपने घर से नमाज पढ़ने के लिए निकले थे। उसका डेढ़ साल पोता अबु उबैदा भी पीछे आने लगा इस बीच सामने से आ रही तेज रफ्तार मैक्स पिकअप चालक ने उसके पोते को टक्कर मार दी। जिससे उसका पोता घायल हो गया।गाड़ी चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।आसपास के लोगों ने बच्चे को उठाया ओर अस्पताल ले कर गए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस बीच उसकी मौत हो गई। पीड़ित ने आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर गाड़ी चालक कालूराम निवासी नागल प्लुनी के खिलाफ तेजगति ओर लापरवाही में गाड़ी चलाने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ओर गाडी को कब्जे में ले लिया है।

### होटल स्वामियों ने एसपी देहात को सौंपा ज्ञापन

## सभी होटल व्यवसायियों को अनैतिक कार्यों से न जोड़ें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** होटल एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारी शुक्रवार को एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल से मुलाकात करते हुए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि शासन द्वारा अगर होटलों के लिए नई गाइड लाइन जारी हुई हैं तो इसकी प्रतिलिपि होटल स्वामियों को उपलब्ध कराई जाए। बेवजह सभी होटल स्वामियों को बदनाम व परेशान ना किया जाए। इससे होटल एवं होटल स्वामियों की छवि खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी होटल में अनैतिक कार्य हो रहे हैं तो पुलिस सख्त कार्रवाई करे, होटल कारोबारी इसमें सहयोग करेंगे। इस दौरान केजी अरोड़ा, अश्विनी भारद्वाज, प्रदीप सचदेवा, गौरव चौधरी, अक्षय प्रताप सिंह, प्रणय प्रताप, विभोर खन्ना,कुणाल सचदेवा, दीपक पंवार, नमन सचदेवा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### भगवानपुर में अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे नायब तहसीलदार

## सार्वजनिक रूप से मांफी मांगकर निपटाया मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** शनिवार को दूसरे दिन भी अधिवक्ता एसोसिएशन भगवानपुर की हड़ताल जारी रही जैसे ही अधिवक्ताओं ने धरना शुरू किया तो तहसीलदार भगवानपुर दयाराम के साथ नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता धरना स्थल पर पहुंचे और वकील विरोधी वक्तव्य पर अपना खेद व्यक्त किया और सार्वजनिक रूप से हाथ जोड़कर माफी माँगी और कहा कि अधिवक्ताओं को किसी भी प्रकार का ठेस नहीं पहुंचाना चाहता था लेकिन फिर भी मैं माफी माँगता हूँ और भविष्य में ऐसी पुनरावृति नहीं होगी तहसीलदार दयाराम ने कहा कि अधिवक्ता और तहसील प्रशासन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं इसलिए हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए ताकि आम जनता को न्याय मिल सके अधिवक्ताओं ने भी बड़ा दिल दिखाते हुए चेतावनी के साथ नायाब तहसीलदार को माफी देते हुए धरना समाप्त कर अपने कार्य पर वापस लौट गए हैं इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र सैनी, चौ. अनुभव,जनेश्वर प्रसाद ,ताराचंद सैनी,राजेंद्र सैनी ,हिमांशु कश्यप, आकिल हसन, हंसराज सैनी ,सुनील धीमान ,सुनील परालिया ,कुलदीप सैनी, कुलदीप चौहान ,अमित शर्मा ,प्रदीप कुमार ,नरेशपाल ,अरविश चौहान ,आसिम इकबाल ,कपिल धीमान ,योगेश सैनी ,रामकुमार ,नरपाल आर्य ,ऋतुराज सिंह ,सतीश कुमार ,शादाब ,संजीव वर्मा ,जाहिद राव ,आशिफ ,देवांशु कांबोज ,आकाश गर्ग ,तरुण बंसल, नदीम ,कादिर ,शशि कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## आदर्श नगर में झंडा चौक पर लगाया गया वाटर कूलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पार्षद सचिन कश्यप के प्रयासों के बाद आदर्शनगर में नगर निगम ने वाटर कूलर लगवाया है। इस वाटर कूलर के लगने के बाद इस भीषण गर्मी में लोगों को ठंडा पानी मिलेगा। पार्षद सचिन कश्यप ने नगर आयुक्त राकेश तिवारी और मेयर अनीता अग्रवाल का धन्यवाद किया है। ज्ञात रहे कि आसपास के दुकानदारों और राहगीरो को गर्मी के मौसम में काफी समस्या रहती थी।

जानकारी के अनुसार पार्षद सचिन कश्यप के प्रयासों के बाद आदर्शनगर में नगर निगम ने वाटर कूलर लगवाया गया है। आदर्श नगर पार्षद सचिन कश्यप ने बताया कि रुड़की नगर निगम में पांच वाटर कूलर आए थे जिनमे से एक आदर्श नगर झंडा चौक के पास लगाया गया है। उन्होंने बताया कि काफी समय से आदर्श नगर में वाटर कूलर लगाए जाने के लिए प्रयास किया जा रहा था और आज वाटर कूलर लगा दिया गया है। जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी।कश्यप ने बताया झंडा चौक के आसपास पुराने हैंडपंप थे जो कि अब खराब हो गए हैं कई बार उनको ठीक कराया गया मगर अब वह बंद पड़े हैं। आसपास के दुकानदारों और राहगीरो को गर्मी के मौसम में काफी समस्या रहती थी अब उनको साफ ठंडा पानी पीने को मिलेगा। वहीं क्षेत्रीय पार्षद सचिन कश्यप ने नगर आयुक्त राकेश तिवारी और मेयर अनीता अग्रवाल का धन्यवाद किया और इस वाटर कूलर की जिम्मेदारी ली कि समय-समय पर इसका निरीक्षण करते रहेंगे और अगर वाटर कूलर में कोई दिक्कत आती है तो उसे ठीक करवाएंगे।

### अवैध खनन के विरुद्ध जिलाधिकारी का सख्त एक्शन

## अवैध खनन पर 8 स्टोन क्रेशर सीज, ई-रवन्ना पोर्टल किया बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** सरकार को राजस्व की हानि पहुँचाने वालों के विरूद्ध जिलाधिकारी मयूर दीक्षित सख्ती से कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने विभिन्न माध्यम से प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए राजस्व तथा खनन विभाग की संयुक्त टीम छापेमारी के निर्देश दिए। संयुक्त टीम द्वारा बड़े पैमाने पर छापेमारी की गई। प्रशासन द्वारा की गई छापेमारी से खनन कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा।



संयुक्त टीम द्वारा तहसील लक्सर क्षेत्र स्थित स्टोन क्रेशरो पर शुक्रवार की देर रात्रि तक की गई छापेमारी में अवैध खनन एवम् भंडारण करने वाले 8 स्टोन क्रेशरों किसान स्टोन केशर ग्राम महतोली, गणपति स्टोन केशर ग्राम ज्वाहर खान उर्फ झींवरहेडी, वानिया स्टोन केशर, ग्राम महतोली, तुलसी स्टोन केशर ग्राम मुजपफपुर गुजरा, सूर्या स्टोन केशर ग्राम मुजफ्फपुर गुजरा,दून स्टोन केशर ग्राम महतोली, शुभ स्टोन केशर, ग्राम मुजफ्फपुर गुजरा, नेशनल एसोसियेट, ग्राम मुजफ्फपुर गुजरा को सीज करते हुए ईख्र रावन्ना पोर्टल भी बंद किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन एवम् भंडारण के विरुद्ध चल रही कार्यवाही जारी रहेगी और सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

### सीआईयू व सिविल लाइन पुलिस ने किया जाली नोट छपाई का पर्दाफाश

## छह लाख के जाली नोट बरामद, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में जाली नोटों के गैंग को पुलिस ने पकड़ा है। गैंग से छह लाख रुपये, प्रिंटर, केमिकल बोतल और चार फोन बरामद किए है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक कावड़ यात्रा में जाली नोट चलाने की प्लानिंग थी।

❖किराए का कमरा लेकर कावड़ यात्रा के लिए छापे जा रहे थे नकली नोट

❖ पुलिस ने प्रिंटर, केमिकल बोतल और चार फोन किए बरामद

रुड़की कोतवाली में प्रेसवार्ता कर एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बताया कि सोत बी चौकी पुलिस और सीआईयू को सूचना मिली की लक्ष्मी विहार कॉलोनी के पास एक किराए के कमरे में जाली नोट छापे जा रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने किराए के कमरे पर छापा मारा। जहां से पुलिस को छह लाख रुपये, प्रिंटर, केमिकल बोतल, चार फोन बरामद हुए। पुलिस ने बालेश्वर उर्फ बाली निवासी भोटावाली पांवटा साहिब जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश हाल



गांव हरीपुर हरबर्टपुर विकास नगर देहरादून, मनीष कुमार निवासी गांव कुड़ीनेत वाला रायसी कोतवाली लक्सर और हिमांशु निवासी वर्ल्ड बैंक कॉलोनी रुड़की को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसपी देहात शेखर चंद सुयाल, सीओ मंगलौर विवेक कुमार, सोत बी चौकी प्रभारी आनंद मेहरा, सीआईयू प्रभारी अंकुर शर्मा, एएस पंवार, कांस्टेबल सुरेश तोमर, मनोज सिंह और शूरवीर सिंह शामिल रहे। हरियाणा में बैठे आकाओं के इशारे पर चल रहा था खेल- प्राथमिक जांच पड़ताल में सामने आया कि हरियाणा का गैंग रुड़की में आकर जाली नोट तैयार करने में अहम भूमिका निभाता था। गैंग हरियाणा से रुड़की आकर किराए के कमरे में कागज, प्रिंटर और केमिकल से जाली नोट तैयार करता था। जिसके बाद नोट रुड़की के आसपास मार्केट में चलाए जाते थे। एक लाख के असली नोट पर बदले में चार लाख के जाली नोट मिलते थे। कपिल निवासी अर्बन स्टेट सेक्टर 4 जिला करनाल हरियाणा, दीपक कुमार निवासी कृष्ण नगर जिला हिसार हरियाणा, धर्मवीर बांगड़ निवासी काकडू जिला अंबाला हरियाणा, बलदेव निवासी गांव सरकाघाट खरसाल जिला मंडी हिमाचल प्रदेश और शुभम निवासी हरियाणा की तलाश जारी है।

## अवैध चाकू के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली पर भारी लकसर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराअधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वो पर कारवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया था 27 जून 2025 को लक्सर पुलिस के द्वारा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम गोविंद पुत्र अमर सिंह निवासी हरनमपुर गढ़ी रामपुर देहात बिजनॉर उत्तर प्रदेश बताया उसको पकड़ाने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल राजेंद्र सिंह होमगार्ड अमित कुमार शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### युवक पर लगाया किशोरी को भागने का आरोप

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने तहरीर देकर एक युवक पर अपनी किशोरी को बहला फुसलाकर भागकर ले जाने का आरोप लगाया हैं।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी हैं। कलियर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ।। जून को उसकी किशोरी को पड़ोस में रहने वाला एक युवक बहला फुसलाकर भगाकर ले गया हैं। उससे पहले भी युवक उसकी किशोरी को परेशान करता था। और उसे पहले भी कई बार भगाकर ले गया था। ।पीड़ित महिला ने पुलिस से आरोपी युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और अपनी किशोरी को तालाश करने की मांग की हैं।

## क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों ने किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वीर्य शौर्य क्रिकेट अकैडमी के सौजन्य से क्रिकेट अकैडमी के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने वृक्ष रोपण कार्यक्रम मे भाग लिया और पूरे मनोयोग से सहयोग दिया। इस अवसर पर वीर्य शौर्य क्रिकेट अकादमी के निर्देशक अवतार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में वृक्ष लगाकर अपनी धरती को मजबूती प्रदान करने में योगदान दे क्योंकि धरती पर जितने अधिक वृक्ष रहेंगे उतना पृथ्वी का वातावरण स्वस्थ रहेगा और पर्यावरण की दिशा मे लगातार सकारात्मक सफलता मिलेगी। वृक्ष रोपण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित खिलाड़ियों एवं सहयोगियों ने सामूहिक रूप से शपथ लेकर अपनी संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी के संरक्षक सुधांशु गोयल, अजय गोयल, वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी, अमन वर्मा, ग्राउंडमन बहादुर यादव बहादुर यादव, विशाल चौधरी, गिरीश रतूड़ी, हिमांशु, सोनी, गौरव ने सहयोग दिया।

### पांच लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा

**लक्सर।** पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। राजीव रौथाण कोतवाली पर भारी लकसर ने जानकारी देते हुए बताया ऑपरेशन लगाम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थो की अवैध तस्कारी बिक्री पर प्रभावि अंकुश लगाए जाने के ले निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर छापेमारी में तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम नीरज बताया।

## मोहर्रम की पहली तारीख के साथ मजलिसों का दौर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मोहर्रम की पहली तारीख के साथ ही या हुसैन की सदाओं के साथ मजलिसों का दौर शुरू हो चुका है। चांद दिखाई देने के साथ ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक मजलिसो का दौर शुरू हो गया हैं। क्षेत्र के बढ़ेडी राजपूतान में दरगाह हाफिज मोहम्मद इश्हाक रह० अलैहि० पर भी मजलिस ए इमाम हुसैन का गम मनाया गया। मजलिस में इमाम हुसैन के जीवन पर प्रकाश डाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। सैयद वासिफ हुसैन साबरी ने बताया कि मोहर्रम का चांद जैसे ही दिखाई दिया,इमाम हुसैन को चाहने वाले गम में डूब गए। हर तरफ या हुसैन की सदाएं बुलंद होने लगीं। इमाम ए हुसैन की कुर्बानी पूरी दुनिया के लिए मिसाल है। उन्होंने जुल्म के आगे घुटने नहीं टेके बल्कि अपने पूरे परिवार सहित 72 साथियों की कुर्बानी दी। उन्होंने कहा कि हुसैन किसी एक धर्म के नही है बल्कि हुसैन हर मजलूम और न्याय पसंद इंसान के हैं।

### लंढौरा में पौने चार करोड़ की लागत से बनेगी सड़कें

## चेयरमैन व ईआ ने किया सड़कों का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लंढौरा। लंढौरा में पौने चार करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद नसीम ने फीता काट कर बनने वाली सड़कों का उद्घाटन किया।

लंढौरा नगर पंचायत बोर्ड बैठक में पौने चार करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कराने का प्रस्ताव पास किया गया था। शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद नसीम, अधिशासी अधिकारी हेमंत गुप्ता ने बोर्ड सदस्यों के साथ फीता काट कर बनने वाली सड़कों का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के कस्बे का चहुमुखी विकास कराने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

अध्यक्ष डॉक्टर नसीम ने कहा कि कस्बे के बुनियादी विकास के लिए वह पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे और सभी क्षेत्र के लोगों में बिना भेदभाव काम किया जाएगा । उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद के साथजनता



ने उन्हें अध्यक्ष चुना है वह उसे परखरा उतरने और जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए ईमानदारी से कोशिश करेंगे । इस दौरान हाजी सलीम अहमद, सभासद समीर शामद, फरमान, राजेश वालिया, अजीत सिंह, मुजम्मिल, असलम, अनिल कुमार, रब्बान, लिपिक अब्दुल रहमान आदि लोग मौजूद रहे।

## दो बार माउंट एवरेस्ट फतेह करने वाले अंकुर सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की** दूसरी बार माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने वाले अंकुर रावत के स्वागत में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने उनकी प्रतिभा की सराहना की।

सिविल लाइंस स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में मेयर अनीता अग्रवाल, समाज कल्याण अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल,माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति,गन्ना राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी एवं भाजपा नेता अक्षय प्रताप ने संयुक्त रूप से माउंट एवरेस्ट समेत दुनिया की 27 ऊंची पर्वत चोटियों पर चढ़ाई करने वाले सूबेदार अंकुर रावत का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि शहर और प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि अंकुर रावत आज दुनिया के पर्वतारोही में एक हैं। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किए है। पूर्व प्रधान कमला बमौला ने कहा कि सरकार को इस युवा का सम्मान करना चाहिए। ताकि अन्य युवा भी इससे प्रेरणा ले। पर्वतारोही अंकुर रावत ने एवरेस्ट चढ़ाई के अनुभव साझा करते हुए वहां की वीडियो की एक प्रस्तुति दी। जिसमें उनके द्वारा 2005 से अब तक की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मई 2025 में देशभर के 17 लाख एनसीसी कैडेट्स में से चुने गए दस कैडेट्स को अपने नेतृत्व में एवरेस्ट चोटी तक पहुंचाया। इस अवसर पर अंकुर रावत की माता आनंदी देवी,पिता नारायण सिंह रावत,पत्नी सुनीता रावत, सास मुन्नी बिष्ट,ससुर सिक्कम सिंह बिष्ट,गढ़वाल सभा अध्यक्ष राजन सिंह बिष्ट,ललित मोहन



अग्रवाल,पार्षद प्रतिनिधि सुरज नेगी,पंकज नंदा,पूजा नंदा,सुशील रावत,विजय रावत,मांगेराम प्रजापति आदि मौजूद रहे। **अंकुर रावत की उपलब्धियां.** ..रुड़की के विनीत नगर निवासी अंकुर रावत ने 19 मई 2016 में पहली बार माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराया,16 मई 2019 को दुनिया की पांचवीं सबसे ऊंची चोटी माउंट मकालू फतेह की,18 मई 2025 दूसरी बार माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराया ,देश विदेश की 27 ऊंची पर्वत चोटियों पर तिरंगा फहराया,कश्मीर से कन्या कुमारी तक 21 दिनों में 3780 किलोमीटर साईकिल यात्रा की,इसके अलावा लक्षद्वीप के कवारती द्वीप पर समुद्र तल में स्कूबा ड्राइविंग करते हुए तिरंगा फहराया।

# भारतीय सेना ने दिखाई जबरदस्त रणनीतिक कुशलता

## भारत-फ्रांस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

**पेरिस।** भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति-VIII दोनों देशों की सेनाओं के बीच रणनीतिक सहयोग और परिचालन स्तर की तालमेल को और मजबूत कर रहा है। यह अभ्यास फ्रांस के दक्षिणी हिस्से में स्थित कैंप लारजैक, ला कावालरी में आयोजित किया जा रहा है।

इस अभ्यास में भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के करीब 90 सैनिक भाग ले रहे हैं, जबकि फ्रांसीसी सेना की ओर से 13वीं डेमी-ब्रिगेड डे लेजियन एत्रांजेरे (विदेशी सेना ब्रिगेड) हिस्सा ले रही है। ये सैन्य युद्ध अभ्यास शहरी और अर्ध-विकसित इलाकों में किया गया। इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए। ये सभी अभ्यास वास्तविक युद्ध स्थितियों के अनुरूप किए गए, जिससे सैनिकों की रणनीतिक लचीलापन और फुर्ती

- भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के करीब 90 सैनिक भाग ले रहे
- इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए

में सुधार हुआ। इस कड़ी में विशेषज्ञ टीमों ने रेडियो सिग्नल पकड़ने, उन्हें जाम करने, स्पेक्ट्रम नियंत्रण और ड्रोन निष्क्रिय करने जैसे आधुनिक तकनीकों का अभ्यास किया। इससे दोनों सेनाओं की आधुनिक युद्धक्षेत्र में काम करने की क्षमता को मजबूती मिली। इस अभ्यास का विशेष आकर्षण रहा चार दिन यानी 96 घंटे तक चलने वाला हाई-इंटेंसिटी फील्ड ऑपरेशन। इसमें दोनों देशों की सेनाओं ने एक साथ मिलकर बहु-आयामी युद्ध परिदृश्य को अंजाम दिया। इस दौरान सैनिकों की सहनशक्ति, फैसले लेने की क्षमता और नेतृत्व कौशल की परीक्षा ली गई। भारत के फ्रांस और मोनाको में राज. दूत संजीव सिंगला ने कैंप का दौरा कर भारतीय सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने सैनिकों की प्रोफेशनलिज्म की सराहना की और भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग में उनके योगदान को अहम बताया। उनके दौरे ने सैनिकों का मनोबल और बढ़ाया। शक्ति-VIII अभ्यास से यह साबित हो गया है कि भारत और फ्रांस की सेनाएं एक-दूसरे से बेहतर तरीके से समन्वय कर सकती हैं। इस अभ्यास ने रणनीतिक विश्वास, तकनीकी समझ और संयुक्त अभियान क्षमता को नई ऊंचाई दी है। यह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

# अमेरिका के साथ बातचीत जटिलः मार्क कार्नी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को अमेरिका के साथ बात. चीत को 'जटिल' बताया। कार्नी ने अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा संभावित नए टैरिफ में कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ता समाप्त करने की घोषणा पर यह बात कही। उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा कि हम कनाडाई लोगों के सर्वोत्तम हित में इन जटिल बातचीत को जारी रखेंगे। यह एक वार्ता है। ट्रम्प ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमरीकी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर कनाडा के डिजिटल सेवा कर के कारण अमेरिका कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ता समाप्त कर देगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अमरीकी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर कनाडा का डिजिटल सेवा कर अमेरिका पर एक सीधा और स्पष्ट हमला है। 30 जून से लागू होने वाले डिजिटल सेवा कर के तहत अमेज़ॅन, गूगल, मेटा, उबर और एयरबीएनबी अमरीकी कंपनियों को कनाडा के उपयोगकर्ताओं से होने वाले राजस्व पर तीन प्रतिशत शुल्क देना होगा।



नई दिल्ली। गाजीपुर व सब्जी मंडी के बाहर जलभराव वाली सड़क से गुजरते यात्री।

## संक्षिप्त समाचार

FbIYe°-B°XSXF‡F IZY ¶Fe¤F WX‰FFB°X

**इस्तांबुल।** तुर्की के परिवहन एवं बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुलकादिर उरलोग्लू ने कहा है कि तुर्की और ईरान के बीच हवाई यात्रा 15 दिनों के बाद आंशिक रूप से फिर से शुरू हो गई है। यह रोक ईरान-इज़रायल संघर्ष के कारण लगी थी। मंत्री उरालओग्लू ने बताया कि ईरान के पूर्वी शहर मशहद से इस्तांबुल के लिए ईरानी एयरलाइंस की उड़ानें 27 जून से फिर से शुरू हो गई हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि तुर्की-ईरान के बीच 15 दिन बाद हवाई यात्रा की ये आंशिक बहाली है। इसके अलावा, पश्चिमी ईरान में स्थित तेहरान और तबरीज़ शहरों से हवाई यात्रा दो जुलाई तक बंद रहेगी। मंत्री ने कहा कि ईरान में युद्ध के कारण जो विमान फंस गए हैं उन्हें विशेष परमिट के साथ वापस लौटने की अनुमति देने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

dRY»Fe·Fe F ,FZ

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस के तटवर्ती जलक्षेत्र में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलीपीन ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने यह जानकारी दी है। संस्थान ने बताया कि स्थानीय समयानुसार आज सुबह 7:07 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 मापी गई। उन्होंने बताया कि दावो ऑक्सिडेंटल प्रांत के सारंगनी शहर से लगभग 85 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में आए भूकंप की गहराई 79 किलोमीटर पर थी। संस्थान ने कहा कि भूकंप से सुनामी का खतरा नहीं है। भूकंप से किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

¤FFBX‡FF B°X MX‡F° E„FSX»FFBaX F ,FZ

**बीजिंग।** चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के पूर्व अध्यक्ष लियू शाओयोंग के खिलाफ अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघनो के कथित आरोपो के तहत जांच की जा रही है। आज जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार लियू के खिलाफ कथित आरोपो की जांच चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग और राष्ट्रीय पर्यवेक्षण आयोग कर रहा है। वह कंपनी के प्रमुख पार्टी सदस्य समूह के सचिव के रूप में भी काम कर चुके हैं।

BXMX»Fe ,FZ •Fe¿FflF ƒF,Fe° IZY ¤F»F FZ

**रोम।** इटली में भीषण गर्मी के कारण रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इटली के अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज और अगले सप्ताहांत के लिए रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया कि रेड अलर्ट वाले शहरों की संख्या आज बढ़कर 17 और रविवार तक 21 हो जाने का अनुमान है। इटली के मौसम निगरानी केन्द्र इल मेटियो की एक रिपोर्ट के अनुसार इटली में औसत तापमान बढ़कर 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया है जबकि 50 साल पहले यह 14.6 डिग्री सेल्सियस था।

IZ Y i·FFO XF ,FZ ¶FFaf»FFQZVFe

**केन्द्रपाड़ा।** ओडिशा में पुलिस ने प्रशासन के सहयोग से केंद्रपाड़ा जिले के महाकालपाड़ा और राजनगर क्षेत्रों में रह रहे बंगलादेशी घुसपैठियों की पहचान का काम शुरू कर दिया है। जाम्बू मरीन थाना क्षेत्र के टुबी और सान इलाकों में बंगलादेशी नागरिक होने के संदेह में करीब 12 बंगाली भाषी लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनके दस्तावेज़ों की जांच जारी है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने नौ जून को केंद्रपाड़ा दौरे के दौरान अवैध बंगलादेश घुसपैठियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस और जिला प्रशासन ने घुसपैठियों की पहचान के लिए अभियान शुरू किया है।

# सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दे रहा इजरायलः यूएन

## गाजा में राहत सामग्री वितरण के दौरान हो रही मौतों को बनाया मुद्दा, आईडीएफ के हमलों में 34 की मौत

**संयुक्त राष्ट/तेल अवीव।** गाजा में राहत सामग्री वितरण के दौरान हो रहीं मौतों पर संयुक्त राष्ट्र ने इजरायल पर बड़ा आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा कि इजरायल सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दे रहा है। इजरायल को गाजा में संयुक्त राष्ट्र की मानवीय सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करनी चाहिए।

आरोप है कि पिछले एक महीने में जब से गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) ने खाने के पैकेट बांटना शुरू किया है, तब से अब तक 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। हालांकि इजरायल की सेना और जीएचएफ ने आरोपों से इन्कार किया है। वहीं गाजा में इजरायल के हमलों में 34 लोगों की मौत हो गई।

इजरायल के एक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया था कि इजरायली सैनिकों को गाजा में राहत सामग्री पाने की कोशिश कर रहे फलस्तीनियों पर गोली चलाने का आदेश मिला है। रिपोर्ट में कहा गयश कि जब लोग राहत केंद्रों की ओर जा रहे होते हैं तो उन पर फायरिंग की जाती है। इस मामले में फलस्तीन के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (यूएनडब्ल्यूआरए) के प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने कहा कि नई सहायता वितरण प्रणाली एक हत्या का मैदान बन गई है, यहां लोगों को भोजन प्राप्त करने का प्रयास करते समय गोली मार दी जाती है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि इस घृणित कार्य को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अन्य स्थानों से मानवीय सहायता प्रदान कर समाप्त किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि लोग केवल अपना और अपने परिवार का पेट भरने की कोशिश में मारे जा रहे हैं। भोजन की खोज कभी भी मौत की सजा नहीं होनी चाहिए।

वहीं चिकित्सा चैरिटी संस्था डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (एमएसएफ) ने जीएचएफ राहत प्रयास को मानवीय सहायता के नाम पर नरसंहार कहा। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र के आरोपों और मीडिया रिपोर्ट को खारिज किया है। पीएम नेतन्याहू ने इस रिपोर्ट की निंदा करते हुए इसे दुर्भावनापूर्ण और झूठा बताया। नेतन्याहू ने कहा कि इस प्रकार की रिपोर्ट इजरायली सेना को बदनाम करने के लिए फैलाया जा रहा है। वहीं गाजा में इजरायल के हमलों में 34 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि हमले शुक्रवार देर रात शुरू हुए और शनिवार सुबह तक जारी रहे। वहीं गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम में 12 लोगों की मौत हो गई। यहां पर विस्थापित लोगों को शरण दी गई थी। इसके अलावा अपार्टमेंट में रहने वाले आठ अन्य लोगों की मौत हो गई।

उधर, दक्षिणी गाजा में मुवासी स्थित उनके तंबू पर हुए हमले में छह अन्य लोग मारे गए। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह युद्ध विराम समझौता हो सकता है। वहीं इजरायली रक्षा बल(आईडीएफ) ने शुक्रवार रात को मध्य गाजा के नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की। आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाई आद्रेई ने यह चेतावनी जारी की। उन्होंने कहा, गाजा पट्टी के नुसेरात, अल-जहरा और अल-मुगरका क्षेत्रों के सभी निवासियों के लिए यह चेतावनी है। इसके साथ ही उत्तरी तटीय इलाकों के निवासियों (अल-नुज्हा, अल-बादी, अल-बुसमा, अल- जहरा, अल-बुस्तानइम, बद्र, अबू हुरैरा, अल-रूदा और अल-सफा) के लिए भी यह संदेश है।

आईडीएफ ने एक बयान में बताया कि इन इलाकों में आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों को खत्म करने के लिए सेना पूरी ताकत से अभियान चला रही है। बयान में कहा गया, हम उन सभी ठिकानों को निशाना बनाएंगे, जहां से रॉकेट छोड़े जा रहे हैं या जिनका उपयोग आतंकवादी कर रहे हैं। आईडीएफ के बयान में कहा गया कि नागरिक इन क्षेत्रों को तत्काल खाली करें। बयान में कहा गया, अपनी सुरक्षा के लिए आप तुरंत दक्षिण की ओर अल-मवासी क्षेत्र की तरफ चले जाएं और कृपया खतरे वाले इलाकों में वापस न लौटें।


इजरायली रक्षा बल आईडीएफ की चेतावनीः मध्य गाजा खाली करें, खतरनाक इलाकों में न लौटें

### गाजा में हमास की छुट्टी, UAE की एंट्री, क्या पलटने वाली है बाजी!

**गाजा।** इजरायल ने युद्धविराम के बाद गाजा पर भीषण बमबारी शुरू कर दी है, जिसमें 74 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। यह हमला ट्रम्प के 'ड्रीम गाजा' प्लान से जुड़ा प्रतीत होता है, जिसमें गाजा को एक आधुनिक पर्यटन स्थल में बदलने की कल्पना है। इस योजना में अब्राहम समझौते का विस्तार भी शामिल है, जिसमें कुछ अरब देशों को गाजा के प्रशासन की जिम्मेदारी सौंपने की बात हो रही है, लेकिन यह सपना गाजा के लोगों के खून और विनाश पर खड़ा दिखाई दे रहा है। ये सब कुछ गाजा को समतल करने के लिए किया जा रहा है ताकि वहां डोनाल्ड ट्रम्प का 'ड्रीम गाजा' खड़ा किया जा सके। वही गाजा, जिसका एआई वीडियो ट्रम्प ने कुछ महीने पहले सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इस वीडियो में गाजा को एक शानदार, चमचमाते टूरिस्ट डेस्टिनेशन की तरह दिखाया गया है, जहां मलबे की जगह फाइव स्टार होटल हैं, रेनबो फाउंटेन हैं और समंदर के किनारे पार्टी चल रही है। वीडियो में ट्रम्प की एक सोने की विशाल मूर्ति दिखाई गई है, एलन मस्क डॉलर की बारिश में नाचते हुए दिखते हैं और नेतन्याहू के साथ ट्रम्प समंदर के किनारे जूस के गिलास टकराते भी नजर आते हैं।

# जंग में मारे गए 60 ईरानी अफसर सुपुर्द-ए-खाक

**तेहरान।** इजरायल के साथ 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान मारे गए 60 ईरानी अफसरों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। इनमें 30 सैन्य कमांडर्स और 11 परमाणु वैज्ञानिक शामिल हैं। तेहरान में इनके जनाजे में हजारों लोगों की भीड़ जुटी है। जिन लोगों को दफनाया जाएगा, उनमें ईरान के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी मोहम्मद बाघेरी भी शामिल हैं। वे ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ थे।

अफसरों के शवों को गाड़ियों पर ईरानी झंडे में लिपटे ताबूतों में रखे थे। ताबूतों के साथ अफसरों की तस्वीरें भी रखी थीं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची, पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाकर कलीबाफ, ज्युडिश्यरी चीफ मोहसेनी-एजेई, आईआरजीसी कुद्स फोर्स कमांडर इस्माइल कानी सहित कई बड़े नेता और सैन्य अधिक. ारी भी जनाजे में पहुंचे हैं। ईरान और इजरायल के बीच 12 जून को जंग शुरू हुई थी। अमे. रिका ने 22 जून को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। दो दिन बाद, 24 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर ईरान-इजरायल के बीच सीजफायर का ऐलान किया था।



- जनाजे में हजारों लोग पहुंचे ईरानी विदेश मंत्री, स्पीकर सहित बड़े नेता भी शामिल

# ईरान जंग के बाद अब गाजा वॉर खत्म करेंगे ट्रम्प

## बोलेः एक हफ्ते के भीतर सीजफायर संभव, फिर अलापा भारत-पाक संघर्ष रुकवाने का राग

**वाशिंगटन।** ईरान जंग रुकवाने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्ध खत्म करवाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमें लगता है कि अगले हफ्ते के भीतर सीजफायर हो जाएगा।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस स्थित अपने ऑफिस ओवल आफिस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैंने सीजफायर कराने की कोशिश में शामिल कुछ लोगों से बात की है। मुझे लगता है कि यह बहुत करीब है। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि उन्होंने किससे बात की है। इसके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने का भी क्रेडिट लिया। उन्होंने कहा कि मैंने अपने अधिकारियों से दोनों देशों के साथ सभी समझौते रद्द करने के लिए कहकर भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोक दिया था। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि सभी ने देखा कि भारत-पाकिस्तान एक बड़ी जंग के कगार पर थे। दोनों के पास परमाणु ताकत है। मैंने दोनों को धमकी दी कि अगर जंग नहीं रुकी तो अमेरिका दिल्ली और इस्लामाबाद के साथ व्यापार नहीं करेगा। तब जाकर दोनों लड़ाई रोकने के लिए राजी हुए। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक एकदूसरे पर ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद 10 मई को सीजफायर हुआ था। ट्रम्प ने सबसे पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इसकी जानकारी दी थी। तब से वे 15 बार से ज्यादा बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म कराने का दावा कर चुके हैं। हालांकि, भारत लगातार यह कहता रहा है कि सीजफायर पर सहमति भारत-पाकिस्तान के सेनाओं के सैन्य संचालन महा. निदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद हुई थी। हालांकि, पाकिस्तान ने कई बार राष्ट्रपति ट्रम्प को सीजफायर का क्रेडिट दिया है। पिछले हफ्ते पीएम मोदी ने ट्रम्प के साथ लगभग 35 मिनट फोन काल पर बात की की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि मोदी ने ट्रम्प से कहा कि भारत तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को कभी स्वीकार नहीं करेगा और सीजफायर को लेकर पाकिस्तान की तरफ से पहल की गई थी।

### गाजा में अब तक 56 हजार फलस्तीनियों की मौत, हमास और इजरायल के बीच 21 महीने से संघर्ष जारी

गाजा में 21 महीने से जंग, 56 हजार फलस्तीनियों की मौत हमास-इजरायल के बीच 21 महीने से संघर्ष जारी है। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला कर दिया था। इजरायली आंकड़ों के अनुसार, इस हमले में 1,200 लोग मारे गए और 251 बंधक बनाए गए थे। हमास ने यह हमला इजरायल के कब्जे, गाजा की नाकाबंदी और हजारों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग के लिए किया था।

# पाकिस्तान के खैबर प्रांत में सुसाइड अटैक

## 13 सैनिकों की मौत, 29 घायल, हमलावर विस्फोटकों से लदी गाड़ी लेकर फौजी काफिले से टकराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को एक आत्मघाती हमलावर ने सैन्य काफिले को निशाना बनाया। इसमें 13 सैनिक मारे गए। जबकि 10 सैनिक और 19 नागरिक घायल हो गए। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक हमलावर ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी सैन्य काफिले में घुसा दी थी।

खैबर पख्तूनख्वा में तैनात एक पुलिस अधिकारी ने एएफपी को बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि दो घरों की छतें गिर गईं, जिससे छह बच्चे घायल हो गए। इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी पाकिस्तान-तालिबान (टीटीपी) से जुड़े हाफिज गुल बहादुर ग्रुप ने ली है। खैबर प्रांत को टीटीपी का गढ़ माना जाता है। टीटीपी के हमले में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने वाले मोइज अब्बास की भी मौत हो गई। टीटीपी के हमले में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने वाले मोइज अब्बास की भी मौत हो गई। आतंकी संगठन टीटीपी ने 24 जून को दक्षिणी वजीरिस्तान में पाकिस्तानी आर्मी पर हमला किया था, जिसमें 2 आर्मी अफसर मारे गए। इनमें से एक पाकिस्तानी कमांडर मोइज अब्बास भी था, जिसने भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पकड़ा था। बालाकोट में एयर स्ट्राइक के अगले दिन 27 फरवरी को पाकिस्तानी वायुसेना ने भारतीय सीमा में दाखिल होने की को. शिश की थी। जवाब में भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन चलाया था। तब विंग कमांडर अभिनंदन ने मिग-21 बाइसन फाइटर जेट से पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया था। हालांकि उनका विमान पाकिस्तानी सीमा में गिर गया था। पाकिस्तानी आर्मी ने अभिनंदन को कैद कर लिया था। वहीं पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में स्वात नदी में अचानक आई बाढ़ में 17 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग लापता है। मरने वालों में 9 लोग एक ही परिवार के थे। जिला प्रशासन के मुताबिक 17 लोगों का एक परिवार स्वात नदी के किनारे पिकनिक मनाने के लिए आया था। लोग नदी में तस्वीरें ले रहे थे, तभी अचानक बाढ़ आ गई। उनके रिश्तेदार बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वे भी बाढ़ में फंस गए।

- पाकिस्तान में बाढ़ से 17 की मौत एक परिवार के नौ लोगों की जान गई

# भारत की आपत्ति के बाद बैकफुट पर बांग्लादेश

**ढाका।** ढाका में एक मंदिर पर बुलडोजर एक्शन को लेकर भारत की आपत्ति के बाद बांग्लादेश बैकफुट पर आ गया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मामले पर सफाई दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह सभी समुदायों के अधिकारों की रक्षा और पूजा स्थलों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन सार्वजनिक भूमि पर धार्मिक संरचनाओं का निर्माण स्वीकार नहीं है।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने दावा किया कि ढाका के खिलखेत क्षेत्र में स्थित मंदिर बांग्लादेश रेलवे की जमीन पर बनाया गया था और सार्वजनिक भूमि को पुनः प्राप्त करने के लिए उचित प्रक्रिया के तहत इसे हटाया गया। इसमें आरोप लगाया गया है कि मंदिर की शुरुआत एक अस्थाई मंडप के रूप में हुई थी। आयोजकों ने बार-बार याद दिलाने के बावजूद अस्थाई ढांचे को स्थाई बनाने का प्रयास किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि 26 जून को बांग्लादेश रेलवे ने खिलखेत क्षेत्र में रेल पटरी के किनारे बनी सभी अनधिकृत संरचनाओं को शांतिपूर्ण तरीके से हटा दिया। हालांकि देश के कानून सभी पूजा स्थलों को कानून के साथ किसी भी अंतर्निहित अनुरूपता के आधार पर भेदभाव किए बिना पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, लेकिन किसी भी परिस्थिति में किसी को भी सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करके कोई धार्मिक संरचना बनाने की अनुम. ति नहीं है। बांग्लादेश पूजा स्थलों की सुरक्षा सहित सभी समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। बांग्लादेश रेलवे प्रशासन ने गुरुवार को ढाका के खिलखेत इलाके में बने अस्थाई दुर्गा मंदिर को गिरा दिया था। प्रशासन का दावा था कि मंदिर रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था। मंदिर गिराने की यह कार्रवाई ऐसे वक्त हुई जब तीन दिन पहले ही भीड़ ने मंदिर हटाने की मांग की थी। दुर्गा मंदिर को ढहाने को लेकर भारत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हमें जानकारी मिली है।

- मंदिर पर बुलडोजर एक्शन को लेकर यूनुस सरकार ने दी सफाई

# मेरा ऐसा रूप जिसे मैंने खुद भी अब तक नहीं देखा था: रश्मिका मंदाना





**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना फिल्म मैसा में काम करती नजर आएंगी। रश्मिका मंदाना देशभर में जबरदस्त फैनबेस एन्जॉय करती हैं और फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं कि वो आगे क्या करने वाली हैं। कल रिलीज हुए दिलचस्प पोस्टर के बाद, रश्मिका मंदाना की अगली फिल्म मैसा का जोरदार लॉन्च हुआ। पुष्पा 2: द रूल के बाद रश्मिका एक और पैन इंडिया फिल्म मैसा के साथ तैयार हैं। अनुर्मूला फिल्म्स के बैनर तले बनी मैसा एक ऐसी कहानी लग रही है जिसमें एक महिला योद्धा की हिम्मत और जज्बे को दिखाया गया है। फिल्म का पोस्टर वाकई अब तक कभी न देखा गया लुक देता है, जिसमें रश्मिका मंदाना के चेहरे का तेज और जज्बा साफ नजर आता है।

प्रोडक्शन हाउस ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, हौसले में पली। इरादों में अडिग। वो दहाड़ती है। सुनने के लिए नहीं, डराने के लिए। पेश हैं/रश्मिका मंदाना अपने सबसे तीखे अवतार में मैसा में। रश्मिका मंदाना इस प्रोजेक्ट को लेकर खुद भी काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। उन्होंने फिल्म का टाइटल और लुक अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए एक खास कैप्शन लिखा, मैं हमेशा आपको कुछ नया, कुछ अलग, कुछ रोमांचक देने की कोशिश करती हूं और यह वैसा ही एक प्रोजेक्ट है। एक ऐसा किरदार जो मैंने पहले कभी नहीं निभाया। एक ऐसी दुनिया जहां मैं पहले कभी नहीं गई और मेरा ऐसा रूप जिसे मैंने खुद भी अब तक नहीं देखा था। यह गुस्से से भरा है। बहुत दमदार है और बिलकुल असली है। मैं थोड़ी घबराई हुई हूं लेकिन बहुत खुश भी हूं। मैं सच में इंतजार नहीं कर सकती कि आप सब देखें हम क्या बना रहे हैं और यह तो बस शुरुआत है। मैसा को लेकर बात करते हुए निर्देशक रविंद्र पुल्ले ने कहा, मैसा दो साल की मेहनत का नतीजा है। हम चाहते थे कि इस फिल्म की दुनिया, उसका लुक, किरदार और कहानी, हर एक चीज बिलकुल सही हो और अब हम यह कहानी दुनिया को सुनाने के लिए तैयार हैं।

# हर्ष और शिवांगी की जोड़ी के दीवाने हुए दर्शक



**मुंबई।** अभिनेत्री शिवांगी जोशी का कहना है कि हर्षद चोपड़ा का काम के प्रति समर्पण बेहद प्रेरणादायक है। लोकप्रिय टेलीविजन शो बड़े अच्छे लगते हैं का नया सीजन सिर्फ अपनी भावनात्मक कहानी के लिए ही नहीं, बल्कि अपने लीड पेयर हर्षद चोपड़ा यानि ऋषभ और शिवांगी जोशी यानि भाग्यश्री के बीच की लाजवाब रोमांटिक केमिस्ट्री के लिए भी दर्शकों के बीच खासा चर्चित हो रहा है, जहां दर्शक ऑन-स्क्रीन उनकी परफॉर्मेंस के दीवाने हैं, वहीं पर्दे के पीछे भी दोनों की आपसी सराहना देखने को मिल रही है।

हाल ही में शिवांगी जोशी ने हर्षद के साथ काम करने के अनुभव को लेकर अपने विचार साझा किए और अपने को-स्टार की सिर्फ तारीफ की। शिवांगी ने कहा, हर्षद सेट पर हर दिन एक अलग ही ऊर्जा लेकर आते हैं। उनका डेडिकेशन और टैलेंट वाकई प्रेरणादायक हैं। उनके अभिनय में एक सहजता है, जो हमारे सीन को और प्रभावशाली बना देती है। समय के साथ हमारे बीच एक खूबसूरत बॉन्ड बन गया है। हमारे बीच आपसी सम्मान और सहजता है, जो इमोशनल सीन को गहराई देने में बहुत मदद करती है। बड़े अच्छे लगते हैं का नया सीजन, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8:30 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनीलिव पर प्रसारित होता है।

# करण टैकर ने दुनिया के दूसरे सबसे ऊंचे मैन-हेड डैम पर किया था खतरनाक स्टंट



**मुंबई।** अभिनेता करण टैकर ने शो स्पेशल ऑप्स 2 में दुनिया के दूसरे सबसे उंचे मैन-मेड डैम पर खतरनाक स्टंट किया है। करण टैकर ने वर्ष 2020 में प्रदर्शित फिल्मकार नीरज पांडे की वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स में काम किया। इस सीरीज में करण ने खुफिया अधिकारी फारूक अली का किरदार निभाया था।

जिसे लोगो ने बेहद पसंद किया। करण टैकर अब स्पेशल ऑप्स 2 में नजर आएंगे। करण टैकर इस शो में दोबारा फ़ारूक़ अली की दमदार भूमिका में लौटे हैं और इस बार वो सिर्फ रॉ एजेंट नहीं, बल्कि एक इमोशनल योद्धा बनकर सामने आ रहे हैं। ओटीटी पर करण का ग्रैंड डेब्यू स्पेशल ऑप्स से ही हुआ था और फ़ारूक़ अली का किरदार उनके करियर का टर्निंग पॉइंट बना। जब शो के दूसरे सीजन का बज आसमान छू रहा है, तब करण टैकर ने एक हैरान कर देने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पहले स्पेशल ऑप्स सीजन एक के एक सीन के दौरान वो रो पड़े थे। करण टैकर ने बताया, पहले सीजन में एक सीन था, जहां मुझे 15-16 मंजिला बिल्डिंग की छत के किनारे खड़ा होना था।

जैसे ही मैं खड़ा हुआ, डर से कांपने लगा और बैठ गया। आंखों में आंसू आ गए। लेकिन फिर भी मैंने उस डर का सामना किया। करण टैकर ने बताया, लेकिन सीजन 2 में कहानी पलट गई। इस बार एक स्टंट था जिसे मैं खुद करना चाहता था। जब नीरज सर ने पूछा कि करना है या नहीं, तो मैंने लोकेशन देखना मांगा। और सामने निकला, दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा मैन-मेड डैम। मैंने खुद से कहा, अब तो करना ही है और जब किया, तो ऐसा सुकून मिला कि अब ऊंचाई से डर नहीं, एक्साइटमेंट होती है।

## सलमान खान ने अंग्रेजी लघु फिल्म इकोज ऑफ अस का टीजर शेयर किया

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अंग्रेजी लघु फिल्म इकोज ऑफ अस का टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। अंग्रेजी लघु फिल्म इकोज ऑफ अस से टेलीविजन प्रस्तुतकर्ता और गायिका यूलिया वंतूर अभिनय की दुनिया में कदम रख रही हैं। इस फिल्म का निर्माण पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर किया है। इस लघु फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। सलमान ने इंस्टाग्राम स्टोरी में इस फिल्म का टीजर शेयर किया है। टीजर में यूलिया वंतूर, दीपक तिजोरी और स्पेन की अभिनेत्री एलेजांड्रा वालन मरेडिज नजर आ रही हैं। सलमान ने फिल्म इकोज ऑफ अस का टीजर पनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया और लिखा, टीम को शुभकामनाएं। इस फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है। फिल्म कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल्स में धूम मचा रही है।

# फिर इतिहास लिखेगी हिरानी और आमिर खान की जोड़ी





**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान तीसरी बार फिल्मकार राजकुमार हिरानी के साथ काम करने जा रहे हैं। राजकुमार हिरानी का नाम आते ही दिमाग में एक ही बात आती है, 100 प्रतिशत हिट्स देने वाला निर्देशक। हिरानी ऐसे फिल्ममेकर हैं जिनकी कहानियां लोगों के दिलों में उतरती हैं और हर बार हंसी और इमोशन का परफेक्ट बैलेंस लेकर आती हैं। अब जब उन्होंने दादा साहेब फाल्के की बायोपिक बनाने का एलान किया है, तो उससे भी बड़ी बात ए है कि इसमें आमिर खान उनके साथ फिर से जुड़ने जा रहे हैं। 3 इडियट्स और पीके जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की ऐतिहासिक कामयाबी के बाद आमिर और हिरानी तीसरी बार साथ आ रहे हैं। इन दोनों फिल्मों को उनकी शानदार स्क्रिप्ट, गहराई से भरे इमोशंस और दमदार कहानी के लिए खूब सराहा गया था, जो इस जोड़ी की पहचान बन चुकी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में जब आमिर से पूछा गया कि क्या फाल्के की बायोपिक में भी ह्यूमर देखने को मिलेगा, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि राजू और अभिजात (जोशी, राइटर) की कॉमेडी की तरफ एक खास रुचि है और मेरी भी। हम तीनों को ह्यूमर बहुत पसंद है और मुझे लगता है कि यही वो जॉनर है जिसमें राजू सबसे ज्यादा कंफर्टेबल हैं: ड्रामा जिसमें ह्यूमर भी हो। तो ए फिल्म भी शायद उसी स्पेस में होगी। इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2025 से शुरू होगी। आमिर सितारे जमीन पर की रिलीज के बाद सीधे इसकी तैयारी में लग जाएंगे। फिल्म की कहानी जिस पुराने जमाने पर आधारित है, उसे असली जैसा दिखाने के लिए लॉस एंजेलेस की एक वीएफएक्स कंपनी ने एआई की मदद से सीन तैयार किए हैं।

# आमी डाकिनी ने मुझे सीमाओं से बाहर पहुंचाया: राची शर्मा

**मुंबई।** अभिनेत्री राची शर्मा का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो आमी डाकिनी के लिए उन्हें उनके किरदार के लिए अब तक जो प्रतिक्रिया मिली है वह अद्भुत है। शो आमी डाकिनी अपने गहन कथानक और रहस्यमई वातावरण के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रहा है।

इस कहानी के केंद्र में है डाकिनी, एक रहस्यमई पात्र, जिसकी खामोशी बहुत कुछ कहती है, नजरों से बेचैनी फैलती है और जिसकी मौजूदगी देर तक महसूस होती है। इस शो में मीरा का किरदार निभा रहीं राची शर्मा ने हाल ही में इस रोल के भावनात्मक और शारीरिक असर के बारे में खुलकर बात की।

अपने ग्रेस और प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाने वाली राची ने बताया कि आमी डाकिनी ने उन्हें ऐसी सीमा तक पहुंचाया जहां वो पहले कभी नहीं गई थीं। उन्होंने कहा, आमी डाकिनी अब तक के मेरे सभी प्रोजेक्ट्स से बिल्कुल अलग है।

यह पूरी प्रक्रिया बेहद तीव्र थी क्योंकि हर शॉट में हमसे बहुत ज्यादा भावनात्मक और शारीरिक भागीदारी की मांग थी। शूटिंग के दौरान मुझे कुछ छोटी-मोटी चोटें भी आईं, लेकिन सौभाग्य से कुछ गंभीर नहीं हुआ था। मुझे अपने निर्देशक का पूरा सहयोग मिला, जिसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। शो और मेरे किरदार के लिए अब तक मुझे जो प्रतिक्रिया मिली है।

वह वाकई अद्भुत है। आमी डाकिनी, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8:00 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनीलिव पर प्रसारित होता है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)